ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● श्रावण कृष्ण पक्ष 04 ● विक्रम संवत 2080 ● शनिवार, 05 अगस्त 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 183 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

नेहा धूपिया की पहल 'फ्रीडम टू फीड' का ... पेज 12 पर

NEWS इन ब्रीफ

प्रभाकर पांडेय को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा जेल

रांची। एटीएस के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शुक्रवार को हथियार आपूर्तिकर्ता लालू उर्फ प्रभाकर पांडेय को पेश किया गया। अदालत ने उन्हें 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया। प्रभाकर पांडेय पर नक्सली संगठन और आपराधिक गिरोहों को हथियार और गोली आपूर्ति का आरोप है। झारखंड एटीएस ने छापेमारी कर बिहार के नवादा जिले से लालू पांडे उर्फ प्रभाकर पांडेय को गुरुवार को गिरफ्तार किया था। इससे पूर्व एटीएस ने लालू उर्फ प्रभाकर का मेडिकल जांच कराया और कोर्ट में पेश किया। आरोपित पक्ष से अधिवक्ता बीरेंद्र प्रताप अदालत में मौजूद रहे।

प्रिंस खान गिरोह के दो अपराधी गिरफ्तार

रांची। आंतकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने कुख्यात अपराधी प्रिंस खान गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में डिम्पी उर्फ दानिश मल्लिक और तनवीर तस्लीम उर्फ किशन खान शामिल है। दोनों को धनबाद पुलिस के सहयोग से एटीएस ने गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से पांच मोबाईल फोन बरामद किया गया है। शुक्रवार को झारखंड पुलिस प्रवक्ता सह आईजी अभियान एवी होमकर ने बताया कि पुलिस मुख्यालय की ओर से दिये गये आदेश पर एटीएस लगातार कार्रवाई कर अपराधियों को गिरफ्तार कर रही है। इसी क्रम में एटीएस ने प्रिंस खान गिरोह के मुख्य सदस्य डिम्पी उर्फ दानिश मल्लिक को गिरफ्तार किया है। डिम्पी धनबाद के जमीन व्यवसायी शहजादा खान तथा नन्हें खान हत्याकांड का मुख्य आरोपित है।

मोनिका मुंडू करेंगी अपने मधुर स्वर से कार्यक्रम की शुरूआत

रांची। झारखंड की स्वर कोकिला कही जाने वालीं मोनिका मुंडू झारखंड आदिवासी महोत्सव में अपनी जादुई स्वर से मंत्रमुग्ध करेंगी। विभिन्न भाषाओं में अपनी पकड़ रखने वाली मोनिका मुंडू ने करीब एक हजार से म्यूजिक एल्बम्स में गाने गाए हैं। 1993 के दशक में शुरू हुआ मोनिका मुंडू का नागपुरी संगीत की दुनिया में स्वर्णिम दौर आज भी जारी है। मोनिका मुंडू ने फोलोरा, नदिया किनारे, न्यारी, हंसा जोड़ी जैसी कई बेहतरीन हिट नागपुरी म्यूजिक एल्बम में अपना स्वर बिखेर चुकीं हैं। इनकी प्रतिभा सिर्फ संगीत तक ही नहीं अपितु अभिनय की दुनिया में भी इन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। झारखण्ड के महेंद्र सिंह धोनी पर बनी फिल्म एम एस धोनी में इन्होंने किरदार निभाया है।

राज्य के 20 रेलवे स्टेशनों का पीएम कल करेंगे शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता। रांची

प्रधानमंत्री कल अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पूरे देश में 506 रेलवे स्टेशनों के आधारभूत संरचना का उन्नयन संबंधी कार्यों का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे। इसके तहत झारखंड में भी राजधानी रांची के हटिया रेलवे स्टेशन समेत राज्य के 20 रेलवे स्टेशनों का 886.70 करोड़ रुपये की राशि से इन स्टेशनों में बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ यात्रियों को हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास होगा। इस योजना के तहत हटिया स्टेशन के उन्नयन के लिए सर्वाधिक 355 करोड़ की राशि खर्च की जाएगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं राज्य 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति झारखंड में रेल सुविधाओं को बढ़ाने एवं आधारभूत संरचना के उन्नयन के लिए 20 स्टेशनों का चयन किए जाने पर आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार न सिर्फ आधारभूत संरचनाओं के माध्यम से बुनियादी सुविधाओं का विकास कर रही है, बल्कि उच्च कोटि की विश्व स्तरीय संरचना धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की प्रतिबद्धता न सिर्फ बुनियादी सुविधायें उपलब्ध कराने तक ही सीमित है बल्कि लोगों को विश्व स्तरीय रेल सुविधा उपलब्ध कराना भी है। राकेश प्रसाद ने आम लोगों से अपने निकटस्थ रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होने की भी अपील की।

कई स्टेशनों का होगा विकास

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हटिया के अलावा बोकारो स्टील सिटी में 33.5 करोड़, बड़काकाना रेलवे स्टेशन में 32.6 करोड़, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस-गोमो जंक्शन में 32.4 करोड़, घाटशिला स्टेशन में 31 करोड़, पारसनाथ स्टेशन में 30.4 करोड़, कोडरमा स्टेशन में 30.3 करोड़, राजखरसावां स्टेशन में 30 करोड़, डाल्टनगंज स्टेशन में 29.2 करोड़, साहिबगंज स्टेशन में 29 करोड़, हजारीबाग रोड स्टेशन में 28.1 करोड़, मनोहरपुर स्टेशन में 27 करोड़, पिस्का स्टेशन में 27 करोड़, कतरासगढ़ स्टेशन में 26.9 करोड़, चन्द्रपुरा स्टेशन में 26.5 करोड़, नगरऊंटारी स्टेशन में 26.3 करोड़, गढ़वा टाउन स्टेशन में 25.5 करोड़, लातेहार स्टेशन में 24.5 करोड़, गढ़वा रोड स्टेशन में 24.5 एवं कुमारडुबी रेलवे स्टेशन के लिए 17 करोड़ की राशि उपलब्ध करायी गई है।

पीएलएफआई के उग्रवादी निशान हुन्ना पूर्ति गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी

प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के सक्रिय सदस्य निशान हुन्ना पूर्ति को पुलिस ने मुरहू थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। उसके पास से 8600 रुपये नकदी, तीन कारतूस, पीएलएफआई का चंदा रसीद और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने शुक्रवार को कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया कि गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई का सक्रिय उग्रवादी मुरहू थाना क्षेत्र में लगने वाले हाट-बाजार से लेवी वसूल कर लेवी की रकम एरिया कमांडर टीरा बोदरा और राडुंग बोदरा उर्फ लंबू के पास पहुंचाने के लिए ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

मुख्यमंत्री ने विधानसभा में समापन अभिभाषण दिया, कहा

सिर्फ झारखंडियों को दूंगा रोजगार

राज्य सरकार विस्थापन आयोग, एससी एवं एसटी आयोग का भी गठन करेगी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड विधानसभा सत्र के समापन अभिभाषण में कहा कि मणिपुर में आदिवासी समाज का उत्पीड़न हो रहा है और वहां की सरकार मूकदर्शक बन तमाशा देख रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन संरक्षण नियमावली में पिछले वर्ष ग्राम सभा के अधिकार को छीन लिया गया और फिर लोकसभा के चल रहे मानसून सत्र में वन संरक्षण कानून में केंद्र सरकार ने ऐसे संशोधन कर दिए हैं कि भविष्य में आदिवासियों से उनका जंगल ही छीन लिया जाएगा। परंतु मैं न तो पिछले साल के ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

राज्य में 40 से 50 हजार पदों पर होगी नियुक्ति

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम हजारों पदों पर नियुक्ति कर चुके हैं, वहीं और 40 से 50 हजार पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया को आगे बढ़ा चुके हैं। मैं इस बात की गारंटी देता हूं कि सिर्फ और सिर्फ झारखंडियों को ही रोजगार एवं स्वरोजगार दूंगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार अपराध पर पूर्ण नियंत्रण के लिए पूरी तरह से कटिबद्ध है। डीजीपी एवं पुलिस के बड़े अधिकारियों को हमने साफ कह रखा है कि अपराध पर किसी भी हालत में लगाम लगाएं, इसमें आप को खुली छूट है एवं किसी का पैरवी भी आपको नहीं सुनना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मणिपुर में हजारों घर जला दिए गए सैकड़ों लोगों की हत्या कर दी गई है परंतु, सरकार नाम मात्र के लिए एफआईआर दर्ज की है वह भी माननीय सर्वोच्च न्यायालय से फटकार लगने के बाद।

युवा नेता सुभाष मुंडा की नृशंस हत्या से दुःखी और मर्माहत हूं

सीएम ने कहा कि मैं बहुत ही दुःखी और मर्माहत हूं, युवा नेता सुभाष मुंडा की नृशंस हत्या कर दी गई। सीएम ने कहा कि उनके हत्यारों को पुलिस द्वारा पकड़ा जा चुका है। इस घटना में शामिल किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। परंतु कुछ राज्यों में ऐसा क्यों नहीं हो पा रहा है, मोनू मानेसर को हरियाणा पुलिस क्यों नहीं गिरफ्तार कर पा रही है।

विस : स्वास्थ्य विज्ञान विवि-झारखंड माल और सेवा कर विधेयक पास

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को प्रभारी मंत्री बन्ना गुप्ता ने सदन में झारखंड स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय विधेयक-2023 रखा, जो पास हो गया। प्रभारी वित्त मंत्री रामेश्वर झारखंड माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक-2023 पेश किया। ये विधेयक भी सदन से पास हो गया। हालांकि, भाजपा विधायकों ने इसमें वाइस चांसलर मुख्यमंत्री को बनाए जाने पर का विरोध किया। उन्होंने कहा कि इसमें राजभवन और सीएमओ में विवाद होगा और टकराव होगा। अमर बाउरी ने कहा कि यह राज्यपाल और संघीय व्यवस्था को ध्वस्त करने के लिए लाया जा रहा है। बन्ना गुप्ता ने कहा कि हमलोग एडवांस प्लानिंग वाले लोग हैं। बिहार में एनडीए की सरकार में तीन स्वास्थ, खेल और तकनीकी विश्वविद्यालय बिल लाया गया, जिसका वाइस चांसलर मुख्यमंत्री को बनाया हुआ अजीब बात है। बन्ना गुप्ता ने कहा कि यहां पर विरोध करते हैं और खुद नीति लाते हैं। हेल्थ साइंस के संसाधनों को राज्य में समृद्ध करने के उद्देश्य से यह विधेयक लाया गया है। यूनिवर्सिटी के जरिये राज्य में हेल्थ साइंस की पेशेवर शिक्षा को विकसित किया जाएगा। नर्सिंग, फामेर्सी, दंत चिकित्सा, फिजियोथेरेपी, पारा मेडिकल समेत कई विषयों की पढ़ाई होगी। रिसर्च से जुड़े विषयों को सुविधाजनक बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री इस यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति होंगे। वे ही दीक्षांत समारोह और शासी निकाय की बैठकों की अध्यक्षता करेंगे। विश्वविद्यालय में कुलपति, डिपार्टमेंट के डीन, रजिस्ट्रार, वित्त पदाधिकारी और परीक्षा नियंत्रक समेत कई पदों का सृजन होगा। पहले कुलपति की नियुक्ति मुख्यमंत्री के द्वारा की जाएगी। 70 वर्ष से कम उम्र के ही व्यक्ति को कुलपति नियुक्त किया जाएगा।

स्वास्थ्य सुविधा बेहतर बनाने के लिए 149 करोड़ की स्वीकृति

स्वास्थ्य विभाग के अधीन राज्य के विभिन्न अस्पतालों एवं स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों के इलाज और जांच के लिए दवा-मशीन की खरीदारी की जाएगी। वित्तीय वर्ष 2023-24 में इसकी आपूर्ति के लिए 149 करोड़ 82 लाख 28 हजार 480 रुपये की योजना की स्वीकृति दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के अवर सचिव और निदेशक प्रमुख राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे। जिलों के सिविल सर्जन और विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के प्रभारी भी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे जबकि राशि के नियंत्री पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे। सभी स्तर के जिला अस्पताल, अनुमंडल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र, अन्य स्वास्थ्य संस्थानों, वेयरहाउस, प्रयोगशालाओं, कार्यालयों एवं अन्य स्वास्थ्य संस्थानों (मेडिकल कॉलेज को छोड़कर) आवश्यक दवा मशीन उपकरण, सामग्री एवं आपूर्ति के मद में खर्च किया जाएगा।

ईडी ने जेल में छवि रंजन से पूछताछ की

स्मार्ट सिटी के सवालों पर विष्णु ने नहीं दिया स्पष्ट जवाब

प्रेम प्रकाश ने ट्रांसफर पोस्टिंग में उगाही की बात स्वीकारी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड जमीन घोटाले में ईडी ने शुक्रवार को जेल में बंद आईएएस अधिकारी व रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन से पूछताछ की। पूछताछ में छवि रंजन ने कोई नई जानकारी नहीं दी हैं। उन्होंने रिमांड के दौरान दिए बयान को ही दोहराया है। ईडी ने विष्णु अग्रवाल की गिरफ्तारी के बाद आए तथ्यों पर पूछताछ के लिए ईडी कोर्ट से पूछताछ की अनुमति मांगी थी। पूछताछ में छवि रंजन ने बताया है कि पुगडू और सिरमटोली की सेना की जमीन उनके कार्यकाल के पहले ही रजिस्ट्री हुई थी। दोनों ही जमीन की रजिस्ट्री 2018 में हुई थी, तब वह रांची के डीसी नहीं थे। वहीं रिमांड पर पूछताछ के दौरान विष्णु अग्रवाल ने स्मार्ट सिटी के सवालों पर चुप्पी साध ली। ईडी अधिकारियों ने विष्णु अग्रवाल से स्मार्ट सिटी में जमीन लेने से जुड़ी अनियमितता पर सवाल पूछे, साथ ही उनसे लाभान्वित होने वाले नेताओं या अफसरों के बारे में पूछा। हालांकि पूछताछ में ईडी को विष्णु अग्रवाल ने कोई खास सहयोग नहीं किया।

प्रेम ने खोले अफसरों के राज, पैसे किसे दिए नहीं बताया

ईडी ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में प्रेम प्रकाश से जमीन घोटाले में पूछताछ की। पूछताछ के दौरान जमीन घोटाले से जुड़े कुछ पहलुओं पर जानकारी दी, लेकिन अपनी संलिप्तता से सीधे तौर पर इनकार किया। प्रेम प्रकाश ने ट्रांसफर पोस्टिंग में उगाही की बात स्वीकार की। उसने बताया की किन किन अधिकारियों की पोस्टिंग में उसने पैसे उठाए, लेकिन ये पैसे किसे भेजे जाते थे, प्रेम ने ये बताने से इंकार कर दिया। जानकारी के मुताबिक, ईडी के अधिकारियों से खुद को बचाने की गुहार भी प्रेम ने लगाई। लेकिन ईडी के अधिकारियों ने उससे सच्चाई बताने को कहा तो वह चुप हो जाता था। ईडी ने दो दिनों तक प्रेम प्रकाश से पूछताछ की अनुमति कोर्ट से मांगी थी।

सुप्रीम कोर्ट ने राहुल की सजा पर लगाई रोक

ब्यूरो। नई दिल्ली

सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस पीएस नरसिम्हा व जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता व पूर्व सांसद राहुल गांधी की सभी चोरों का उपनाम मोदी क्यों होता है वाली टिप्पणी पर आपराधिक मानहानि मामले में उनकी सजा पर रोक लगा दी। उनकी दोषसिद्धि पर रोक के साथ, राहुल गांधी की सांसद के रूप में अयोग्यता भी अब स्थगित रहेगी। सर्वोच्च न्यायालय की इस पीठ ने आदेश कहा- भारतीय दंड संहिता की धारा 499 के तहत दंडनीय अपराध के लिए सजा अधिकतम दो साल की सजा या जुमार्ना या दोनों है। विद्वान ट्रायल जज ने अपने द्वारा पारित आदेश में अधिकतम दो साल की सजा सुनाई है। सिवाय इसके कि अवमानना की कार्यवाही में इस न्यायालय द्वारा याचिकाकर्ता को चेतावनी देते हुए कहा गया है कि विद्वान ट्रायल जज द्वारा दो साल की अधिकतम सजा सुनाते समय ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

फैसले की कॉपी मिलने के बाद लोस सचिवालय करेगा सांसदी बहाल

सर्वोच्च न्यायालय से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सभी ..मोदी चोर मामले में निचली अदालत से मिली दो वर्ष की सजा पर रोक के बाद उनकी लोकसभा सदस्यता कब तक बहाल होगी, इस बारे में पूर्व लोकसभा सचिव पीडीटी आचारी कहते हैं कि सजा पर रोक का मतलब है कि अब राहुल गांधी की सदस्यता बहाल हो जाएगी। नियम यही कहता है भले ही ये अंतरिम रोक क्यों न हो। इससे पहले भी ऐसा हो चुका है, जब किसी सांसद को निचली अदालत से सुनाई गई सजा की वजह से उनकी सदस्यता गई, लेकिन ऊपरी अदालतों के आदेश के बाद उनकी सदस्यता बहाल हो गई। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के अनुसार लोकसभा सचिवालय अधिसूचना जारी करेगा उसके बाद ही राहुल गांधी की सदस्यता बहाल हो पाएगी। इसके पहले लक्षद्वीप के सांसद मोहम्मद फैजल के मामले में केरल उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद चुनाव आयोग ने उनकी सीट पर उपचुनाव कराने का ऐलान कर दिया था। उसके बाद सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद लोकसभा सचिवालय ने फैजल की सदस्यता बहाल करने की नोटिफिकेशन जारी किया था। संविधान के अनुच्छेद-141 के तहत सर्वोच्च न्यायालय के आदेश सभी अदालतों और सरकारों के लिए सर्वोपरि होते हैं। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार लोकसभा की नोटिफिकेशन के साथ राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल हो जायेगी।

देश में सबसे ज्यादा वेतन और भत्ता पाएंगे झारखंड के विधायक

हर महीने 2.88 लाख, सुविधाएं बेशुमार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड के विधायक तनख्वाह और भत्तों के मामले में अब देश में सबसे अमीर होंगे। वेतन वृद्धि के लिए गठित विशेष समिति की रिपोर्ट लागू होते ही विधायकों को हर महीने तकरीबन 2.88 लाख रुपए मिलेंगे। देश के किसी भी राज्य के विधायक को फिलहाल वेतन-भत्ते के मद में इतनी रकम नहीं मिलती। फिलहाल, तेलंगाना के विधायकों को इस मद में सबसे ज्यादा हर महीने करीब 2.50 लाख रुपए मिलते हैं। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में ही पक्ष-विपक्ष के विधायकों ने सर्वसम्मति से वेतन वृद्धि का प्रस्ताव पारित किया था। इसी प्रस्ताव के आधार पर पांच विधायकों की विशेष समिति गठित की गई थी, जिसने विधानसभा के चालू सत्र में अपनी रिपोर्ट स्पीकर को सौंप दी है। वेतन वृद्धि की रिपोर्ट तैयार करने वाली समिति के अध्यक्ष भाजपा के वरिष्ठ विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी थे। जबकि, इसमें कांग्रेस के प्रदीप यादव, दीपिक पांडेय सिंह, झामुमो के समीर कुमार मोहंती और भाजपा के भानुप्रताप शाही शामिल थे। तय माना जा रहा है कि विशेष समिति की रिपोर्ट जल्द ही लागू कर दी जाएगी, क्योंकि सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष तक के विधायक इस पर एकमत हैं। झारखंड 15 नवंबर 2000 को अलग राज्य के तौर पर अस्तित्व में आया। इसके बाद से सातवीं बार विधायकों के वेतन-भत्ते में वृद्धि होने जा रही है। ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

विधायकों के वेतन-भत्ते इस प्रकार बढ़ेंगे :-

- ▸▸ वेतन 40 हजार रुपये मासिक से बढ़कर 60 हजार रुपये।
- ▸▸ सवारी भत्ता 3000 की जगह 5000 रुपये मासिक।
- ▸▸ क्षेत्रीय भत्ता 65 हजार रुपये की जगह 80 हजार रुपये।
- ▸▸ कार के लिए 20 लाख लोन (चार प्रतिशत ब्याज पर)।
- ▸▸ स्टेशनरी के लिए 10 हजार रुपये मासिक।
- ▸▸ दैनिक भत्ता 2000 रुपये राज्य में, और 2500 रुपये राज्य के बाहर।
- ▸▸ रेल, हवाई और पथ परिवहन के लिए 60 हजार का कूपन।
- ▸▸ चिकित्सा भत्ता आईएएस के समान।
- ▸▸ दूरभाष, मोबाइल, इंटरनेट के लिए सालाना एक लाख।
- ▸▸ उपस्कर एवं आवास सज्जा के लिए तीन लाख रुपये सालाना।
- ▸▸ समाचार पत्र-पत्रिकाओं के लिए 2000 की जगह 3000 प्रतिमाह।
- ▸▸ आवास (राज्य सरकार के नियमानुसार)।
- ▸▸ आयकर की राशि का भुगतान राज्य सरकार करेगी।
- ▸▸ 40 लाख का होम लोन (चार प्रतिशत ब्याज पर)।
- ▸▸ पूर्व विधायकों को पेंशन 50 हजार रुपया प्रतिमाह।
- ▸▸ पारिवारिक पेंशन, पेंशन राशि का 75 प्रतिशत।
- ▸▸ दिल्ली स्थित झारखंड भवन में 100 रुपये में कमरा।
- ▸▸ निजी परिसहाय को 15 हजार प्रतिमाह।
- ▸▸ कंप्यूटर-लैपटॉप के लिए एक लाख।

निजी सहायक को 50 हजार रुपये मासिक।

सरकार ने डीएसपी स्तर के पांच पदाधिकारियों का किया तबादला

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्य सरकार ने डीएसपी रैंक के पांच अधिकारियो का तबादला कर दिया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। बीएन सिंह को बेरमो एसडीपीओ बनाया गया है।

कौन कहां गए : राज्य पुलिस के डीएसपी स्तर के पांच पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया गया है।लोहरदगा के एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह को बेरमो एसडीपीओ बनाया गया है।जैप पांच के डीएसपी और देवघर साइबर अपराध थाना प्रभारी सुमित कुमार को एसडीपीओ डुमरी के पद पर पदस्थापित किया गया है।सीआईडी के डीएसपी जयप्रकाश नारायण चौधरी को एसडीपीओ गोड्डा, पदस्थापना के लिए प्रतीक्षारत डीएसपी सुदर्शन कुमार आस्तिक को डीएसपी एसीबी और एसीबी डीएसपी अरविंद कुमार सिंह को डीएसपी विशेष शाखा के पद पर पदस्थापित किया गया है।गृह विभाग की अधिसूचना के बाद पुलिस मुख्यालय ने मूवमेंट ऑर्डर निकाल कर अविलंब प्रभार ग्रहण करने का आदेश दिया है ,साथ ही वैसे पदाधिकारी जिनके स्थान पर अन्य का पदस्थापन हो गया है और उनका पदस्थापन कहीं नहीं किया गया, उन्हें पुलिस मुख्यालय में योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

जेपीएससी के चार अधिकारियों का भी तबादला : दूसरी तरफ सरकार ने जेपीएससी अधिकारियों का भी तबादला किया है। झारखंड लोक सेवा आयोग में उप सचिव के पद पर पदस्थापित नीरज कुमारी को कल्याण विभाग में संयुक्त सचिव बनाया गया है। संयुक्त सचिव लोकायुक्त कार्यालय रांची में पदस्थापित इश्तियाक अहमद को झारखंड लोक सेवा आयोग में उप सचिव बनाया गया है। सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी दुमका के पद पर पदस्थापित सरोजनी एनी तिर्की की सेवा राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग झारखंड रांची से वापस लेते हुए ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

जमीनी विवाद में हुई थी माकपा नेता सुभाष मुंडा की हत्या, तीन आरोपी हुए गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची। रांची पुलिस ने माकपा नेता सुभाष मुंडा हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। माकपा नेता सुभाष की हत्या जमीन विवाद में की गयी थी। हत्याकांड में बिनोद कुमार उर्फ कन्हैया, छोटू खलखो और अभिजीत कुमार पाड़ी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक लोडेड रिवाल्वर, एक शॉटगन, टेलीस्कोपिक लोडेड स्पोर्टिंग रायफल, एक पिस्टल, टोयटा एक फॉरचूनर गाड़ी और चार मोबाईल फोन बरामद किया गया है। रांची के एसएसपी किशोर कौशल ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में हत्याकांड का खुलासा किया। एसएसपी ने बताया कि 26 जुलाई को नगड़ी थाना के दलादली चौक के

समीप माकपा नेता सुभाष मुंडा की उनके व्यवसायिक कार्यालय में घुसकर अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। मामले में नगड़ी थाने में 27 जुलाई को एफआईआर दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिटी एसपी के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान दल का गठन किया गया। एसएसपी ने बताया कि अनुसंधान के क्रम मे पता हुआ कि इस हत्याकांड को जमीन विवाद को लेकर अंजाम दिया गया है। सुभाष मुण्डा जो मूलतः जमीन कारोबारी थे, का विवाद दलादली मौजा स्थित 119 डीसमिल के भूखंड के स्वामित्व को लेकर लालगुटवा के रहने वाले जमीन कारोबारी छोटू खलखो उर्फ छोटू उरांव के साथ था। इसके पूर्व भी 90 डीसमिल जमीन जो छोटू खलखो की ओर से एग्रीमेंट किया गया था उस पर भी मृतक के साथ विवाद चला आ रहा था, जिससे छोटू खलखों अन्दर से गुस्से में था । एसएसपी ने बताया कि 119 डीसमिल जमीन पर कब्जा करने के उद्देश्य से छोटू खलखों मृतक सुभाष मुंडा के सहयोगी बिनोद कुमार उर्फ कन्हैया को उक्त जमीन में आधा हिस्सा देने का प्रलोभन देकर अपने पक्ष में किया। इसके बाद छोटू खलखों और बिनोद कुमार उर्फ कन्हैया अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर बिनोद महतो की शादी के समय से ही सुभाष की हत्या की साजिश करना शुरू कर दिये।

प्रदेश कांग्रेसियों ने निकाला विजय जुलूस

रांची। राहुल गांधी के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को अलबर्ट एक्का चौक तक विजय जुलूस निकाला। विजय जुलूस में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता हाथों में झंडे लिए थे। इस दौरान आम लोगों को लड्डू खिलाकर खुशी मनाई गई। विजय जुलूस के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का फैसला सत्य और न्याय का पुष्टि करने वाला है। भाजपा की पूरी मशीनरी के निरंतर प्रयासों के बावजूद हम न हार मानने, न झुकने, न दबने वाले हैं। हमें न्याय प्रक्रिया में पूर्ण विश्वास है। उन्होंने कहा कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने वाले राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी की जीत है।

सीएम से सीपीआई (एम) नेता स्व. सुभाष मुंडा के परिजनों ने मुलाकात की

अपराधी नहीं बक्शे नहीं जाएंगे : हेमन्त सोरेन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को झारखंड विधान सभा में सीपीआई(एम) नेता स्व सुभाष मुंडा के परिजनों ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री ने स्व सुभाष मुंडा के माता-पिता एवं पूरे परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। स्व सुभाष मुंडा के परिजनों ने मुख्यमंत्री से मिलकर कहा कि स्व सुभाष मुंडा मेरे परिवार का भरण-पोषण करने वाला महत्वपूर्ण सदस्य था, उनकी हत्या होने से पूरा परिवार दुःखी एवं बहुत ज्यादा चिंतित है। परिवार के ऊपर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मुख्यमंत्री के समक्ष परिजनों ने कहा कि स्व सुभाष मुंडा एक सामाजिक व्यक्ति थे। वे सदैव

दूसरों की मदद के लिए तत्पर रहते थे। मौके पर स्व सुभाष मुंडा के पिता ललित मुंडा एवं माता छोटन देवी ने मुख्यमंत्री से उनके परिवार के प्रति राज्य सरकार की ओर से मदद किए जाने का अनुरोध भी किया। भेंट-वार्ता के क्रम में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्व. सुभाष मुंडा के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस हत्याकांड को अति गंभीरता से लिया है। पुलिस-प्रशासन द्वारा तत्परता दिखाते हुए स्व० सुभाष मुंडा की हत्या में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है।

जड़ी-बूटी दिवस पर औषधीय पौधों का हुआ वितरण

बेड़ो। भारत स्वाभिमान व पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को महावीर चौक में आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिन जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर तुलसी, गिलोय, नीम, मीठा नीम, नींबू, आंवला, जामुन, शरीफा, चिरा यंता, बिल्व,समेत कई प्रजाति की जड़ी बूटियों के पौधों का वितरण किया गया। साथ ही लोगों को पहचान कराया गया।कार्यक्रम में जिला प्रभारी एसपी साहू ने कहा कि आचार्य बालकृष्ण ने विश्व सहित भारत में आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाया। साथ ही अनेकों जड़ी-बूटियों पर शोध किया एवं पतंजलि के माध्यम से दवा के रूप में सभी आरोग्य केंद्रों पर उपलब्ध कराया। वही प्रखंड प्रभारी मुकेश कुमार राय ने कहा कि हमारे देश में बहुत सारे वनस्पति है। हमारा संकल्प औषधीय वनस्पतियों से घरती माता का श्रृंगार करने का है। वनस्पतियों से ही धरती व मानव का जीवन है।

संसदीय कार्यमंत्री ने कहा, पिछड़ों को 27 फीसदी आरक्षण देने को तैयार

जातीय जनगणना विधेयक लाएगी सरकार : आलमगीर

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के आखिरी दिन सदन में संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि पिछड़ों को 27 फीसदी आरक्षण देने और जातिगत जनगणना कराने को लेकर वह गंभीर हैं। राज्य सरकार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (संशोधन) विधेयक को राजभवन से लौटाकर त्रुटियों को दूर करेगी। फिर उसे विधानसभा में पारित करके राज्यपाल को भेजेगी।

उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि झारखंड जातिगत जनगणना होनी चाहिए। सदन में इसे पारित कर केंद्र को भेजा जाएगा। यदि केंद्र इसे मंजूरी नहीं देता है, तो भी बिहार की तर्ज पर राज्य में इसे लागू करने पर विचार किया जाएगा। विधायक प्रदीप यादव ने ध्यानाकर्षण सूचना के जरिये सरकार से पूछा था कि राज्य में पिछड़ों की आबादी 50 से 60 फीसदी है जबकि नौकरियों में उन्हें सिर्फ 14 फीसदी आरक्षण प्राप्त है। पिछड़ों का आरक्षण 27 फीसदी किया जाए और राज्य में जातिगत जनगणना भी कराई जाए। इस पर संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने एसटी, एससी और ओबीसी को 77 फीसदी आरक्षण देने का विधेयक सदन से पारित करा कर राजभवन को भेजा था। यह अभी प्रक्रियाधीन है। इस पर विधायक ने जानना चाहा कि आखिर क्या चीज प्रक्रियाधीन है। तब मंत्री ने कहा कि राजभवन से बिल अभी नहीं लौटा है। सरकार राजभवन से बिल मंगवाकर फिर से पारित कराएगी।

अपर्णा सेन गुप्ता ने बरवेंदिया में पुल निर्माण का मामला उठाया

भाजपा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता सदन में धनबाद के निरसा स्थित बरवेंदिया में पुल निर्माण का मामला सदन में रखा। उन्होंने कहा कि 2022 में बरवेंदिया में नाव पलटने से 15 लोगों की मौत हो गई थी। यहां पुल बन जाए तो लोगों को सहूलियत होगी। यहां पुल बनना चाहिए। इसी दौरान कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने उन्हें बीच में टोक दिया। इसके बाद विरोध में भाजपा के कई विधायक वेल में आ गए। अपर्णा गैर सरकारी संकल्प के दौरान बोल रही थीं। इस दौरान भाजपा विधायक सभापति से भी नाराजगी व्यक्त कर रहे थे।

पड़हा जतरा संचालन समिति के साथ बीडीओ ने की बैठक

बेड़ो। पाड़हा जतरा समिति बेड़ो एवं बारीडीह के अध्यक्ष एवं अन्य समिति के वरिष्ठ सदस्यों की मौजूदगी में बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व वीसी डा. रविन्द्र नाथ भगत के द्वारा बेड़ो प्रखंड के दो अलग अलग जगहों क्रमशः बेड़ो बाजार टांड़ एवं बारीडीह जतरा मैदान में तीन जून को होनेवाले वार्षिक पड़हा जतरा समारोह को संयुक्त रूप से राजकीय मेला घोषित करने के प्रयास की काफी सराहना की गई । साथ ही इसके के लिए पड़हा समाज के सभी पड़हा राजा, दीवान, कोटवार, महतो, पाहन,ग्राम प्रधान,पईनभरा व पुजार के साथ साथ पड़हा संचालन समिति बेड़ो और बारीडीह के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पूर्व वीसी डॉ रविंद्र नाथ भगत के ऐतिहासिक पहल के लिए मिलजुल कर धन्यवाद दिया। इधर इस वर्ष आयोजित पड़हा जतरा हेतु आवंटित राशि का दोनों समितियों के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से समायोजन फैसला लिया गया।

कड़ी मशक्कत से कुएं से निकाला गया शव

रांची। अरगोड़ा थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के पास स्थित कुएं से पुलिस ने शुक्रवार को एक युवक का शव बरामद किया है। युवक की शिनाख्त मोहम्मद तौसीफ अंसारी उर्फ बाबू के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद कुएं से युवक का शव निकाला गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। बताया जा रहा है कि युवक नशे का आदी था। गुरुवार रात कुएं में कूद गया था। थाना प्रभारी बृज कुमार ने बताया कि पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में बंटी मिठाइयां

सिल्ली। सिल्ली प्रखंड अंतर्गत 4 अगस्त को मोदी सरनेम वाले मानहानि केस पर राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई। जिससे कांग्रेस जनों ने खुशी की लहर दौड़ गई। इस खुशी के मौके पर सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो के नेतृत्व में सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यलय में कांग्रेस जनों ने आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई बांट कर खुशी जाहिर की। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के वरीय उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, मनीराम दास, गुहिराम महतो, बलराम महतो, पिनाकी बनर्जी, प्रकाश मुंडा, निताई महतो, राबिन प्रामाणिक, तापस पोद्दार, मो. शाकिर उद्दीन, मनोज यादव, सहित कई कांग्रेस जनों ने हर्ष जताया।

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा

सिख दंगा पीड़ितों को मुआवजा देने के आदेश पर क्या कार्रवाई हुई ?

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची। सिख दंगों को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। सतनाम सिंह की ओर से दायर इस याचिका की सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि सिख दंगा पीड़ितों को मुआवजा दिये जाने के कमीशन की रिपोर्ट पर क्या कार्रवाई की गयी है? हाईकोर्ट ने इस संबंध में झारखंड सरकार से स्टेट्स रिपोर्ट की मांग की है। प्रार्थी की ओर से एडवोकेट दिवाकर उपाध्याय ने हाईकोर्ट को बताया कि कमीशन ने चार जिलों में दंगा पीड़ितों को मुआवजा देने का राज्य सरकार को निर्देश दिया है। लेकिन, अब तक इसका भुगतान नहीं किया गया है। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश

संजीव कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। पिछली सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि हाईकोर्ट की ओर से गठित वन मैन कमीशन की रिपोर्ट आ चुकी है। कमीशन ने अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को दे दी है। झारखंड में सिख दंगों से प्रभावित चार जिलों रांची, धनबाद, बोकारो और पलामू के लोगों को मुआवजा देने के संबंध में कमीशन ने आदेश पारित किया है। इसके अलावा सिख दंगा मामले में झारखंड में दर्ज क्रिमिनल केस का डिटेल भी राज्य सरकार से मांगा है। गौरतलब है कि हाईकोर्ट के आदेश पर सिख दंगा मामले में रिटायर्ड जस्टिस डीपी सिंह की अध्यक्षता में वन मैन कमिटी बनायी गयी है। इस मामले की अगली सुनवाई एक सितंबर को होगी।

ठगी के आरोपी की जमानत याचिका हुई खारिज

रांची। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट अशोक कुमार की अदालत ने शुक्रवार को ठगी करने के मामले में रांची जेल में बंद नाइजीरिया के नागरिक मॉरिश सिल्वर की जमानत याचिका खारिज कर दी। उसने अधिवक्ता बीरेंद्र प्रताप सिंह के माध्यम से दोबारा जमानत याचिका दाखिल की थी। इससे पूर्व भी अदालत ने एक जुलाई को उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। नाइजीरिया मूल मॉरिश को बरियातू थाना की पुलिस ने 13 मई को गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ बरियातू की रहने वाली महिला रोजी प्रवीण ने ठगी करने का मामला दर्ज कराया था। मॉरिस ने महिला को मर्चेंट नेवी का अफसर बनकर ठगी की थी। महिला ने दर्ज प्राथमिकी में बताया कि एक लड़के से उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी। उसके दोस्त ने उसे बताया था कि वह पानी के जहाज में कैप्टन के रूप में 15 साल से काम करता है। उसे इंडिया लौटने के लिए कुछ पैसों की जरूरत है।

भाजपा का प्रतिनिधिमंडल बीईईओ से मिला

शिक्षक के स्थानांतरण की मांग

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो

भाजपा का प्रतिनिधिमण्डल शुक्रवार को बेड़ो के बीईईओ सुनील कुमार केशरी से मिला। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने मॉडल स्कूल बेड़ो के शिक्षक भिन्सेंट सोरेन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनका स्थानांतरण करने की मांग की। भाजपा महामंत्री राजेश साहू व बलराम सिंह ने बताया कि मॉडल विद्यालय बेड़ो के शिक्षक भिंसेंट सोरेन के द्वारा गत दिनों छात्रों को तिलक लगाकर विद्यालय आने पर प्रताड़ित किया गया था। जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त था। इसी मुद्दे को लेकर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी से मिलकर विरोध जताया। साथ ही

शिक्षक पर कार्रवाई करते हुए अविलंब स्थानांतरण करने की मांग किया। जिससे विद्यालय की छवि खराब न हो। वहीं मौके पर पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष राजीव रंजन अधिकारी, मंडल अध्यक्ष आलोक मिश्रा, जिला परिषद पूर्वी के प्रतिनिधि जगरनाथ भगत, भाजपा ग्रामीण रांची जिला एस टी मोर्चा उपाध्यक्ष भीखा उरांव, संजय लाल, कमलेश लाल, रंथा उरांव, आशीष महतो, आंनद साहू , गणेश राम महथा, बलराम सिंह व राजेश साहू समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता आदि मौजूद थे।

आंदोलनकारियों का केंद्र रहा है खूंटी जिला : भुवनेश्वर

खूंटी। झारखंड सरकार ने पूरे राज्य के आंदोलनकारियों को चिह्नित कर उन्हें सम्मान देने की बातें कही हैं। झारखंड में खूंटी जिला आंदोलनकारियों का केंद्र रहा है, लेकिन जिस हिसाब से आंदोलनकारियों की सूची सरकार के पास पहुंचनी चाहिए, उतने आंदोलनकारियों की सूची नहीं मिल पा रही है। ये बातें शुक्रवार को तोरपा के प्रखंड स्थित प्रमुख के कार्यालय में झारखंड आंदोलनकारी चिहिनीतीकरण आयोग, गृह कारा आपदा विभाग के सदस्य भुवनेश्वर महतो ने कही। उन्होंने कहा कि सरकार की बात हर आंदोलनकारी तक पहुंचना जरूरी है, इसके लिए राज्य सरकार की ओर से कार्य योजना तैयार की जा रही है। सभी प्रमंडलों में झारखंड आंदोलनकारी चिह्नितीकरण आयोग का कार्यालय खुलेगा। आंदोलनकारी इन कार्यालय में आवेदन कर सकेंगे।

मुरी पुलिस ने विक्षिप्त को रिनपास पहुंचाया

मुरी। मुरी ओपी अंतर्गत छोटा मुरी बाजार में बुधवार के दिन एक अज्ञात विक्षिप्त व्यक्ति को घूमते हुए देखा गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना मुरी पुलिस को दी। पुलिस ने विक्षिप्त व्यक्ति को अपने संरक्षण में लेकर पूछताछ किया परंतु विक्षिप्त होने कारण वह कुछ भी नहीं बता पा रहा था। पुलिस अपने स्तर से काफी छानबीन किया तथा विक्षिप्त के परिजनों का पता लगाने का भरपूर प्रयास किया परंतु पता नहीं लग पाया। मुरी ओ पी के सहायक अवर निरीक्षक आशीष रंजन, आरक्षी जनार्दन मंडल, सृष्टि धर महतो तथा चालक पंकज कुमार ने उचित इलाज हेतु रिनपास रांची में भर्ती किया।

छह अगस्त को मैराथन दौड़ का होगा आयोजन

मुरी। सिल्ली प्रखंड अंतर्गत विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर 6 अगस्त 2023 को ग्राम गेडेवीर से कुसुमटिकरा स्कूल मैदान तक 5 किलोमीटर का मैराथन दौड़ 18 वर्ष से अधिक उम्र वाले पुरुषों के लिए सुबह 5 बजे से तथा साथ ही साथ बालक बालिकाओं के लिए 100 मीटर 200 मीटर 400 मीटर एवं 800 मीटर का सामान्य दौड़ का आयोजन किया गया है। इसके पश्चात महिला वर्ग तथा पुरुष वर्ग के लिए फुटबॉल खेल का भी आयोजन किया गया है। इस मैराथन दौड़ में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के युवा साथी भाग लेंगे एवं कुसुमटिकरा में 9 बजे से नवोदय विद्यालय प्रतियोगिता परीक्षा एवं नवमी तथा दसवीं के छात्र छात्राओं का प्रतियोगिता साथ ही साथ एसएससी और जेपीएससी प्रतियोगिता परीक्षा झारखंड के छात्र-छात्राओं का भविष्य उज्जवल करने के उद्देश्य से आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी आयोजन समिति के कीनोराम बेदिया के द्वारा दिया गया।

केसीबी कॉलेज में नये प्रभारी का शिक्षकों ने किया स्वागत

बेड़ो। करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो के इण्टरमीडिएट प्रभाग के नवनियुक्त प्रभारी पूनम कुमारी का शुक्रवार को शिक्षकों ने बूके देकर स्वागत किया। प्रभारी ने कहा कि इस महाविद्यालय में इण्टरमीडिएट प्रभाग के बेहतर संचालन के लिए अनुशासन व नियमित कक्षाओं की सुनिश्चितता मेरी प्राथमिकता रहेगी। वहीं मौके पर शिक्षकों में शिवेंद्र सौरभ, आशीष भारतेन्दु, शिवशंकर साहू, बिरसा उरांव, मधुमति उरांव, कृति निधि कुमारी व संतोषी कच्छप आदि मौजूद थे।

जानकारी — उपायुक्त ने किया विद्यालय और अस्पताल का निरीक्षण

ग्रामीणों से संपर्क बनाये रखें अधिकारी

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी

उपायुक्त लोकेश मिश्र ने शुक्रवार को रनिया प्रखण्ड का दौरा कर प्रखंड कार्यालय, स्कूल और अस्पाल का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रखंड कार्यालय परिसर की साफ-सफाई कराने का निर्देशित दिया। डीसी ने कहा कि रनिया के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग जानकारी के अभाव में योजनाओं के लाभ से वंचित न रहें। ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए उन्हें योजनाओं से जोड़ना महत्वपूर्ण है। उन्होंने योजनाओं के प्रगति की जानकारी ली और ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करने और उनसे निरंतर संपर्क बनाये रखने का निर्देश दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के क्रम में उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि आमजनों की सुविधा के मद्देनजर सुचारु रूप से कार्य करें। साथ ही

विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उचित स्वास्थ्य सेवों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने उपलब्ध दवाओं और संसाधनों की जानकारी ली। उपायुक्त ने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि अपने दायित्वों का अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी आमजनों को मौसमी बीमारियों की जानकारी दें। साथ ही लोगों को सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 के तहत सात से 12 अगस्त, 11 सितम्बर से 16 सितम्बर और नौ से 14 अक्टूबर के टीकाकरण में शून्य से पांच वर्ष के बच्चों का टीकाकरण कराने की जानकारी दें। विद्यालय निरीक्षण के क्रम में छात्राओं से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया। उपायुक्त ने एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय और वहां के छात्रावास का भी निरीक्षण किया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं से मिलकर उन्हें पाठ्यक्रम के सम्बंध में जानकारी दी। विद्यार्थियों को उच्चतर शिक्षा के लिए भी प्रोत्साहित किया। उपायुक्त ने बताया कि एकाग्र और अनुशासित होकर पढ़ाई करें। उन्होंने छात्र-छात्राओं को कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया।

जान जोखिम में डालकर आवागमन करने को लोग मजबूर

खूंटी। क्या आप खूंटी जिले के डोड़मा-सिसई पथ पर चार पहिया, दो पहिया वाहन या फिर पैदल जा रहे हों, तो जरा सावधान हो जाएं और संभव है, तो वैकल्पिक मार्ग का चुनाव करें। इस रास्ते पर कुदरी के पास छाता नदी का पुल एक साल पहले ही टूट गया था। इसके कारण बरसात के दिनों में लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नदी में पानी तो भरा ही है, नदी के दोनों छोरों पर रास्ते मे इतना कीचड़ जमा हो गयी है कि वहां से गुजरना काफी दुरुह है। नदी में पुल नहीं होने के कारण इस मार्ग पर चार पहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह ठप है। कुछ दुःसाहसी लोग अपनी जान जोखिम में डालकर इस रास्ते पर आना-जाना करते हैं।

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग)

मत्स्य पालन की नवीन तकनीक एवं विधियों से अवगत कराने हेतु पाँच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

प्रशिक्षण सत्र – वर्ष 2023–24

वैसे मत्स्य कृषक/मत्स्य उद्यमी जिन्हें प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) अंतर्गत RAS, Biofloc एवं केज मिला है, तथा आधुनिक तकनीक से मत्स्य पालन को व्यवसाय के रुप में अपनाना चाहते हैं, उनके लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं–

प्रशिक्षण की तिथि	प्रशिक्षण का विषय
21–25 अगस्त, 2023	RAS/ Biofloc
03–07 सितम्बर, 2023	Cage Culture
11–15 सितम्बर, 2023	RAS/ Biofloc
21–25 सितम्बर, 2023	Cage Culture
02–06 अक्टूबर, 2023	Cage Culture
12–16 अक्टूबर, 2023	Cage Culture

प्रशिक्षण तथा आवासन स्थल : मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, शालीमार, धुर्वा सेक्टर– II
दैनिक प्रशिक्षण भत्ता –मो0 200/– (दो सौ) रू0 मात्र प्रतिदिन
मार्ग व्यय– मो0 600/–(छः सौ) रू0 मात्र (अथवा वास्तविक भाड़ा जो भी कम हो)
मानदेय के भुगतान हेतु अपना बैंक पासबुक तथा आधार कार्ड की छाया प्रति अवश्य साथ लाएँ, अन्यथा मानदेय का भुगतान नहीं हो पाएगा।
(प्रशिक्षणार्थी को यथा निर्धारित दर से खाने का व्यय का वहन स्वयं करना होगा।)

आवेदन कहाँ करें –
जिला मत्स्य कार्यालय में आवेदन दें, नाम सूचीबद्ध कराएँ एवं प्रशिक्षण में भाग लें।
सम्पर्क : 0651–2440263

मछली पालन को अपनाएँ, रोजगार के अवसर पाएँ ।
मछली खाएँ बलवान बनें, मछली पालें धनवान बनें।।

मुख्य अनुदेशक
मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, राँची।
PR 304028 (Fish) 23-24 (D)

साधना, साधक के जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण है : स्वामी परिपूर्णानन्द जी

नवीन मेल संवाददाता। रांची अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में श्री श्याम मण्डल, रांची द्वारा आयोजित महाशिवपुराण के चतुर्थ दिवस पर शिव-पार्वती विवाह प्रसंग होने के कारण समय से पूर्व ही भक्तों की उत्साहित व उमंगयुक्त भीड़ मन्दिर परिसर में पहुंच कर भारी उत्साह एवम उमंग का दर्शन कर रही थी। सांय 4 बजे स्वामी परिपूर्णानन्द जी के व्यास पीठ पर विराजमान होने के पश्चात व्यास पीठ का पारंपरिक पूजन-वन्दन के बात महाशिव पुराण का चतुर्थ सोपान प्रारम्भ हुआ। स्वामी जी कहते हैं शीश गंग अर्धग पार्वती सदा विराजत कैलासी भगवान शिव पार्वती के साथ पुण्यभूमि काशी में निरन्तर निवास करते हैं साथ ही जब स्वामी जी के मुख से कृपा की न होती आदत तुम्हारी, तो सुनी ही रहती अदालत तुम्हारी भजन के बोल निकले तो सम्पूर्ण मन्दिर परिसर शिव भक्ति में लीन हो तालियां बजती हुए सुध बुध खो बैठा। स्वामी जी ने कहा की साधना साधक के जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण है - मावन जीवन में निरंतर साधना करते रहना चाहिए - साधना से ही भगवत प्राप्ति हो सकती है, साथ ही विभिन्न प्रकार के दोनों की विस्तृत महत्ता बताते हुए स्वामी जी ने कहा की गुरु के मुख से वेद - शास्त्र का ज्ञान प्राप्त करना चाहिए ताकि मनुष्य के हर कर्म शुभ कर्म हो । यज्ञ , दान एवम तप ही मनुष्य को शुद्ध करता है - सुरिष्टि का आधार तप है - अतः तप का त्याग कभी नहीं करना चाहिए। स्वामी जी आगे कहते हैं जी - शिव पूजन से पाप कर्म नष्ट होते हैं एवम पुण्य कर्मों की प्राप्ति होती है। तामसी कामना का सदैव त्याग करना चाहिए साथ ही दूसरे को दुख देने की कामना न करें - अपने अंतः करण को शुद्ध रखें - शुद्ध अंतः करण वाले मनुष्य को ही प्रभु प्राप्त होते हैं। आगे व्याख्यान में स्वामी जी कहते हैं पंचाझर नमः शिवाय का निरंतर जाप करें साथ ही ओम सक्षम है और नमः शिवाय स्थूल है। सदाशिव शंकर कहते हैं - मेरे भक्त का कभी नाश नहीं हो सकता है - मेरे व्याख्यान को जो तन्मय होकर सुनता है अथवा सुनवाता है वह इस लोक में सब प्रकार के सुख भोगकर मोक्ष को प्राप्त करता है। इस अवसर पर सम्पूर्ण महाशिव पुराण पर मधुर भजनों के लिए प्रत्येक दिन स्वामी जी के साथ शिव व्याख्यान के दौरान शशि तिवारी , सत्य प्रकाश जी साथ अपने मधुर वाणी से सुनील तिवारी समाधुर वादन एवम गायन से भक्तों को रिझा रहे हैं। आज के प्रसंग विराम देने के पश्चात पूर्ण विधि - विधान एवम भारी उमंग व उत्साह के साथ शिव-पार्वती विवाह संपन्न हुआ। व्याख्यान के विराम के पश्चात अजय सरावगी एवं उनके परिवार द्वारा आज के महाआरती की गई एवम भक्तों के बीच प्रसाद वितरण के साथ आज के कार्यक्रम का समापन किया गया। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रणव मोदी , नमन पाड़िया, अनुराग, पीयूष, मनोज ढांढनीयां, महेश सारस्वत, जीतेश अग्रवाल, ज्योति पोद्दार , अभिषेक डालमिया, अजय रूंगटा का सहयोग रहा।

प्रधान महालेखाकार ने सदन में पेश किए प्रतिवेदन

रांची। प्रधान महालेखाकार झारखंड ने शुक्रवार को 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए निष्पादन एवं अनुपालन लेखा परीक्षा प्रतिवेदन तथा राज्य वित्त (2021-22) के प्रतिवेदनों को झारखंड विधानसभा में उपस्थापित किया। इसके बाद एजी कार्यालय के बोर्ड रूम में इससे संबंधित जानकारी पत्रकारों को दी। महालेखाकार अनुप फ्रांसिस डुंगडूंग ने इस दौरान बताया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए झारखंड सरकार के राज्य वित्त के खातों पर भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक का प्रतिवेदन झारखंड के राज्यपाल को 13 अप्रैल को समर्पित किया गया। रिपोर्ट विधानसभा में चार अगस्त को प्रस्तुत किया गया। 2021-22 में राज्य का राजस्व अधिशेष 6944 करोड़ था। मार्च, 2022 के अंत में राज्य का राजकोषीय घाटा जीएसडीपी का 0.72 प्रतिशत था। वर्ष 2001-02 से 2020-21 तक के अनुदान, विनियोग से अधिक राशि के 3,473.63 करोड़ से अधिक संवितरण को राज्य विधानमंडल द्वारा अभी तक नियमित नहीं किया गया है। इसके अलावा 2021-22 के दौरान एक विनियोग और एक अनुदान में 288.86 करोड़ का अधिक व्यय किया गया।

सरला बिरला पब्लिक स्कूल में वात्सल्यम उत्साह के साथ मना

नवीन मेल संवाददाता। रांची सरला बिरला पब्लिक स्कूल में कक्षा-एक के छात्रों द्वारा सतत विकास की ओर विषय पर दादा-दादी का उत्सव वात्सल्यम बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि, प्रो. (डॉ.) एस. पी. अग्रवाल, कुलपति, साईं नाथ विश्वविद्यालय और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित के साथ हुई। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत श्लोकोच्चारण तथा दीप प्रज्ज्वलित के साथ हुई। इसके बाद स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, जिसमें छात्रों ने दादा-दादी के प्रति अपने प्यार को दर्शाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा के छात्र ने अपना गीत 'इको-ल्यूजन' प्रस्तुत किया, जिसमें धरती माता की उदारता का आनंद लेने के लिए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संदेश दिया गया। कक्षा ए.क के बच्चों ने मंच पर 'एक्वेटिक मैलोडीज' कार्यक्रम की प्रस्तुति दी, जिसमें जल संरक्षण की आवश्यकता को दशार्या गया। अगला कार्यक्रम 'बैकपैक टू द फ्यूचर' था जिसे कक्षा के छात्रों ने प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि अगर हम ऊर्जा के स्त्रोतों के व्यापक और बेपरवाह उपयोग को नहीं रोकेंगे तो भविष्य कैसा होगा। इसके बाद डेप्यूटी लिट्रेरी सेक्रेटरी, नभ्या लाल द्वारा स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसके बाद नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति 'लक्ष्य' कार्यक्रम के तहत कक्षा के छात्रों ने की। इस कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्र के समग्र विकास के प्रति बच्चों ने अपना दृढ़ संकल्प प्रस्तुत किया। कक्षा के बच्चों ने 'रिदम ऑफ स्पलैश' प्रस्तुत किया जो पानी के नीचे के जीवन के इर्द-गिर्द की दुनिया पर आधारित था। आज के कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति 'टेरा मेलोडीज' कक्षा के छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में उन्होंने सभी को याद दिलाया कि पृथ्वी रहने के लिए कितनी सुंदर जगह है। छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत सभी कार्यक्रमों की दर्शकों ने बेहद सराहना की। धन्यवाद ज्ञापन, विद्यालय गीत और उसके बाद राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ। कार्यक्रम की सफलता उपस्थित दादा-दादी की मुस्कान और भावुक आंखों से स्पष्ट थी क्योंकि वे अपने पोते-पोतियों को उनके लिए प्रदर्शन करते देखकर अभिभूत थे। मुख्य अतिथि ने छात्रों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत आज के इस भव्य कार्यक्रम का हिस्सा बनने पर प्रसन्नता व्यक्त की। वे प्राचार्या परमजीत कौर के इस वक्तव्य से सहमत थे कि बच्चों का स्क्रीनटाइम कम किया जाना चाहिए। यह दादा-दादी और माता-पिता की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को अच्छे नैतिक मूल्य प्रदान करें और भारतीय संस्कृति और समृद्ध विरासत के बारे में सिखाएं। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने प्रतिवर्ष ऐसे प्रासंगिक विषयों पर कार्यक्रम के संचालन के लिए छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।

रिम्स में मॉड्यूलर ओटी खरीदारी में गड़बड़ी की होगी जांच : स्वास्थ्य मंत्री

नवीन मेल मेल संवाददाता। रांची झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के छठे और अंतिम दिन शुक्रवार को विधायक सरफराज अहमद ने सदन में सवाल उठाया कि रिम्स के न्यूरो सर्जरी विभाग में 12 मॉड्यूलर ओटी (ऑपरेशन थिएटर) की खरीदारी में गड़बड़ी हुई है। इसके कारण राजस्व को करीब 25 करोड़ का नुकसान हुआ है। इस मामले की विभागीय जांच के लिए तीन सितंबर, 2022 को एक जांच समिति का गठन किया गया था लेकिन जांच समिति की ना कोई रिपोर्ट आयी और ना ही इस पर कोई कार्रवाई हुई। इसपर सरकार की ओर से जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि रिम्स के न्यूरो सर्जरी विभाग के लिए टेंडर के जरिए दो मॉड्यूलर ओटी की खरीदारी की गयी थी। यह सही है कि जांच के लिए तीन सितंबर, 2022 को समिति का गठन किया गया था लेकिन इस समिति के सदस्य डॉ हिमांशु भूषण बरवार के आकस्मिक निधन हो गया, जिसके बाद 15 जून, 2023 को जांच समिति का पुनर्गठन किया गया है। मंत्री ने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द जांच कराकर इस मामले में सदन को अवगत करायेंगे।

सदन में शशिभूषण मेहता ने मांगी माफी

रांची। झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम और छठवें दिन शुक्रवार को विधानसभा में गुरुवार को अपने व्यवहार के लिए विधायक शशिभूषण मेहता ने भी अपने शब्द वापस लिए। आलमगीर आलम ने सदन में मांग रखी, जिसमें कहा कि विधायक इरफान अंसारी के बयान के लिए संसदीय कार्य मंत्री ने भी माफी मांगी थी। आज भाजपा विधायक को भी अपने उस व्यवहार के लिए माफी मांगनी चाहिए, जिसमें वे वेल से होते हुए विधायक तक पहुंच गये थे। सदन की शुरूआत के साथ ही भाजपा ने अपना विरोध दर्ज कराया और विधेयक वापस लेने की मांग की। सभा के अध्यक्ष ने विपक्ष से अपील सदन चलाने और चर्चा में शामिल होने की अपील की। विपक्ष लगातार इस मुद्दे को लेकर नारेबाजी करता रहा। हंगामे को देखते हुए अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कल भी सदन में विधायकों ने प्रतियोगी परीक्षा विधेयक को काला कानून बताया था। उन्होंने कहा कि भाजपा इसे काला कानून मानती है। इस कानून से कदाचार रुकेगा नहीं, बल्कि और बढ़ेगा। परीक्षा में कदाचार छात्र नहीं जेपीएससी और जेएससीसी कर रही है। नौकरी के लिए आवेदन निकालने के बाद यह लोग नियम बदलते हैं। बाबूलाल ने कहा कि भ्रष्टाचार में ये कैसे लिप्त है इसकी जानकारी आप सभी को हो। छात्रों न इसका विरोध किया सरकार नहीं मानी लेकिन बाद में पुख्ता सबूत मिले तो स्वीकार करना पड़ा। आज तक ओएमआर सीट जारी नहीं किया गया है। अभी जो जूनियर इंजीनियर की परीक्षा हुई उसमें भी गड़बड़ी हुई। इस वक्त जो कानून बना है उसमें कंडिका 11(2) में जो कहा गया है कि परीक्षा के संबंध में सवाल खड़े करने वाले छात्र और मीडिया संस्थान पर भी कार्रवाई की बात कही है।

मांगों को लेकर सदन के बाहर शिवपूजन महतो ने दिया धरना

रांची। झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के छठे और अंतिम दिन शुक्रवार को हुसैनाबाद के पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता विधानसभा के मुख्य द्वार पर अपने कई मांगों को लेकर धरने पर बैठे। कुशवाहा पलामू जिले में अनियमित बिजली आपूर्ति में सुधार करने की मांग कर रहे थे। साथ ही उन्होंने पलामू को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने और बटाने डैम के गेट को दुरुस्त करने की मांग भी उठायी। आजसू विधायक लंबोदर महतो विधानसभा के बाहर धरने पर बैठे। वे तख्ता लेकर कुर्मी और कुड़मी को अनुसूचित जनजाति (एसटी) की सूची में शामिल करने की मांग कर रहे थे।

मानव तस्कर पन्ना लाल की पत्नी और भाई को राहत नहीं

रांची। देश के सबसे बड़े मानव तस्कर के रूप में चर्चित पन्नालाल महतो की पत्नी सुनीता देवी एवं उसकी भाई शिव शंकर गंझू उर्फ शिव शंकर महतो को एनआईए कोर्ट ने राहत देने से इनकार किया है। दोनों की जमानत अर्जी अदालत ने खारिज कर दी है। इससे दोनों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दोनों की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत में सुनवाई पश्चात 17 जुलाई को आदेश सुरक्षित रख लिया गया था। दोनों की ओर से जमानत की गुहार लगाते हुए 15 मई को अर्जी दाखिल की गई थी।

दूरदर्शन और आकाशवाणी केंद्रों के उन्नयन की योजना

नवीन मेल संवाददाता। रांची भाजपा के राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने अतारांकित प्रश्न के माध्यम से शुक्रवार को राज्यसभा में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से आकाशवाणी और दूरदर्शन के पुनरुद्धार एवं उन्नयन से सम्बंधित जानकारी मांगी। प्रकाश ने जानना चाहा कि केंद्र सरकार आकाशवाणी और दूरदर्शन के पुनरुद्धार एवं उन्नयन के लिए क्या कदम उठा रही है। इसके जवाब में सूचना और प्रसारण और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि सरकार ने प्रसार भारती (आकाशवाणी और दूरदर्शन) के प्रसारण अवसंरचना और नेटवर्क विकास (बीआईएनडी) के उन्नयन के लिए प्रसारण अवसंरचना और नेटवर्क विकास नामक केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम को वर्ष 2021-26 की अवधि के लिए 2539.61 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ जारी रखने की मंजूरी दी है। ठाकुर ने कहा कि प्रसारण अवसंरचना और नेटवर्क विकास स्कीम के तहत परिव्यय का अनुमान ऐसे विभिन्न कार्यकलापों के लिए किया गया है जो निधियों की उपलब्धता और परस्पर प्राथमिकता के आधार पर किए जाते हैं।

शहीद निर्मल महतो की मूर्ति को चौक पर स्थापित करे सरकार : डॉ.लंबोदर

नवीन मेल संवाददाता। रांची गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के छठे व अंतिम दिन शुक्रवार को आज आंदोलनकारी झारखंड आंदोलनकारी शहीद निर्मल महतो की कैद मूर्ति को ससम्मान शहीद निर्मल महतो चौक फुसरो में स्थापित करने की मांग पूरजोर तरीके से शून्य काल मांग में उठाया । उन्होंने सदन में कहा कि बेकारो जिले बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत अंतर्गत झारखंड आंदोलनकारी शहीद निर्मल महतो के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए 1996 में फुसरो में शहीद निर्मल महतो चौक स्थापित किया गया था। लेकिन तत्कालीन सरकार द्वारा 7 जुलाई 13 को शहीद निर्मल महतो की मूर्ति को वहां से हटाकर बेतरतीब तरीके से फुसरो थाना परिसर में रखा गया है, जो झारखंड आंदोलनकारियों के शहादत का अपमान है। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में लोग 8 अगस्त को शहीद निर्मल महतो की शहीद दिवस मनाते हैं। हमारी सदन के माध्यम से राज्य सरकार से मांग है कि झारखंड आंदोलनकारी शहीद निर्मल महतो की स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए 8 अगस्त को शहीद निर्मल महतो की कैद मूर्ति को ससम्मान निर्मल महतो चौक फूसरो में स्थापित करने की कार्रवाई की जाए। इसके पूर्व डॉ? लंबोदर महतो विधानसभा के प्रवेश द्वार पर कुरमी / कुड़मी को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने की मांग को लेकर धरना पर बैठे। उन्होंने कहा कि यह मांग लंबे समय से की विभिन्न स्तरों पर की जा रही है।

रांची में बजरंग दल की दो दिवसीय राष्ट्रीय बैठक आज से

रांची। विश्व हिंदू परिषद के युवा शाखा बजरंग दल की राष्ट्रीय बैठक रांची के हरमू रोड स्थित दिगंबर जैन भवन में पांच और छह अगस्त को होगी। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहु ने बताया कि राष्ट्रीय बैठक में संपूर्ण देश के बजरंग दल के विगत छह माह के कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ आगामी छह माह के गतिविधियों की योजना बनाई जाएगी। अखंड भारत संकल्प दिवस, बाबा बुढ़ा अमरनाथ यात्रा, बजरंग दल शौर्य जागरण यात्रा, गीता जयंती (शौर्य दिवस) इत्यादि आगामी कार्यक्रम के साथ-साथ बैठक में लव जिहाद, धर्मांतरण, लैंड जिहाद, घुसपैठ, धार्मिक यात्राओं में हमला इत्यादि चुनौतियों पर गहन चिंतन किया जाएगा। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे, बजरंग दल के केंद्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया, केंद्रीय सहसंयोजक सूर्य नारायण राव के साथ-साथ देश के सभी 13 क्षेत्रों के क्षेत्र संयोजक एवं संपूर्ण देश के राज्यों का प्रांत संयोजक व सहसंयोजक भाग लेंगे।

विरोध राज्यपाल से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल

प्रतियोगी परीक्षा विधेयक को रोकने की मांग की

नवीन मेल संवाददाता। रांची भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा विधायकों का एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को राजभवन पहुंचकर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड राज्य प्रतियोगी परीक्षा विधेयक-2023 को रोकने की मांग की। इस दौरान भाजपा ने विधेयक के विरोध में राज्यपाल को एक पत्र सौंपा, जिसमें इस पर गंभीरता से विचार करते हुए राज्य सरकार को आवश्यक दिशा-निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। भाजपा ने राज्यपाल से अपील की है कि इस विधेयक की समीक्षा करें। इसके बाद ही निर्णय लें। भाजपा के पत्र में लिखा है कि भाजपा भ्रष्टाचार और कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन की प्रबल पक्षधर है लेकिन इस विधेयक के जरिए राज्य सरकार झारखंड लोक सेवा आयोग, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग जैसी संस्थाओं में प्रतियोगी युवाओं की आवाज को दबाकर मनमाने तरीके से प्रतियोगी परीक्षाओं का संचालन कराना चाहती है। यह आशंका तब और प्रबल हो जाती है जब विगत दिनों जेपीएससी की 7वीं से 10वीं तक की सिविल सेवा परीक्षा और जेएसएससी की कनीय अभियंता परीक्षा में घोर धांधली उजागर हुई। पत्र में लिखा है कि प्रथम दृष्टया राज्य सरकार ने इस अनियमितता को सिरे से नकारा लेकिन युवाओं, अभ्यर्थियों के व्यापक विरोध एवं परीक्षा में हुई धांधली के पर्याप्त सबूत उजागर होने का ही परिणाम हुआ कि राज्य सरकार ने धांधली को स्वीकारा। यदि यह विरोध नहीं हुआ होता तो राज्य सरकार अनियमित बहाली करने में सफल हो जाती। विरोध का ही परिणाम हुआ कि जेएसएससी को कनीय अभियंता की परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी।

भाजपा का मानना है कि राज्य सरकार अपनी इस प्रकार की त्रुटियों, धांधली, विफलताओं और सत्ता पोषित भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज को दबाने के लिए उपर्युक्त विधेयक को पारित कराया है। इस विधेयक में अभिव्यक्ति की आजादी का स्पष्टतया उल्लंघन है। उदाहरण के तौर पर विधेयक की कंडिका 11 (2) में राज्य सरकार संबंधित परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों, उत्तर पत्रकों के संबंध में सवाल खड़ा करने वाले परीक्षार्थियों, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया और जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध बिना किसी प्रारंभिक जांच किए प्राथमिक दर्ज कराने और लोगों को बिना किसी वरीय पदाधिकारी के अनुमोदन के गिरफ्तार करने का प्रावधान किया है।

राहुल गांधी को दोषमुक्त करना स्वागत योग्य : डॉ मनोज

रांची। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के महासचिव सह प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि माननीय राहुल गांधी जी के पक्ष में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्णय आने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय स्वागत योग्य एवं सराहनीय निर्णय जिसका राष्ट्रीय जनता दल स्वागत करती है। यह सत्य की जीत और असत्य की हार हुई है ।जिस तरह एक साजिश के तहत भाजपा के नेताओं द्वारा एक राजनीतिक षडयंत्र और साजिश के तहत इन्हे फसाया गया एवं इनकी लोकसभा की सदस्यता समाप्त करवाने की साजिश को माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने विराम लगाने का काम किया और इस सत्य की जीत से माननीय प्रधानमंत्री सहित तमाम बीजेपी नेता चारो खाने चित हो गए। इसलिए भाजपा नेता लाख षडयंत्र और कुचक्र कर ले हमेशा सत्य की जीत होती है और सत्य की जीत हुई।

पति समेत पांच के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

नवीन मेल संवाददाता। रांची पूनम देवी ने पति पवन साव ,ससुर चंद्रिका साव , सास मंजू देवी, देवर विकास कुमार और ननद आरती कुमारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर में महिला ने पांचों के खिलाफ प्रताड़ित करने, दहेज मांगने एवं जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया गया है। पूनम देवी का विवाह तीन मई को हिंदू रीति रिवाज के अनुसार मोरहाबादी मंदिर में दोनों परिवार के सहमति से हुई थी। विवाह के एक माह तक सब कुछ ठीक-ठाक रहा। इसके बाद परिवार के पांचों सदस्य गाली गलौज और दहेज को लेकर मारपीट करने लगे। साथी किरोसिन तेल डालकर जान से मारने की कोशिश की। विवाह के समय पूनम के पिता ने तीन लाख रुपये और घरेलू सामान दिया था। पूनम को ससुराल वालों ने बुलेट और दो लाख रुपये को लेकर आने को कहा और घर से निकाल दिया है। थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने शुक्रवार को बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। जब इसकी पूरी तरह से छानबीन नहीं हो जायेगी या और क्या मामला है सभी मुद्दों पर जांच की जायेगी जो रिपोर्ट आयेगा उसी के आधार पर उस पर कार्रवाई की जायेगी। अभी तत्काल कुछ भी नहीं कहा जा सकता है।

मणिपुर मामले पर इतने खामोश क्यों हैं बीजेपी नेता : बंधु तिर्की

नवीन मेल संवाददाता

रांची । पूर्व मंत्री और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखण्ड विधानसभा में कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी द्वारा कहे गये अवांछित वक्तव्य को विधानसभा अध्यक्ष द्वारा स्पंज करने के बाद भी भाजपा के नेता, कार्यकर्ता के साथ ही विशेष रूप से उसके अनुसूचित जाति, जनजाति के मंत्री, पदाधिकारी, सांसद, विधायक जिस प्रकार से तूल दे रहे हैं वह इस बात का प्रमाण नहीं है कि भाजपा के दिल में आदिवासियों के प्रति सद्भावना है. श्री तिर्की ने कहा कि, यदि भाजपा नेता आदिवासियों के इतनी ही बड़े हितैषी हैं तो मणिपुर के मामले में भी उन्हें खुलकर अपनी बातों को रखना चाहिये और यह बताना चाहिये कि मणिपुर की घटना कितनी निंदनीय है और देश की अखंडता व सांप्रदायिक सद्भाव के लिये यह कितनी घातक है। उन्होंने कहा कि, मणिपुर में केवल जनजातीय समाज की महिला की मान-मयार्दा को ही नहीं कुचला गया बल्कि वहाँ लोगों के जान-माल की भी जितनी अधिक क्षति हुई है वह अपने आप में जघन्य एवं अद्वितीय है। तिर्की ने कहा कि मणिपुर राज्य सरकार द्वारा जारी किये गये आधिकारिक आँकड़ों के अनुसार अबतक 142 लोगों की जान जा चुकी है जबकि अन्य स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतकों की संख्या 350 से ज्यादा हो गयी है. उन्होंने कहा कि हजारों आदिवासी परिवार अपने घरों से विस्थापित कर दिये गये हैं और वे उन अस्थाई शिविरों में रहने को विवश हैं जहाँ खाने-पीने जैसे जरूरी आधारभूत सुविधायें भी नहीं है. यहाँ तक कि बीमार होने की स्थिति में उन्हें दवा तक के लिये संघर्ष करना पड़ रहा है. श्री तिर्की ने कहा कि दंगे में हजारों आदिवासी परिवारों के घर जला दिये गये तोड़े गये या फिर उन्हें ध्वस्त कर दिया गया जबकि अनेक परिवार तो बरसात के इस मौसम में जंगल में पेड़ के नीचे रहने को मजबूर कर दिये गये. उन्होंने कहा कि इस विकट स्थिति में मणिपुर के लोगों के रोजी-रोजगार की बात करना भी दूर की कौड़ी है। तिर्की ने कहा कि मणिपुर के 16 में से 10 जिलों में अलग-अलग समुदायों का आपसी संघर्ष विचलित करनेवाला है. वहाँ सभी समुदाय जवाबी विरोध प्रदर्शन, नाकेबंदी आदि में व्यस्त हैं लेकिन केन्द्र और मणिपुर की भाजपा सरकार का ध्यान केवल और केवल अपने वोट बैंक को दुरुस्त करने पर है. उन्होंने कहा कि ऐसी विकट स्थिति में भी मणिपुर की भाजपा सरकार को बर्खास्त कर वहाँ राष्ट्रपति शासन लागू न करने के कारण मोदी सरकार के सामने अनेक प्रश्न चिन्ह खड़े हो रहे हैं.

रामगढ़ : पीड़ितों को न्याय के लिए बुद्धिजीवी मंच ने निकाला कैंडल मार्च

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। मणिपुर घटना के विरोध में गुरुवार को बुद्धिजीवी मंच, बरकाकाना की ओर से कैंडल मार्च निकाला गया. मंच के अध्यक्ष प्रदीप करमाली और सचिव प्रो. शाहनवाज खान के नेतृत्व में मार्च घुटुवा शुक्रवार बाजार टांड़ से निकल कर दो नंबर गेट, नया नगर होते हुए बरकाकाना पहुंच कर सभा में तब्दील हो गई. मार्च में शामिल लोग हाथों में तख्तियां लेकर, मणिपुर में शांति बहाल करो, पीड़ितों को न्याय दो, महिलाओं पर अत्याचार बंद करो, आदिवासियों का उत्पीड़न बंद करो, धार्मिक स्थलों पर हमला बंद करो, बलात्कारियों को फांसी दो, धर्म-जाति के नाम पर लड़ाना बंद करो, मणिपुर सरकार को बर्खास्त करो आदि नारे लगा रहे थे. लोगों को संबोधित करते हुए प्रदीप करमाली ने कहा कि जिस तरह का यौन शोषण और प्रताड़ना, दो आदिवासी महिलाओं ने झेला, जो दहशत देखा, जिस तरह से वो अपनी इज्जत के लिए गिड़गिड़ाईं, दुनिया की कोई न्याय व्यवस्था उसकी भरपाई नहीं कर सकती. लेकिन, इस जघन्य अपराध के दोषियों को कड़ी से कड़ी मिलनी चाहिए. सभा को मुख्य संयोजक पंचदेव करमाली, हाजी ताहिर हुसैन, मो. सलीम, रविंद्र मुंडा, सोनी महतो, कवित्री देवी व निशा परवीन ने भी संबोधित किया.

कैंडल मार्च में संरक्षक महादेव ठाकुर, सोहन बेदिया, सुशील कुमार, देवकी बेदिया, तृतियाल बेदिया, ब्रहमदेव महतो, राजू रविदास, मदन दांगी, रियासत हुसैन, दिनेश करमाली, शिवशंकर बेदिया, मंटू बेदिया के अलावा सरिता देवी, सुनीता देवी, सुमन कुमारी, रेशमा देवी, किरण पटेल, पूनम देवी, ज्योति देवी, धीरेंद्र सिंह, राजू बेदिया, राजु रविदास, राजु सिंदेरिया आदि मौजूद थे।

जी.डी.बगड़िया टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में जड़ी-बूटी दिवस मना

गिरिडीह। जीडी बगड़िया शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में 4 अगस्त को आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिवस पर जड़ी-बूटी दिवस मनाया गया. इसका मुख्य उद्देश्य समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता करना व जड़ी-बूटियों का उपयोग कर उपचार की सीख देना है. इस संदर्भ में पंतजलि जिला प्रभारी नवीन कांत सिंह के रणधीर गुप्ता, पुष्पा शक्ति, सपना रॉय, अंबर प्रसाद, रेखा देवी व योग शिक्षिका सोनी कुमारी आदि मौजूद थे. कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को लाभकारी जड़ी बूटियों के सेवन के तरीके, उनसे होने वाले लाभ आदि से अवगत कराया. मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि महाविद्यालय शुरू से ही अपने देश की धरोहर को बचाने तथा वैदिक उपचार जैसे परंपराओं को आगे बढ़ाने मैं विश्वास करता है.

झरिया में ओबी डंप के गर्म छाई से महिला और बच्ची झुलसी, बच्ची की हुई मौत व महिला गंभीर

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। बनियहीर 2 नंबर मैदान के समीप ओबी डंप के गर्म छाई से झुलसी 11 वर्षीय जिया कुमारी की मौत गुरुवार की देर रात हो गई. स्थानीय लोगों ने बताया कि जिया का इलाज एसएनएमएमसीएच में चल रहा था. परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए पटना ले जा रहे थे. परंतु 11 वर्ष की बच्ची जलन व दर्द नहीं झेल सकी और रास्ते में उसने प्राण त्याग दिए. हालांकि परिजन उसे पटना ले गए. पटना में ही उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा. बता दें कि बनियाहीर 2 नंबर निवासी साको देवी की 11 वर्षीय पोती जिया और उसकी 35 वर्षीय बुआ रिंकू देवी गुरुवार 3 अगस्त को शौच के दौरान डंप ओबी की गर्म छाई से झुलस गई थी. बुआ रिंकू देवी की हालत भी गंभीर बताई जा रही है. स्थानीय लोगों ने बताया कि जिया बनियाहीर स्थित विवेकानंद विद्यालय में पांचवी कक्षा की छात्रा थी. वह पढ़ाई में होनहार थी. पिता पिंटू पासवान का साया सर से उठ जाने के बाद वह दादी साको देवी के साथ रहती थी. घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण कोयला चुनकर जीवन गुजर बसर कर रही थी. स्थानीय लोगों में इस मामले को लेकर आक्रोश है. लोगों का कहना है कि आज जिया के साथ हुआ, तो कल हमारे बच्चों के भी साथ इस तरह की घटना हो सकती है. सरकार को इस मामले का संज्ञान लेना चाहिए.

बोकारो : महिला के गले से बाइक सवार बदमाशों ने चेन छिना, छानबीन जारी

बोकारो। शहर के सेक्टर-2 ए बीआईवी स्कूल के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने महिला के गले से सोने की चेन झपट ली. घटना 4 अगस्त की दोपहर 12.30 बजे की है. महिला निर्मला कुमारी ने घटना को लेकर बीएस सिटी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है. महिला ने पुलिस को बताया है कि वह अपने पति रघुनाथ महतो के साथ बाइक पर बैठकर बाजार जा रही थी. उसी दौरान पीछे से दो युवक बाइक पर आकर उनके साथ चलने लगे. इसी बीच पीछे बैठा युवक गले से चेन छीन कर काफी तेजी से भाग निकला, हालांकि बनके पति ने दोनों का पीछा करने की कोशिश की. लेकिन सेक्टर की गलियों का लाभ उठाते हुए अपराधी भाग निकले. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगालने में जुटी है. मालूम को दिनदहाड़े बदमाशों ने महिला से लूट की घटना को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती में डाल दिया है.

सिंदरी में पतंजलि परिवार ने मनाया जड़ी बूटी दिवस

धनबाद। रोहड़ाबांध दुर्गा मंडप सिंदरी में पतंजलि योगपीठ परिवार ने शुक्रवार 4 अगस्त को आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिन को जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाया.पतंजलि परिवार के योग शिक्षक उमाशंकर सिंह ने जड़ी बूटियों के बारे में दुर्लभ जानकारी दी. उन्होंने तुलसी, अग्नि शिखा, पत्थर चट्टा, ईश्वर मूल, गोखरू, भूमि आंवला, दूधी पुनरनवा, सदा बहार, अश्वगंधा, विधारा, कड़ी पत्ता, एलोवेरा और गिलोय के पौधों को मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभकारी बताया. मौके पर दामोदर दुबे, सुषमा श्रीवास्तव, इंदु बाला, रूमा भौमिक, विकास कुमार, रविंद्र प्रसाद, मीतन महतो, पिंटू दुबे आदि मौजूद थे.

चापापुर कोलियरी में सुरक्षाकर्मियों के स्थानांतरण के खिलाफ प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। इसीएल मुगमा क्षेत्र अंतर्गत चापापुर कोलियरी में सुरक्षाकर्मियों के स्थानांतरण के खिलाफ शुक्रवार 4 अगस्त को मजदूरों ने कोलियरी कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया. आंदोलन का नेतृत्व कर रहे बी सी के यू के मुगमा क्षेत्रीय अध्यक्ष आगम राम ने कहा कि 1 वर्ष पूर्व खदान के 10 मजदूरों को 10 नंबर आउटसोर्सिंग में सुरक्षा प्रहरी के रूप में लगाया गया था. अभिकर्ता द्वारा उन्हें अचानक बिना कोई सूचना दिए उनके पुराने काम में लगाने का आदेश निर्गत कर दिया गया. अभिकर्ता की मनमानी के खिलाफ मजदूर विरोध प्रदर्शन के लिए बाध्य हुए. प्रदर्शन के बाद अभिकर्ता के कार्यालय कक्ष में वार्ता हुई. वार्ता में प्रबंधन ने पुनः मजदूरों को सुरक्षा प्रहरी के काम में लगाने का आश्वासन दिया. उसके बाद मजदूरों ने आंदोलन समाप्त किया. वार्ता में प्रबंधन की ओर से अभिकर्ता यूपी चौधरी, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक श्री गोंडाने, प्रबंधक एके सिंह, उप प्रबंधक कार्मिक सतीश कुमार सिंह तथा यूनियन से क्षेत्रीय अध्यक्ष आगम राम, क्षेत्रीय सचिव केसी दत्ता, शाखा सचिव अमित मुखर्जी, बुद्धि राम, डी मानिकपुरी, परेश सोरेन, कासिम अंसारी, काजल गोराई, बुद्धिनाथ सोरेन, सोमेन चक्रवर्ती, उपेंद्र महतो आदि शामिल थे.

धनबाद में राज्यस्तरीय सब जूनियर व जूनियर ताईक्वांडो प्रतियोगिता

गिरिडीह की 28 सदस्यीय टीम धनबाद रवाना

नवीन मेल संवाददाता

गिरिडीह। धनबाद के अपर्णा पब्लिक स्कूल में 4 से 6 अगस्त तक होने वाले 23 वें राज्यस्तरीय सब जूनियर व जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेने को गिरिडीह की 28 सदस्यीय टीम रवाना हुई. गिरिडीह जिला ताइक्वांडो संघ के महासचिव अमित स्वर्णकार ने बताया कि इस प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को ह्यके टाइगर ताइक्वांडो एकेडमीह्न श्री गुरुनानक विद्यालय ब्रांच से रवाना किया गया. मौके पर गिरिडीह जिला ताइक्वांडो संघ ने शुभकामना दी. इस टीम में 9 बालिका, 17 बालक व कोच आकाश स्वर्णकार और रोहित राय सम्मिलित है. इस प्रतियोगिता में पूरे झारखंड भर के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे. गिरिडीह टीम में सब-जूनियर आयु वर्ग में नव्या सिंह, काव्या सिंह, विकास कुमार, अविरल संतन, वेदांश ओझा, श्लोक कुमार, अक्षत जैन, कृतार्थ कुर्तियांर, आयुष स्वर्णकार, अर्पिता स्वर्णकार, तनीषा आर्या, पल्लवी कुमारी, हिमांशु मिश्रा, सौरभ कुमार, आलो साहा, आरव आर्य, तांशी तानी, सक्षम मिश्रा, सोया कुमारी, पारस वर्मा, आराध्य सिंह, जबकि जूनियर वर्ग में उदय कुमार, कृतिका बर्मन, हर्ष कुमार सिंह, नयन भट्टाचार्य, अभिजीत सिंह और सौरभ कुमार शामिल हैं.

ग्रामीण परेशान

बोकारो थर्मल में आक्रोशित किसान सीसीएल से मांग रहे क्षतिपूर्ति

मंटीको नदी के डायवर्सन से कई किसानों के खेत डूबे

नवीन मेल संवाददाता

बोकारो। सीसीएल कथारा क्षेत्र के गोविंदपुर परियोजना ने मंटीको नदी का डायवर्सन कर दिया गया है. इससे कई खेत जलमग्न हो गए हैं. इधर खेत बर्बाद होने से आक्रोशित किसान प्रबंधन का विरोध कर रहे हैं. इस संबंध में किसानों ने सीसीएल कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक को पत्र देकर क्षतिपूर्ति की मांग की है. गोविंदपुर के सियारी गांव के किसानों का कहना है कि खेतों में पानी भरने की सूचना एरिया के जीएम को दे दी गई थी, लेकिन प्रबंधन ने इस पर विचार नहीं किया. दूसरी ओर धान रोपने का समय निकलता जा रहा है. इन खेतों से सालभर खाने का धान उपजता है. लेकिन इस बार धान की रोपाई किसी भी हालत में नहीं हो पाएगी. प्रबंधन अगर इस पर उचित कार्रवाई नहीं करेगा तो किसान आंदोलन करने को वाध्य होंगे. किसानों ने कहा कि आने वाले दिनों में पानी का जमाव और बढ़ेगा. उस समय पानी गांव तक पहुंच सकती है. सूचना देने के बाद भी सीसीएल का कोई भी अधिकारी डूबे खेतों को देखने नहीं पहुंचा है. विवश होकर किसानों ने बेरमो एसडीएम को भी घटना की सूचना दे दी है. किसान रेवतलाल यादव, छोटन यादव, गोबिंद यादव, शंकर यादव, वकील सिंह, भोला यादव, मदन यादव, दशरथ यादव, बद्री यादव, वकील सिंह, आकाश यादव सहित कई किसानों के खेत इस पानी से बर्बाद हो गए हैं.

झारखंड राज्य सहकारी बैंक के अधिकारी केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद से मिले

रांची। बिना स्थानांतरण नीति के कर्मचारियों के किए गए अवैध स्थानांतरण को रद्द करने संबंधी मांग को लेकर आज झारखंड राज्य सहकारी बैंक कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मुलाकात कर अपने मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिओं के द्वारा बताया गया कि यहां के मूलवासी सदान और आदिवासी को जान बूझकर अवैध तरीके से स्थानांतरण किया गया है । कर्मियों के द्वारा इसको लेकर बैंक मुख्यालय में धरना दिया जा रहा है, जिससे बैंक का कार्य प्रभावित हो रहा है।। प्रतिनिधिमंडल ने झारखण्डियोंकी हितों की रक्षा करने का आग्रह मोर्चा अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद से की है। प्रसाद ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया है कि उनके बातों को सरकार और शीर्ष अधिकारी तक पहुंचा देने की बात कही।

निशा कुमारी बनीं बेंगाबाद की बीडीओ, लिया पदभार

गिरिडीह। बेंगाबाद की नव पदस्थापित बीडीओ निशा कुमारी ने 4 अगस्त को पदभार ग्रहण किया. मौके पर निवर्तमान बीडीओ कय्यूम अंसारी ने उन्हें पदभार सौंपा. पदभार ग्रहण करने के बाद बीडीओ निशा कुमारी ने कहा कि विकास योजनाओं को ढंग से धरातल पर उतारना उनकी प्राथमिकता होगी. विकास योजनाओं व जन कल्याणकारी योजनाओं को सही लाभुक तक पहुंचाने का भरपूर प्रयास किया जाएगा. नए बीडीओ के पदभार ग्रहण करने के बाद कई लोगों ने उनका स्वागत किया. मौके पर कर्णपुरा के मुखिया राजेन्द्र वर्मा, जेरूआडीह के मुखिया राज कुमार, फिटकोरिया के मुखिया प्रतिनिधि शाहनवाज अंसारी आदि ने पुष्पगुच्छ देकर निशा कुमारी का स्वागत किया.

योजनाओं को समय पर पूरा कराएं अधिकारी : डीसी

गिरिडीह। गिरिडीह के डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने 4 अगस्त शुक्रवार को जिला ग्रामीण विकास अभिकरण व जिला परिषद के पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ बैठक की. डीसी से सभी से परिचय प्राप्त कर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली. उन्हें अभिलेख संधारण के टिप्स भी दिए. साथ ही सभी पदाधिकारियों को योजनाओं का निबटारा तय समय तक करने का निर्देश दिया. बैठक में अपर समाहर्ता, निदेशक डीआरडीए, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला परिषद के कार्यपालक अभियंता व संबंधित विभागों के कर्मी उपस्थित थे.

पीरटांड़ के नए बीडीओ मनोज कुमार ने पदभार संभाला

गिरिडीह। गिरिडीह जिले के पीरटांड़ प्रखंड के नए बीडीओ के रूप में मनोज कुमार मरांडी ने 4 अगस्त शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया. निवर्तमान बीडीओ दिनेश कुमार ने उन्हें चार्ज सौंपा. मनोज कुमार मरांडी ने कहा कि सरकार की योजनाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ धरातल पर उतारने उनकी प्राथमिकता होगी. प्रखंड कार्यालय में नाजिर अभिनाश कुमार, आर्यन कुमार, दिनेश कुमार सहित अन्य कर्मचारियों ने नए बीडीओ का स्वागत किया.

डुमरी के नवपदस्थापित एसडीएम मो. सहजाद परवेज ने लिया पदभार

गिरिडीह। डुमरी अनुमंडल के नवपदस्थापित एसडीएम मो. सहजाद परवेज ने 4 अगस्त को निवर्तमान एसडीएम प्रेमलता मुर्मू से पदभार ग्रहण किया. इस दौरान कई प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे. नवपदस्थापित एसडीएम ने कहा कि अनुमंडल क्षेत्र में शांति व सौहार्द बनाये रखने की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता से कार्य किया जाएगा. उन्होंने आमजनों से भी अपील की है कि क्षेत्र में कहीं भी विधि-व्यवस्था संबंधी समस्या हो तो उनसे सीधे संपर्क करें. इसके पूर्व उपस्थित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने नव पदस्थापित एसडीएम का स्वागत किया. साथ ही निवर्तमान एसडीएम को पुष्प गुच्छ देकर विदाई दी.

सड़क किनारे कुएं में मिला लापता युवक का शव

बोकारो। बोकारो जिले के पेटरवार थाना क्षेत्र के जाराडीह गांव में 4 अगस्त शुक्रवार की सुबह सड़क किनारे स्थित कुएं से लापता युवक उपेंद्र महतो (24 वर्ष) का शव बरामद किया गया. युवक चार दिनों से लापता था. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. उपेंद्र महतो कसमार थाना क्षेत्र के कुरको गांव का रहने वाला था. वह सोमवार को जाराडीह में अपने दोस्त के घर आया था और उसी रोज रात को खाना खाने के बाद से लापता हो गया था. उसके दोस्तों ने इसकी सूचना घर वालों को दी थी, जिसके बाद परिजन उसे खोजने का प्रयास कर रहे थे. गुरुवार की शाम अचानक कुएं से दुर्गंध आने लगी. आशंका में कुछ लोग कुएं के पास गए, तो अंदर तैरते हुए शव को देखा. शुक्रवार की सुबह लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को निकाल कर उसकी पहचान कराई. थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि युवक के परिजनों को सूचना दी गई है.

दिहाड़ी मजदूर ने फंदे से लटककर दे दी जान

बोकारो। चास मुफस्सिल थाना इलाके के ब्राह्मणद्वारिका पंचायत स्थित गोपालपुर गांव निवासी दिहाड़ी मजदूर सुरेश बाउरी (40) ने फंदे से लटक कर जान दे दी. घटना 3 अगस्त के रात की है. रात में ही पुलिस को घटना की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से पूछताछ की. जोशना देवी ने बताया कि उनका पति दिहाड़ी मजदूरी करता था, दो दिनों से काम पर भी नहीं गया था. वह हाल के दिनों में अधिक शराब पीने लगा था. शाम को वह गांव से घूम कर लौटा और अपने कमरे में चला गया. दरवाजा खुला हुआ ही था, पत्नी को लगा कि वह सो गया है. वह जब रात में भोजन के लिए पति को बुलाने कमरे में गई तो वह छत में लगी कुंडी से रस्सी के सहारे लटकता मिला. हल्ला होने पर लोगों ने उसे फंदे से उतारा, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी.

बरकाकाना जंक्शन की बदलेगी सूरत

कल पीएम मोदी करेंगे पुनरुद्धार कार्य का शिलान्यास

- अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे सभी रेलवे स्टेशन
- अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत होगा कायाकल्प

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। आजादी के अमृत उत्सव के तहत धनबाद मंडल के 15 रेलवे स्टेशनों को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने की तैयारी रेलवे ने लगभग पूरी कर ली है. सहायक मंडल अभियंता, बरकाकाना परमानंद प्रसाद ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी. उन्होंने बताया कि 6 अगस्त को बरकाकाना सहित कई स्टेशनों के पुनर्विकास की योजनाओं का पीएम नरेन्द्र मोदी वर्चुअली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से शिलान्यास करेंगे. अमृत भारत स्टेशन योजना व गति शक्ति योजना के तहत इन स्टेशनों का पुनरुद्धार किया जाएगा. अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत धनबाद मंडल के बरकाकाना, कतरास, गोमो, गढ़वा रोड, डाल्टनगंज, कोडरमा, पारसनाथ, लातेहार, पहाड़पुर, हजारीबाग रोड, चोपन, रेणुकूट, नगर उंटारी, गढ़वा टाउन और चंद्रपुरा स्टेशन में कार्य किए जाएंगे. प्रथम चरण में चयनित धनबाद रेल मंडल के 15 स्टेशनों को मार्च 2024 से पहले सौंदर्यीकरण व सुविधायुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. इन स्टेशनों के कायाकल्प से धनबाद मंडल का रेलवे ढांचा और मजबूत होगा. इससे पहले कुछ बड़े स्टेशनों के रेनोवेशन का काम शुरू हो चुका है. योजना के तहत हर चयनित स्टेशन पर 10 से 15 करोड़ रुपए खर्च करने का लक्ष्य निर्धारित है. इससे अधिक खर्च होने पर विशेष अनुमति के बाद राशि आवंटित की जाएगी. स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए सभी रेल मंडलों को अतिरिक्त फंड दिए जा रहे हैं. कंसल्टेंट की मदद से विकास के लिए मास्टर प्लान बनाया गया है. चयनित स्टेशनों के मुख्य भवन की रूपरेखा बदलने से लेकर फुट ओवरब्रिज, रिटायरिंग रूम, स्टेशन के बाहर सड़क, पार्किंग, वेटिंग हॉल, प्लेटफार्म व फूड कोर्ट सहित अन्य यात्री सुविधाएं बहाल होंगी. बरकाकाना जंक्शन में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सभी प्लेटफार्मों में लिफ्ट का निर्माण किया जाएगा. यहां एक 12 मीटर का फुट ओवरब्रिज का निर्माण, प्लेटफार्म नंबर एक को उच्च स्तरीय बनाने, प्लेटफार्म नंबर 2, 3, 4 व 5 की ऊंचाई बढ़ाने, यात्री सुविधा बढ़ाने, वेटिंग हॉल, नया-पुराना दोनों सकुर्लेटिंग एरिया का सौंदर्यीकरण के साथ-साथ एप्रोच रोड आदि बेहतर किए जाएंगे. इसके अलावा स्टेशन में वेटिंग हॉल, शौचालय, आवश्यकतानुसार लिफ्ट / एक्सेलेटर, स्वच्छता, मुफ्त वाई-फाई आदि की भी सुविधा होगी.

टीबी मरीजों को उपलब्ध कराया गया पोषण आहार

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत रामगढ़ जिला अन्तर्गत रामगढ़ प्रखण्ड के ईलाजरत टी बी मरीजों को अतिरिक्त पोषण आहार प्रदान करने से संबंधित पोषण आहार वितरण कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद की अध्यक्षता में सदर अस्तपताल रामगढ़ में किया गया। जिसमें 36 ईलाजरत टी.बी. मरीजो के बीच पोषण आहार का वितरण किया गया। सिविल सर्जन द्वारा यह बताया गया कि यह भारत सरकार की एक बहुत ही महत्वकांक्षी योजना है। इस पोषण आहार से टी.बी. मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी साथ ही साथ उनके रोग का उपचार भी होगा। मौके पर उन्होंने उपस्थित टीबी मरीजों को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी प्रकार की सुविधाओं के बारे में विस्तृत रूप बताया। डॉ. स्वराज, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी रामगढ़ द्वारा टीबी मरीजों को ईलाज एवं बचाव से संबंधित विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। उन्होंने सभी को जानकारी दी कि टीबी रोग की दवा रामगढ़ जिलान्तर्गत सभी सरकारी एवं गैरसरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध है। डॉ. उदय श्रीवास्तव, चिकित्सा पदाधिकारी सदर अस्पताल रामगढ़ ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि टीबी ईलाज अवधि तक मरीज किसी प्रकार का नशा का सेवन नही करे एवं नियमित रूप से टीबी की दवा खाते रहें। मौके पर पल्लवी कौशल, हिना गौरव वर्णवाल, रशमी कुमारी एवं जिला स्वास्थ्य समिति, रामगढ़ के पदाधिकारी / स्वास्थ्य कर्मी सहित अन्य उपस्थित थे।

अंडर 17- प्रमंडल स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता

फाइनल में बालिका वर्ग रामगढ़ की टीम बना विजेता

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। हजारीबाग में आयोजित प्रमंडल स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल टूर्नामेंट बालिका वर्ग के फाइनल मैच में शुक्रवार को अंडर 17 बालिका वर्ग में रामगढ़ की टीम ने हजारीबाग की टीम को 1-0 से पराजित कर खिताब पर कब्जा कर लिया. रामगढ़ अंडर 17 बालिका वर्ग की टीम अब रांची में 8 और 9 अगस्त को आयोजित होनेवाली राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में भाग लेगी. रामगढ़ बालिका वर्ग की टीम के विजय होने पर हजारीबाग जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से टीम को सम्मानित किया गया. रामगढ़ की टीम विजय होने पर रामगढ़ के जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम, झारखंड शिक्षा परियोजना से आनंद कुल्लू, कृष्णा सिंह, मांडू से प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचल अधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सहित कई लोगों ने बधाई दी है. इस प्रतियोगिता में नोडल शिक्षक डॉ सुनील कुमार कश्यप,रविंद्र कुमार महतो, कमल कुमार महतो, मनोज , नीतीश कुमार प्रतिनियुक्त थे, जिन्होंने प्रतियोगिता को सफल बनाने में योगदान दिया.

विष्णुगढ़ में सदस्यों ने किया 20 सूत्री बैठक का बहिष्कार

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। विष्णुगढ़ प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को आयोजित 20 सूत्री कमेटी की बैठक का सदस्यों ने बहिष्कार कर दिया. वन, ऊर्जा और सिंचाई विभाग से किसी पदाधिकारी के नहीं होने से सदस्य नाराज थे. लगातार तीन बैठकों से उनकी अनुपस्थिति नाराजगी के मूल में थी. थाना के प्रतिनिधि के भी बैठक से नदारद रहने पर नाराजगी जताई गई. कमेटी के उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा ने कहा कि सरकारी विभागों के प्रतिनिधि बैठक में शामिल नहीं होते हैं, जबकि बैठक की अग्रिम सूचना उन्हें दी जाती है. इसका नतीजा होता है कि बैठक में पारित प्रस्तावों पर की गई कार्रवाइयों की जानकारी नहीं मिल पाती है. सदस्य संजय प्रजापति ने कहा कि सुखाड़ जैसी स्थिति है. बावजूद इसके सिंचाई महकमा नींद में है. विभागीय प्रतिनिधि होते, तो सिंचाई के लिए नहरों में पानी छोड़ने के बारे में बात होती. विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव ने कहा कि 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति राज्य सरकार की ओर से गठित है. लिहाजा इसे सरकारी अंग माना जाता है. अगर सरकार के मुलाजिम इसको तवज्जो नहीं देते हैं, तो सवाल सरकार पर भी उठना लाजिमी है.

18 रैयतों की जमीन पर जबरन जेसीबी चलाने का आरोप

ग्रामीण बोले-नहीं होने देंगे अधिग्रहण

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। बड़कागांव-हजारीबाग रोड स्थित पंकरी बरवाडीह के पास बिना सूचना दिए हुए 18 रैयतों की भूमि पर जेसीबी चलाकर जबरन जमीन अधिग्रहण करने का आरोप लगाया गया है. रैयतों का कहना है कि एक निजी कंपनी के कुछ अधिकारियों ने पुलिस बल का भय दिखाकर जेसीबी चलाकर जबरन अधिग्रहण करने का प्रयास किया. सबसे पहले बीर मनु पासवान देखा और इसका विरोध किया. फिर भूमि के मालिकों को इसकी जानकारी दी. कंपनी के अधिकारियों से कहा कि यह जमीन उपजाऊ है. उन्होंने अपनी जमीन कंपनी को नहीं दी है. इसके बावजूद कंपनी जबरदस्ती जेसीबी चला कर अधिग्रहण क्यों कर रही है. दलितों ने पूर्व विधायक लोकनाथ महतो को इसकी सूचना दी. सूचना पाते ही पूर्व विधायक ने कंपनी के अधिकारियों से वार्ता कर जेसीबी मशीन से चल रहे काम को रुकवाया. इस दौरान रैयतों ने जमीन के कागजात दिखाए. जमीन के खाद्यान्न एवं रसीद को देखकर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने सुझाव दिया कि भू-स्वामियों के साथ बैठकर समस्या का समाधान निकाला जाए. इधर सुरेंद्र कुमार तुरी एवं बीर मनु पासवान ने बताया कि जमीन का खाता नंबर 2, प्लॉट नंबर 399 रकवा 11.87 डिसमिल है.

नमो फुटबॉल के बाद अब नमो कैरम टूर्नामेंट

हजारीबाग। हजारीबाग में नमो फुटबॉल के बाद अब सदर विधायक मनीष जायसवाल की पहल पर तीन दिवसीय नमो कैरम टूर्नामेंट का आगाज हुआ है. टूर्नामेंट के लिए कुल 50 कैरम खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है. इसमें 10 महिला प्रतिभागी शामिल हैं. टूर्नामेंट नॉकआउट है. इस टूर्नामेंट के विजेता को 51 सौ रुपए, उपविजेता को 31 सौ रुपए, तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 21 सौ रुपए नगद, नमो ट्राफी और प्रशस्ति पत्र से नवाजा जाएगा. टूर्नामेंट का सेमीफाइनल और फाइनल छह अगस्त को होगा. टूर्नामेंट का आयोजन सदर विधायक मनीष जायसवाल की ओर से उनके झंडा चौक स्थित नमो कार्यालय में किया जा रहा है. इसके के लिए दो कैरम मैच बोर्ड सहित तमाम जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई हैं. टूर्नामेंट का उद्घाटन रांची कैरम एसोसिएशन के सचिव अशोक डे ने किया. उन्होंने कहा कि हजारीबाग में पहली बार कैरम टूर्नामेंट का आयोजन कराया जा रहा है. अब यहां के खिलाड़ियों को राज्य स्तर तक पहुंचाना है ताकि वह अपनी पहचान बना सकें.

बरकट्ठा। सीएचसी में एम्बुलेंस संचालन के लिए प्रबंधन समिति का गठन

बरकट्ठा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा को सांसद मद से प्राप्त एम्बुलेंस सेवा के संचालन हेतु सीएचसी में प्रबंधन की बैठक आयोजित की गई। मौके पर प्रबंधन समिति का गठन किया गया। जिसमें बीडीओ अध्यक्ष, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को सचिव और प्रखंड प्रमुख रेणु देवी को समिति का कोषाध्यक्ष बनाया गया। साथ ही अंचल अधिकारी, जिप सदस्य बरकट्ठा,बीस सूत्री अध्यक्ष, थाना प्रभारी बरकट्ठा एवं गोरहर और सांसद प्रतिनिधि को सदस्य बनाया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एम्बुलेंस के संचालन एवं रख रखाव के लिए किसी प्रकार का कोई भी आवंटन प्राप्त नहीं है। इसलिए मरीजों को बारह रुपए प्रति किलोमीटर के दर से भुगतान करना होगा। एम्बुलेंस से पोस्टमार्टम व शव ढोने पर पाबंदी रहेगी क्योंकि एम्बुलेंस से गर्भवती महिला, नवजात शिशु एवं गंभीर अवस्था में बीमार मरीजों को रेफर किया जाता है। निर्णय लिया गया कि एम्बुलेंस सेवा बरकट्ठा से जिला तक ही की जाएगी।

स्नातक सेमेस्टर एक सत्र 2023-27 के लिए आरएनवाईएम में प्रारंभ हुई नामांकन प्रक्रिया

बरही । रामनारायण यादव महाविद्यालय बरही में स्नातक कला/वाणिज्य सेमेस्टर एक सत्र 2023-27 में नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है. उक्त जानकारी प्रेस बयान जारी कर प्राचार्य डॉ बिमल किशोर ने दी. इसके लिए विश्वविद्यालय ने मेधा सूची जारी कर दिया है. मेधा सूची में शामिल अभ्यर्थी अपना मूल प्रमाण पत्र महाविद्यालय अवधि के दौरान चार अगस्त से छः अगस्त तक निश्चित रूप से प्रमाण पत्रों की जांच करवा लें. जांचोपरांत 7 अगस्त से 10 अगस्त तक नामांकन लिए जायेगे. निर्धारित तिथि के विश्वविद्यालय के द्वारा बाद मेधा सूची रद्द कर दिया जायेगा.

मुखिया ने पीसीसी पथ के लिए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को लिखा पत्र

बरकट्ठा। ग्राम पंचायत बेलकप्पी मुखिया ललिता देवी ने पीसीसी पथ के लिए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने कहा कि बेलकप्पी पंचायत अंतर्गत भंडार टोला से एन एच 2 भाया बेलकप्पी तालाब होते हुए पीसीसी पथ का निर्माण डीएमएफटी फंड से करवाने की कृपा करें। साथ ही उन्होंने कहा ,यह पथ काफी जर्जर हो चुका है । इसलिए तत्काल संज्ञान में लेते हुए इसका निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए।

बरही में चोरी मामले में एक अप्राथमिक अभियुक्त गिरफ्तार, छापेमारी जारी

बरही । गया रोड स्थित ग्राहक सेवा केंद्र और ज्वेलर्स दुकान से चोरी करने वाला एक अप्रथामिक अभियुक्त पवन निषाद (25) पिता स्व सुरेश निषाद गिरफ्तार किया जा चुका है. गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के पास से छह हजार रुपए नकद भी बरामद किए गए है. साथ ही उसके निशानदेही के आधार पर अन्य अभियुक्त के घर से चोरी के चार नेकलेश भी बरामद किए गए है. गिरफ्तार किए गए अप्राथमिक अभियुक्त बरही के मल्लाह टोली का रहने वाला है. उक्त जानकारी इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने प्रेस बयान जारी कर दिया. प्रेस बयान के अनुसार संबंधित मामले को लेकर बरही थाना में बीते 30 जुलाई को मामल दर्ज किया गया था. इस संबंध में बरहीडीह निवासी बिरेंद्र पांडेय ने एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र से दो लाख तीस हजार और गया रोड निवासी अनुज कुमार वर्मा ने ज्वेलर्स दुकान से डेढ़ लाख नकद तथा जेवर चोरी का मामला दर्ज करवाया था.

ब्राह्मण महासमिति ने चलाया जनसंपर्क अभियान

रामगढ़। आगामी 13 अगस्त को हजारीबाग जिला स्थित पैराडाइज रिसोर्ट कार्मेल चौक निकट न्यू बस स्टैंड के सभागार में होने वाले कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासमिति झारखंड प्रदेश के एक दिवसीय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए गुरुवार को रामगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया । मौके पर कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासमिति के प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक ने उपस्थित स्वजातीय विप्र बंधुओ से कहा कि राजनीति,धर्म नीति, समाज नीति पर जब जब ब्राह्मणों ने अपना सलाह देना बंद कर दिया है तब-तब देश, धर्म, समाज का पतन हुआ है। उन्होंने जनसंपर्क अभियान के तहत 13 अगस्त 2023 को आयोजित ब्राह्मण महासम्मेलन को लेकर हजारीबाग स्थित पैराडाइज रिजॉर्ट परिसर में अधिक से अधिक संख्या में ब्राह्मण समुदाय के लोगों को उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की। मौके पर मुख्य रूप से गणेश पांडे, शंभू पांडे, वीरेंद्र पांडे, निरंजन पांडे, रामदुलार पांडे, नितेश तिवारी, अमित तिवारी, सुरेश गणक, प्रमोद तिवारी, रोशन पांडे, जनार्दन तिवारी, मुकेश तिवारी, अधिवक्ता शंभू तिवारी, शिक्षक शंकर तिवारी, बजरंग पांडे, नवल किशोर तिवारी, सच्चिदानंद तिवारी उर्फ राजेश तिवारी, आनंद तिवारी, गोपाल तिवारी, कैलाश तिवारी, भोलानाथ तिवारी, सतीश तिवारी, राजन तिवारी, सच्ची तिवारी, एन के तिवारी, सुशीत तिवारी, राकेश पांडे, आशीष पांडे आदि मौजूद थे।

बोकारो-धनबाद बना विजेता, प्रमंडल स्तरीय प्री सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

हजारीबाग। हजारीबाग जिले की मेजबानी में प्रमंडल स्तरीय प्री-सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन शुक्रवार को कर्जन ग्राउंड में हुआ. इसमें बोकारो और धनबाद टूर्नामेंट का विजेता बना. तीन दिनों के टूर्नामेंट में प्रमंडल के सात जिलों से पहुंची बालक-बालिकाओं की टीम ने फुटबॉल प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता निभाई. इस प्री-सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतर्गत 17 वर्ष के बालक के अंतर्गत हजारीबाग एवं बोकारो की टीम भिड़ी. इसमें बोकारो की टीम पांच गोल से विजयी रही. वहीं धनबाद एवं गिरिडीह की टीम के मुकाबले में धनबाद 3-1 से विजयी रहा. जबकि चतरा एवं रामगढ़ की टीम की भिड़ंत में रामगढ़ की टीम तीन गोल से विजय रही. अंडर-17 बालिका वर्ग में रामगढ़ एवं चतरा की टीम भिड़ी जिसमें रामगढ़ की टीम तीन गोल से विजयी रही. गिरिडीह-धनबाद की टीम में धनबाद की टीम तीन गोल से विजय रही. कोडरमा एवं बोकारो की टीम में बोकारो दो गोल से विजयी रही. 14 वर्ष तक के बालक में रामगढ़ एवं हजारीबाग की टीम भिड़ी, जिसमें हजारीबाग की टीम एक गोल से विजयी रही. बोकारो एवं गिरिडीह की टीम भिड़ी जिसमें बोकारो की टीम दो गोल से विजयी रही. कोडरमा एवं चतरा की टीम भिड़ी जिसमें चतरा की टीम 2-1 से विजयी रही. फाइनल में हजारीबाग एवं धनबाद की टीम भिड़ी जिसमें धनबाद की टीम 3-0 से विजयी रही.

समस्या

सड़क की नारकीय स्थिति से परेशान है ग्रामवासी

शिलाडीह की मुख्य सड़क कीचड़-दलदल में तब्दील

रामकृष्ण पांडेय

बरकट्ठा । प्रखंड के शिलाडीह गांव की मुख्य सड़क की नरकीय स्थिति से ग्रामवासी परेशान हैं । गोरहर थाना मोड़ एनएच2 से शिलाड़ीह गांव जाने वाली आरइओ सड़क की स्थिति बदहाल हो चुकी है । हल्की बारिश में भी यह सड़क कादो कीचड़ व दलदल में तब्दील हो जाती है जिससे राहगीरों को आवागमन में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बाइक सवार या छोटी चार पहिया वाहनों को इससे गुजरना टेढ़ी खीर लगता है ।इस सड़क की जर्जर स्थिति से अब तक दर्जनों दुर्घटनाएं हो चुकी है। विकास से महरूम यह गांव विभिन्न समस्याओं से जूझ रहा है। इस समस्या को देखने वाला न तो कोई जनप्रतिनिधि है और ना ही कोई पदाधिकारी। लंबे समय से इसकी हालत यथावत बनी हुई है ।यह सड़क शिलाडीह के कई टोले जाने का एकमात्र मार्ग है जो अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है ।सैकड़ों स्कूली बच्चे इससे आना-जाना करते हैं। जिससे उनकी साइकिल टूटती है, ड्रेस व बैग गंदे होते हैं ।वहीं फिसलने का खतरा बना रहता है ।विदित हो कि स्थानीय लोगों ने इस सड़क पर अतिक्रमण करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। ग्रामीण इस समस्या को कई बार सोशल मीडिया और पत्राचार के माध्यम से दिखाते रहे हैं ।कहीं-कहीं यह सड़क इतनी क्षतिग्रस्त है कि नौसिखीए चालक लगभग वाहनों को पलटी मार देते हैं ।

क्या कहते हैं मुखिया एवं जनप्रतिनिधि

मुखिया निजाम अंसारी ने बताया कि इसके निर्माण हेतु जल्द ही ग्राम सभा की बैठक कर प्रस्ताव लिया जाएगा। संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कराया जाएगा ।वहीं पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार गिरि ने कहा कि मेरे द्वारा कई बार संबंधित विभाग के पदाधिकारियों, विधायक तथा सांसद से इसके निर्माण को लेकर गुहार लगाई गई ।लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है ।

क्या कहते हैं ग्रामीण।

रामतीर्थ पांडेय ने कहा कि इसके निर्माण के लिए कोई जनप्रतिनिधि या पदाधिकारी ने दिलचस्पी नहीं दिखाई। कहा कि इस सड़क पर वाहन चलना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल है।

अहिबरन जन्मोत्सव को लेकर झुमरी तिलैया में संपर्क अभियान

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। महाराजा अहिबरन का जन्मोत्सव आगामी 25 और 26 दिसंबर को राष्ट्रीय स्तर पर बरण शहर (बुलंदशहर) में मनाया जायेगा. इसको लेकर आयोजन समिति द्वारा संपर्क अभियान चलाया जा रहा है. इसी कड़ी में आयोजन समिति के सदस्य झुमरी तिलैया पहुंचे. यहां सदस्यों ने स्वर्गीय विश्वनाथ मोदी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और समाज के लोगों से संपर्क किया. समिति के सदस्य ने अपने संबोधन में कहा कि बुलंदशहर जो कभी बरन नगर के नाम से प्रसिद्ध था. जहां से बरनवाल जाति की उत्पत्ति हुई है. इस शहर को महाराजा अहिबरन ने बसाया था. बुलंदशहर में लगी शिला में आज भी इसका उल्लेख है. उन्होंने बताया कि मोहम्मद गजनवी के आक्रमण के बाद यह शहर तहस-नहस हो गया था. हालांकि आज भी बरनवाल समाज के करीब 15 परिवार कुशीनगर (बुलंदशहर) में वास करते हैं. कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य बरनवाल समाज को उनके पूर्वजों से और जहां से उनकी उत्पत्ति हुई है, उससे रूबरू कराना है.महाराजा अहिबरन के जन्मोत्सव को भव्य बनाने और शहर की खोयी पहचान को वापस दिलाने के लिए आयोजन समिति द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है. ज्यादा से ज्यादा बंधुओं को जोड़ना संपर्क अभियान का मुख्य उद्देश्य है. समाज के अंतिम व्यक्ति तक इसकी सूचना पहुंचनी जरूरी है. ताकि यह समारोह हर बरनवाल का समारोह बन जाये. शारीरिक रूप से नहीं तो मानसिक रूप से समारोह में जरूर उपस्थित हो. इस समारोह से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के लिए बिहार, बंगाल और झारखंड में संपर्क अभियान चलाया जा रहा है. इस अभियान की शुरूआत एक अगस्त को गोरखपुर से शुरू किया गया है. जो सिवान, पटना, गया, आसनसोल, रांची होते हुए छह अगस्त को मिजार्पुर में समाप्त होगा. रास्ते में पड़ने वाले वैसे स्थानों जहां बरनवाल जाति समुदाय के लोग निवास करते हैं, उनसे भी संपर्क किया जा रहा है. उक्त बातें संपर्क अभियान में शामिल सदस्यों ने कही.

रामजड़ी गांव में सर्पदंश से 15 वर्षीया किशोरी की मौत

बांसजोर। बांसजोर ओपी क्षेत्र के राम जोड़ी गांव में गुरुवार देर रात सर्पदंश की वजह से 15 वर्षीय गंगा प्रधान की पुत्री शिल्पा कुमारी की मौत हो गई। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस शव को अपने कब्जे में लिया एवं पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया घटना के संबंध में जानकारी देते हुए ओपी प्रभारी मैथ्यू एकता ने बताया कि शिल्पा अपने घर में सो रही थी इसी दौरान सांप ने डसा जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी परिवार वालों ने उसे तत्काल में उड़ीसा इलाज के लिए ले जाने लगे लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई।

सीएसआईआर नेट में विद्या कुमारी को मिला 161 वां रैंक

नवीन मेल संवाददाता

झुमरी तिलैया। काउंसिल ऑफ साईंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च (सीएसआईआर) की आयोजित होने वाली राष्ट्रीय परीक्षा में कोडरमा की बेटी विद्या ने अपनी क्षमता दिखाते हुए देश में 161 वां रैंक हासिल कर पूरे जिले का नाम रौशन किया है। डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी (डीएपीएमयू) के जूलॉजी विभाग की शोधार्थी विद्या कुमारी 'ह्यूमन गट माइक्रोबायोटा' पर शोध के साथ स्नातक और स्नातकोत्तर के छात्रों को पढ़ाती भी है। रिसर्च के लिए विद्या को भारत सरकार प्रत्येक माह 50 हजार रुपए देगी। विद्या ने सीएसआईआर के परीक्षा में शानदार प्रदर्शन से कोडरमा में जश्न का माहौल है। आदर्श मुहल्ला, कोडरमा निवासी वृंदा देवी और स्व. नकुल राणा की होनहार पुत्री की प्राथमिक शिक्षा आदर्श मध्य विद्यालय कोडरमा से पूरी किया। विद्या शोधार्थी बनकर विश्विद्यालय में प्रोफेसर के रूप में देश के छात्रों को मार्गदर्शित करने का लक्ष्य तय किया है। विद्या का स्पेशलाइजेशन सेल ऐंड मॉलिक्यूल जेनेटिक्स पर है। इस उपलब्धि पर अपनी प्राथमिक स्कूल पहुंची विद्या शिक्षकों से मिलकर आशीर्वाद ग्रहण किया और काफी भावुक हुई।

स्वतंत्रता दिवस के सफल आयोजन को लेकर जिला स्तरीय बैठक

झंडोत्तोलन का समय किया गया निर्धारित

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में 15 अगस्त 2023 स्वतंत्रता दिवस के सफल आयोजन की दिशा में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन हुआ। उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस के सफल आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। मुख्य समारोह जिला मुख्यालय स्थित परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, सिमडेगा में प्रातः 9: 00 बजे आयोजित होगी।राष्ट्रीय झण्डोत्तोलन के लिए समय का निर्धारण किया गया। जहां 8:15 बजे पूर्वाह्न में उपायुक्त आवास, 09:05 बजे पूर्वाह्न में परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम, 10:20 बजे पूर्वाह्न में समाहरणालय, 10:35 बजे पूर्वाह्न में पुलिस केन्द्र, 10:55 बजे पूर्वाह्न में जिला परिषद्, 11:05 बजे पूर्वाह्न में नगर परिषद, 11:15 बजे पूर्वाह्न में अनुमण्डल कार्यालय एवं 11:25 बजे पूर्वाह्न में समादेष्टा कार्यालय में झण्डोत्तोलन होगा। राष्ट्रीय झण्डोत्तोलन, पूर्वाभ्यास, विधि-व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्र, मंच एवं बैरिकेटिंग की व्यवस्था, साफ-सफाई, शराब बन्दी, स्वास्थ्य एवं पेयजल सुविधा सहित अन्य कार्यो को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। परेड में विद्यालय के छात्र-छात्राएं भी लेंगे भाग। शहर की साफ-सफाई हेतु नगर परिषद् को निर्देश दिया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में सभी शराब दुकान बन्द रहेंगे, इसे उत्पाद अधीक्षक को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग को जीवन रक्षक दुवाईंयों के साथ चिकित्सक दल एवं एम्बुलेंस प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया गया। उन्होने संबंधित पदाधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस की सभी तैयारियों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम नगर भवन, सिमडेगा में किया जाएगा इस हेतु उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी, शिक्षा पदाधिकारी, एवं शिक्षा अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्वतंत्रता दिवस आपसी तालमेल, समन्वय एवं सामाजिक समरसता के साथ मनाये जाने की बात कही। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. अजीत खलखो, अपर समाहर्ता अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, अनुमण्डल पदाधिकारी महेन्द्र कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी ओम प्रकाश यादव, जिला आपूर्ति पदाधिकारी पूनम कच्छप, एसडीपीओ डेविड ए डोडय राय आदि उपस्थित थे।

डीसी ने की 'मेरी मिट्टी मेरा देश' कार्यक्रम की तैयारी बैठक

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को ₹मेरी मिट्टी मेरा देश ₹से संबंधित कार्यक्रम आयोजन की दिशा में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी अंचलाधिकारी के साथ बैठक का आयोजन किया गया।उपायुक्त ने बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि ₹ मेरी मिट्टी मेरा देश ₹ अभियान के तहत देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी से कहा कि हमारे स्थानीय क्षेत्र के जितने भी वीर जवान शहीद हो चुके हैं उसे श्रद्धांजलि देना है। इस हेतु प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर कार्यक्रम को सफल बनाने की दिशा में आवश्यक महत्वपूर्ण निर्देश दिया।साथ ही उन्होंने ने कहा कि हर पंचायत में अमृत सरोवर योजना से संबंधित कार्यक्रम आयोजन भी किया जाना है। उपायुक्त ने बताया कि ₹ मेरी मिट्टी मेरा देश₹ कार्यक्रम को दो भागों में किया गया है जिसमे पंचायत स्तरीय कार्यक्रम- वसुंधा वंदना, वीरों का वंदन एवं ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान प्रत्येक पंचायत में वसुंधा वंदना कार्यक्रम तथा ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत वृक्षारोपण से संबंधित कार्य किया जाएगा।

कोडरमा स्टेशन का भी होगा कायाकल्प, कार्यक्रम कल

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। धनबाद मंडल के तहत कायाकल्प होने वाले 15 महत्वपूर्ण स्टेशनों में कोडरमा स्टेशन का भी चयन हुआ है. कोडरमा का नाम पुनर्विकास होने वाले स्टेशनों की सूची में शामिल होने की खबर से यहां के लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं. आगामी 6 अगस्त को रेलवे विभाग द्वारा प्रातः 9 बजे से कोडरमा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर भव्य और रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. कोडरमा स्टेशन के पुनरुत्थान कार्य का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑनलाइन माध्यम से करेंगे. भाजपा जिलाध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने इसे कोडरमावासियों के लिए बड़ी सौगात बताया है. उन्होंने कोडरमावासियों, झुमरी तिलैया शहरवासियों, समाज के बुद्धिजीवियों एवं पार्टी कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कर इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने की अपील की है.

राहुल गांधी को मिली राहत, कांग्रेस ने मनाया जश्न

सिमडेगा। सिमडेगा कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की की अगुवाई में सुप्रीम कोर्ट की निचली अदालत द्वारा राहुल गांधी की सजा स्थगित किए जाने की खुशी में भारी बरसात के बीच में महावीर चौक के समीप एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए आतिशबाजी कर राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे बाजी की गई। जिला अध्यक्ष ने कहा कि देश में लगातार नफरत की राजनीति फैलाई जा रही है लेकिन राहुल गांधी मोहब्बत और लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनने का काम कर रहे हैं और यह सच्चाई की जीत हुई है।मौके पर प्रदेश महासचिव पुष्पा कुल्लू ,सचिव नोमिता बा , पीसीसी डेलिगेट प्रदीप केशरी एवम कौशल किशोर रोहिल्ला आदि उपस्थित थे।

अयोध्या से हनुमान ध्वज एवं रामायण लेकर पहुंची काली महिला मंडल की सदस्यगण

सामंतो काली मंदिर में 23 नवंबर को होगी भूमि पूजन व ध्वजारोहण

नवीन मेल संवाददाता

झुमरी तिलैया । काली महिला मंडल के तत्वाधान में आगामी 4 दिसंबर से 13 दिसंबर तक सामंतों काली मंदिर में आयोजित होने वाले 10 दिवसीय राम कथा के लिए रामायण पाठ की पुस्तक लेकर पहुंची,टीम की सदस्य के कोडरमा स्टेशन पहुंचने पर स्वागत किया गया। इस दौरान स्टेशन से लेकर काली मंदिर तक जय श्रीराम व जय हनुमान के नारों से वातावरण गुंजायमान होता रहा। इधर काली महिला मंडल की सरोजनी देवी ने बताया कि 23 नंवबर को भूमि पूजन एवं ध्वजा रोहण किया जायेगा। वहीं 15 अगस्त के बाद कार्यक्रम की सफलता के लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा।और 10 दिवसीय कार्यक्रम में रामलीला का आयोजन व सवा 24 घंटे का अखंड ज्योत कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। राम कथा का वाचन बलराम शरण महाराज के द्वारा किया जाएगा। मौके पर राघवेंद्र शास्त्री,विष्णु शास्त्री पूजा अर्चना कराएंगे । इधर पूजा अर्चना में सरोजन देवी, सुनीता सिंह, रेखा जयसवाल, सुमन पांडेय, आशा मोदी, मुन्नी बर्णवाल, प्रतिमा सिंह, फूलकुमारी भारती, मीना बर्णवाल, अनिता बर्णवाल, पुष्पा सिंह, अंतरा मोदी, रीता देवी, भारती सिंह, मधु सिंह, नीलम सिंह, सुनीता लाल, मीना देवी, सावत्री तिवारी, सुभद्रा देवी, सरस्वती देवी, सुमित्रा देवी, पूनम सेठ, गीता देवी, सुदामा देवी, पूनम वर्णवाल और मीना पांडेय आदि का नाम शामिल हैं।

कांग्रेस के सचिव ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

झुमरी तिलैया। झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सुप्रीम कोर्ट द्वारा मोदी सरनेम मामले पर निचली अदालत के फैसले पर रोक लगाते हुए राहुल गांधी को राहत प्रदान किए जाने का स्वागत किया है। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने अधिकतम सजा दिए जाने पर भी सवाल उठाया जिससे कि उस संसदीय क्षेत्र के जनता का अधिकार भी बरकरार रहता ।सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जब तक आदेश लंबित रहती है सजा पर रोक बरकरार रहेगी। सुप्रीमकोर्ट के इस आदेश के बाद राहुल गांधी की संसद सदस्यता भी बहाल हो गई। श्री सहाय ने कहा कि यह नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत है। कांग्रेस सहित क्ठउक्रअ ही नहीं पूरा देश सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय की प्रतीक्षा कर रही थी जो की सत्य की जीत के साथ सामने आई है।

बारिश से पुनीता देवी घर ध्वस्त अबतक सरकारी सुविधा से वंचित

नवीन मेल संवाददाता

कोलेबिरा। प्रखंड अंतर्गत लचरागढ़ निवासी पुनीता देवी पति स्वर्गीय शिवशंकर साहू ग्राम लचरागढ़ थाना कोलेबिरा निवासी है जोकि लगातर मूसलाधार बारिश से घर ध्वस्त हो गया। पुनीता देवी ने बताई की कच्चा घर से होने के कारण किसी तरह गुजर बसर का जिंदगी जी रहे हैं मेरे पति का मृत्यु की लगभग 17 साल बीत जाने के बाद भी आज तक मुझे अंबेडकर आवास भी नही है में जनता दरबार में जा जा कर थक गई लेकिन मुझे आज तक न ही अंबेडकर आवास मिला और न ही विधवा पेंशन मिला मैं सरकार के द्वार पर नाक रगड़कर थक परन्तु मुझे सरकारी सुविधा से आज तक वंचित रखा गया है और किसी तरह गुजर बसर की जिंदगी जी रहें है। उन्होने यह भी बताया की सरकारी सुविधा हेतु आवेदन देकर थक चुकी है। परन्तु आज तक उन्हें सरकारी सुविधा से वंचित रखा गया। उन्होंने हाथ जोड़ कर सरकार से मांग की है कि मुझे सरकारी सुविधा उपलब्ध कराया जाय।

जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता कल

झुमरी तिलैया। कोडरमा जिला ताइक्वांडो संघ के तत्वाधान में 6 अगस्त को मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सातवीं कोडरमा जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2023-24 का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार वर्णवाल ने दी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में मॉडर्न पब्लिक स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल, आर.पी. मोदी इंटरनेशनल हाई स्कूल, गांधी हाई स्कूल, द आर.बी.एस स्कूल, कोडरमा थर्मल प्लांट, ताइक्वांडो एकैडमी, डोमचांच, कोडरमा, चंदवारा आदि के करीब लड़ाई 250 से 300 खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम करेंगे। जबकि समापण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव शामिल होंगे। प्रतियोगिता में मुख्य रेफरी की भूमिका राजेंद्र कुमार निभाएंगे। उन्होंने बताया कि आयोजन में राज्य के कई रेफरी को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षक संगीता शर्मा, चेयरमेन शलेन्द्र कुमार, उपाध्यक्ष संजय कुमार, आकाश चंद्रा, कोषाध्यक्ष प्रवीण जोशी, सीनियर प्रशिक्षक परवीन कुमार आदि की महत्वपूर्ण भूमिका है।

झुमरी तिलैया : ज्ञान संकल्प लाइब्रेरी के अंकिता ने एग्जीक्यूटिव ऑफिसर में पाई सफलता

झुमरीतिलैया। शहर के पानी टंकी रोड स्थित ज्ञान संकल्प लाइब्रेरी के छात्रा ने आईडीबीआई बैंक में एग्जीक्यूटिव ऑफिसर में पाई सफलता। बता दे कि अंकिता कुमारी झुमरी तिलैया के रहने वाली है। वो खुद पढ़ाई कर यह सफलता पाई है। ज्ञान संकल्प लाइब्रेरी में अक्टूबर माह से लगतार तैयारी कर रही थी,जिसके बाद अंकिता ने इस परीक्षा में सफलता पाई है। इस दौरान ज्ञान संकल्प लाइब्रेरी के संचालक अजय कुमार ने छात्रा अंकिता कुमारी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अंकिता शुरू से ही पढ़ाई को लेकर बहुत ही ज्यादा समर्पित थी,उसकी कड़ी मेहनत तथा लगन देखकर सारे विद्यार्थी मोटिवेट होते थे। उन्होंने बताया कि हमारे लाइब्रेरी के प्रथम लड़की है जिसने प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता हासिल की है।अजय कुमार ने कहा कि लगातर मेरा प्रयास रहेगा कि प्रत्येक बच्चे इस लाइब्रेरी से पढ़कर अच्छे मुकाम तक जाए ताकि अपने परिवार और शिक्षक का नाम रोशन करें।

विधायक भूषण बाड़ा ने जिले में इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने की रखी मांग

सिमडेगा। अब जिले के मेधावी छात्रों के इंजीनियर बनने का सपना मात्र सपना बनकर नहीं रहेगा। इसके लिए सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने शानदार पहल किया है। विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा मानसून सत्र के शून्यकाल में जिले में एक इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना कराने की मांग रखी है। विधायक ने कहा है कि आदिवासी बहुल सिमडेगा जिले में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने हेतु एक भी इंजीनियरिंग कॉलेज ने ही। जबकि हर साल सैंकड़ो इंजीनियरिंग की छात्र पढ़ाई करने के लिए दूसरे शहरों में जाते हैं। दूसरे शहरों में पढ़ाई करने जाने से अभिभावकों के ऊपर आर्थिक बोझ बढ़ता है। इससे छात्रों के साथ साथ अभिभावकों को भी काफी परेशानी होती है। वहीं जिले में एक भी इंजीनियरिंग कॉलेज नहीं रहने से कई प्रतिभावान छात्रों के इंजीनियर की पढ़ाई का सपना महज सपना बनकर ही रह जाता है। ऐसे में जिले में एक इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना जनहित में नितांत आवश्यक है। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा है कि गरीब आदिवासी बहुल सिमडेगा जिले के मेधावी छात्रों को ध्यान में रखते हुए सिमडेगा सदर प्रखंड में एक इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना की जाय। ताकि किसी भी मेधावी छात्रों के इंजीनियर बनने का सपना अधूरा न रह जाय। अगर विधायक भूषण बाड़ा की मांगों पर सरकार गम्भीरता से लेती है तो बहुत जल्द जिले में एक इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना की जाएगी।

रंगारंग कार्यक्रम

लचरागढ़ संत वियन्नी स्कूल में मनाया गया वार्षिक उत्सव

'संत जॉन मेरी व्यानि पुरोहितों के लिए संरक्षक थे'

नवीन मेल संवाददाता

कोलेबिरा। कोलेबिरा प्रखंड के लचरागढ़ स्थित संत वियन्नी उच्च विद्यालय स्कूल परिसर में धूम धाम से वार्षिक उत्सव मनाया गया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लचरागड़ के पल्ली पुरोहित फादर डीन एरिक जोसेफ कुल्लू वा विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्रदर पीटी जोर्ज उपस्थित थे,इस अवसर पर बच्चों के द्वारा रंगा रंग संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम उद्घाटन मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने संत मेरी जॉन व्याणी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवम कैंडल जला कर किया, कार्य क्रम में संत वियन्यी उच्च विधालय, आरसी बालक मध्य विद्यालय, मोनफोर्ट इंग्लिश विद्यालय,के छात्र छात्राओं के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम की शुरूआत मंगलाचरण प्रसूत कर किया गया मुख्य अतिथि फादर दीन फादर एरिक जोसेफ कुल्लू ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा की संत जॉन मेरी व्यानि पुरोहितों के लिए संरक्षक थे, लोगो की सेवा करने के लिए उन्होने आपने जीवन निहित कर दिया,है उनके जीवनी से प्रेरणा लेनी चाहिए उनके बताए हुए आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए ,वहीं मैट्रिक में टॉपर छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस अवर पर ब्रदर बेंजामिन समद ब्रदर बिनोद,ब्रदर आरोग्यम , फादर पीटर बारला, क्लीमेंट टेटे, सिस्टर सिसेलिया, सिस्टर मारियाना हेनरी टेटे के अलावा अन्य लोग मौजूद थे मंच संचालन एवम धन्यवाद ज्ञापन मंगल साहु ने किया।

मनुष्य को वस्तु नहीं, इच्छा बनाती है गुलाम : जीयर स्वामी

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

मनुष्य के अंदर कामना उत्पन्न होते हीं अपने कर्तव्य से तथा अपने भगवान से विमुख हो जाता है और नाशवान संसार के समीप चला जाता है। साधक को न तो लौकीक इच्छाओं की पूर्ति की आशा रखनी चाहिए और ना ही परमार्थी की इच्छा की पूर्ति से निराशा ही होनी चाहिए। कामनाओं के त्याग में स्वतंत्र अधिकारी योग्य और समर्थ है परंतु कामनाओं की पूर्ति में कोई भी स्वतंत्र अधिकारी योग्य और समर्थ नहीं है। जैसे-जैसे कामनाएं नष्ट होती जाती है वैसे वैसे साधुता आती है, और जैसे-जैसे कामनाएं बढ़ती जाती है वैसे-वैसे साधुता आदि होती जाती है। कामना मात्र से कोई भी पदार्थ नहीं मिलता अगर मिलता भी है तो सदा साथ नहीं रहता।

उक्त बातें पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के क्रम में जीयर स्वामी महाराज ने कहीं। उन्होंने कहा कि ऐसी बात प्रत्यक्ष होने पर भी पदार्थों की कामना रखना प्रमाद ही है। मेरे मन की हो जाए इसको कामना कहते हैं। यह कामना ही दुख का कारण है। इसका त्याग किए बिना कोई सुखी नहीं रह सकता। जब हमारे अंतरण में किसी प्रकार की कामना नहीं रहेगी तब हमें भगवत प्राप्ति की भी इच्छा नहीं करनी पड़ेगी। प्रत्यूत भगवान स्वतः

प्राप्त हो जाएंगे। संसार की कामना से पशुता का और भगवान की कामना से मनुष्यता का आरंभ होता है। मनुष्य के जीवन में तभी कष्ट में होता है जब उसके मन में सुख की इच्छा होती है और मृत्यु तभी कष्टमई होती है जब जीने की इच्छा होती है। यदि वस्तु की इच्छा पूरी होती हो तो उसे पूरी करने का प्रयत्न करते और यदि जीने की इच्छा पूरी होती तो मृत्यु से बचने का प्रयत्न करते, परंतु इच्छा के अनुसार ना तो सब वस्तुएं मिलती है और न ही मृत्यु से बचाव ही होता है।

उन्होंने कहा कि इच्छा का त्याग करने में सब स्वतंत्र हैं कोई पराधीन नहीं है और इच्छा की पूर्ति करने में सब पराधीन है कोई स्वतंत्र नहीं है। सुख की इच्छा आशा और भोग यह तीनों संपूर्ण दुखों के कारण है। हमको बहुत सम्मान मिले इसी कारण जीवन में अपमान मिल जाता है। किसी भी चीज की मन में चाह रखना ही दरिद्रता है। लेने की इच्छा करने वाला सदा दरिद्र ही रहता है। मनुष्य को कर्मों का त्याग नहीं करना है बल्कि कामना का त्याग करना है। मनुष्य को वस्तु गुलाम नहीं बनाती उसकी इच्छा गुलाम बनाती है। यदि शांति चाहते हो तो कामना का त्याग करो कुछ भी लेने की इच्छा भयंकर दुख देने वाली है। जिसके पास भी इच्छा है उसको किसी न किसी के पराधीन होना ही पड़ेगा। अपने लिए सुख चाहना राक्षसी वृति है। भोग और संग्रह की इच्छा पाप कराने के सिवा और कुछ नहीं कराती। अतः इस इच्छा का त्याग कर देना चाहिए। अपने लिए भोग और संग्रह की इच्छा करने से मनुष्य पशुओं से भी नीचे गिर जाता है तथा इच्छा का त्याग करने से देवताओं से भी ऊंचे उठ जाता है।

मेराल में बस ने युवक को रौंद डाला, मौके पर मौत

नवीन मेल संवाददाता। मेराल

एनएच 75 परपढुआ मोड़ के पास शुक्रवार के अपराह्न करीब 3:00 बजे गढ़वा से बंशीधरनगर की ओर जा रही बस ने मोटरसाइकिल सवार युवक को रौंद डाला जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृत युवक नवल चौधरी (18) पिता उदय चौधरी मेराल थाना क्षेत्र के सोहबरिया गांव का रहने वाला था। मिली जानकारी के अनुसार नवल अपने मोटरसाइकिल से रिश्तेदार के घर जा रहा था। इसी दौरान पढुआ मोड़ के पास गढ़वा से बंशीधर नगर की ओर जा रही बस ने उसे चपेट में ले लिया। नवल अपने पिता का इकलौता पुत्र था। दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद मेराल पुलिस घटना पर पहुंच शव को कब्जे में लिया तथा उपस्थित लोगों के बीच पंचनामा के बाद अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजा। पुलिस द्वारा दुर्घटना में शामिल उक्त बस को कब्जे में ले लिया गया है।

27 करोड़ की लागत से स्टेशन का कायाकल्प किया जाएगा

नगर उंटारी रेलवे स्टेशन की जल्द ही बदली जायेगी सूरत

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

नगर उंटारी रेलवे स्टेशन की जल्द ही सूरत बदलेगी। 27 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन का काया कल्प किया जाएगा। 6 अगस्त को पीएम नरेंद्र मोदी नगर उंटारी रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ ऑनलाइन करेंगे। इसे लेकर नगर उंटारी रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के अलावे रेलवे के कई आला अधिकारी मौजूद रहेंगे। पीएम मोदी द्वारा किये जाने वाले शुभारंभ कार्यक्रम का बड़े स्क्रीन पर नगर उंटारी के प्लेटफार्म नंबर-1 पर प्रसारण करने की योजना है।

नगर उंटारी रेलवे स्टेशन की सूरत बदलने बदलने को लेकर रेलवे द्वारा पहले फेज का टेंडर भी जारी कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने अमृत भारत स्टेशन स्किम के तहत देश के प्रमुख रेलवे स्टेशनों की सूरत बदलने, सुंदरीकरण और यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिए बजट में प्रावधान किया है। इसी स्किम के तहत नगर उंटारी रेलवे स्टेशन की सूरत बदलने वाली है। रेलवे द्वारा स्टेशन के नवनिर्माण करने के लिए डिजाइन भी तैयार कर लिया गया है। रेलवे स्टेशन का बनने वाला भवन पूरी तरह आधुनिक होगा। इसके अलावे पार्क, प्लेटफॉर्म, फुटओवर ब्रिज, पर्किंग, पेयजल, फूडकोर्ट, प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ाने, यात्री शेड सहित कई काम किया जाना है। रेलवे के इस निर्णय से स्थानीय लोगो मे हर्ष व्याप्त है।

कार्यक्रम में शामिल होंगे नेता व कार्यकर्ता

गढ़वा। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि मोदी सरकार जिले में दो महत्वपूर्ण स्टेशनों का पुनर्निर्माण करने जा रही है। गढ़वा टाउन रेलवे स्टेशन एवं श्री बंशीधर नगर रेलवे स्टेशन पर भाजपा द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। दोनों कार्यक्रम में जिले के सभी नेता कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि आनेवाले दिनों में गढ़वा जिले का स्वरूप अलग होगा। इसके लिए भाजपा जनप्रतिनिधि दिन रात मेहनत कर रहे हैं। मोदी सरकार में रेलवे स्टेशन का काफी काम हुआ है। डबल लाइन बिजली युक्त व्यवस्था के क्षेत्र में काम हुआ है।

32 किलोमीटर सड़क की स्वीकृति दिलाये जाने पर लोगों में हर्ष

धुरकी। धुरकी प्रखंड क्षेत्र मे सांसद बीडी राम द्वारा करीब 32 किलोमीटर सडक की स्वीकृति दिलाये जाने से धुरकी के लोगों में हर्ष व उल्लास का माहौल है। सड़क की स्वीकृति दिलाये जाने से दामोदर जायसवाल संतोष जायसवाल अजय कुमार डॉ. रघुनाथ यादव संजय यादव ने सांसद के प्रति आभार जताया है। विदित हो कि सांसद के द्वारा धुरकी से शिवरी भाया केतमा 18 किमी धुरकी दोहर से दिव्याही रकशी 8 किलोमीटर धुरकी शिवरी भःडार 6 किलोमीटर कुल 32किलोमीटर प्रधानमंत्री सडक योजना से निर्माण की स्वीकृति दिलाई है। ज्ञात हो कि धुरकी शिवरी सड़क काफी क्षतिग्रस्त हो गयी थी। पैदल चलना भी काफी दुश्वार था। वाहन के साथ तो आवागमन काफी पीड़ादायक होता था। सांसद प्रतिनिधि सुदर्शन गुप्ता ने बताया कि सांसद आनेवाले समय में अन्य सड़कों के निर्माण के लिए प्रयासरत है कि शीघ्र ही अन्य सड़कों के निर्माण की स्वीकृति दिलाई जायगी।

जिप सदस्यों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा

प्रखंड में कार्यालय उपलब्ध कराने की मांग

नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी

खरौंधी जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान सहित गढ़वा जिला के सभी जिला परिषद सदस्यों ने अपने क्षेत्रान्तर्गत प्रखंड कार्यालय में जिला परिषद सदस्यों को बैठने के लिए कार्यालय उपलब्ध कराने को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन दिया।

गढ़वा जिले के सभी जिला परिषद के सभी सदस्यों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर प्रखंड में कार्यालय खुलवाने की मांग मुख्यमंत्री से की। जिला परिषदों का कहना है कि प्रखंड से लेकर जिला तक कहीं भी सदस्यों को बैठने के लिए स्थानन नहीं है, जबकि उनका निर्वाचन क्षेत्र प्रखंड से ही है। निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आम समस्या को समाधान करने हेतु प्रखंड मुख्यालय में एक कार्यालय की अति आवश्यकता है, जिससे आम जनता को सहूलियत हो सके। जिस प्रकार सांसद एवं विधायक गणों के लिए प्रखंड जिला एवं राज्य में सभी प्रखंड कार्यालयों में कार्यालय उपलब्ध है उसी प्रकार से जिला परिषद को भी प्रखंड एवं जिला में कार्यालय उपलब्ध कराई जाए, जिससे आम जनता की जरूरत को पूरा किया जा सके।

मौके पर खरौंधी जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य शर्मा रजनी सहित सभी जिला परिषद सदस्य उपस्थित थे।

स्कूल में लगा हेल्थ कैंप

श्री बंशीधर नगर। नगर पंचायत क्षेत्र के पुरना नगर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उपस्थित अनुमंडलीय अस्पताल के डॉ कैसर आलम ने बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी विस्तार से दी। शिविर में विद्यालय के 78 छात्र-छात्राओं की गहन स्वास्थ्य जांच की

गयी। शिविर में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अविनाश कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरिता देवी, शिक्षक उमाकांत सिंह, चंचला, शोभा आदि उपस्थित थे।

अभियुक्त को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया

भवनाथपुर। थाना पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय सुपुर्द किया। एस टी नंबर 78/2022 के वारंटी विजय पासवान पिता रामखेलावन पासवान अरसली झुमरी थाना भवनाथपुर जिला गढ़वा को गिरफ्तार कर न्यायालय में भेजा गया।

भर्ती कैंप में 16 युवाओं का किया गया चयन, 40 युवकों ने किये थे आवेदन

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा

थाना परिसर में अविरल सिक्युरिटी संस्थान द्वारा बेरोजगार युवकों को रोजगार देने के उद्देश्य से भर्ती कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैंप में सुरक्षा गार्ड के पद पर कार्य करने के लिये युवकों से आवेदन लिया गया, जिसमें करीब 40 युवकों ने आवेदन जमा किया था। वहीं आवेदन करने वालों का शारीरिक एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र जांच करने के उपरांत 16 युवकों का चयन किया गया। भर्ती अधिकारी भूषण नागेश्वर और जसवंत दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी चयनित उम्मीदवारों को 6 अगस्त को रांची जिला अन्तर्गत मेला टिकरा नगड़ी प्रशिक्षण केन्द्र बुलाया गया है, जहां पर इन सभी लोगों का एक महीना का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान ड्रिल, पीटी, परेड, कराटे तथा कंप्यूटर सिखाया जाएगा। प्रशिक्षण

पूर्ण होने के पश्चात सरकारी एवं गैर सरकारी संस्था पर कार्य के लिये भेजा जाएगा। यह भी बताया गया कि 18 अगस्त तक सभी थाना परिसर में सुबह 10:30 बजे से 4:00 बजे तक भर्ती कैंप का आयोजन किया जा रहा है, फार्म भरने से जो इच्छुक युवक छूट गए हैं वे भर्ती कैम्प में अपना आवेदन कर सकते हैं।

बागवानी योजना के तहत उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम

लोहरदगा। प्रखंड सेन्हा में शुक्रवार को मनरेगा अंतर्गत प्रखण्ड स्तरीय एक दिवसीय बागवानी योजना के तहत उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप सुनीता नीलमणि मिंज, सहायक तकनीकी पदाधिकारी डीआरडीए द्वारा बागवानी योजना के क्रियान्वयन एवं प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

इस कार्यक्रम में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) सेन्हा, बीपीएम जेएसएलपीएस, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता,आज छह पंचायत अलौदी, अरु, बूटी, मुकीतीड़ार, भड़गाँव, बदला के सभी मुखिया, सभी पंचायत सचिव, सभी ग्राम रोजगार सेवक, सभी ग्राम के बागवानी सखी/ मित्र और अन्य लोग उपस्थित रहे।

'एसटी के प्रति कांग्रेस की घटिया सोच सामने आई'

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष लोहरदगा मनीर उरांव ने झारखंड विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस के विधायक इरफान अंसारी के द्वारा बाबूलाल मरांडी को एक आदिवासी इतना तेज कैसे हो गया? कहने के मामले पर कहा कि यह कांग्रेस की विचारधारा है। आज तक जो कांग्रेस पार्टी के अंतमन में आदिवासी, जनजातियों के लिए था वह अब जुबान पर आ रहे हैं। यह बार बार कांग्रेस के नेताओं द्वारा हो रहा है। हमें याद है देश की प्रथम आदिवासी समाज से बनी भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए भी झारखंड कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने कुछ ऐसे शब्द का इस्तेमाल किया था। जिसका अर्थ जानने के बाद आमतौर पर एक अशिक्षित व्यक्ति भी नहीं करता। उसी क्रम में यह भी एक उदाहरण है जो कांग्रेस जनजाति समाज को लेकर कितनी बड़ी घटिया सोंच रखता है वह उभर कर सामने आई है। आदिवासी समाज को कभी एक जनप्रतिनिधि और नेतृत्वकर्ता के लायक नहीं समझते। सभी जानते हैं कि बाबूलाल मरांडी आदिवासी समाज के बड़े नेता हैं जिन्होंने राजनीति में अपने साकारात्मक विचार को लेकर चुनौतियों से समझौते नहीं किए। हमें पूर्ण विश्वास है यह शब्द जनता और आदिवासी समाज नहीं भूलेगी। आने वाले दिनों में लोकतंत्रिक ढंग से आदिवासी हितशियों का मुखौटा पहने ,आदिवासियों सहित समाज को उपेक्षा कर अंकठ भ्रष्टाचार में डूबी, कुशासन, तुष्टिकरण करनेवाली कांग्रेस और जेएमएम सरकार को उखाड़ फेकेने कार्य जनता करेगी।

संक्षिप्त

भाजयुमो जिलाध्यक्ष का सरकार पर प्रहार

गढ़वा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने हेमंत सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि प्रतियोगिता परीक्षा विधेयक 2023 को हेमंत सरकार ने विधानसभा में पारित कराया है, जो झारखंड में छात्रों , युवाओं के लिए काला कानून साबित होगा। इसके तहत नकल करते हुए पकड़े जाने पर कठोर दंड के तौर पर 10 साल तक सजा का प्रावधान, करोड़ों रुपये जुर्माना सहित अन्य कई नियम छात्र विरोधी साबित होंगे। जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जिलेभर के सभी मंडल में 4 अगस्त से 6 अगस्त तक विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों, युवाओं के बीच हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। 7 अगस्त को गोविंद हाईस्कूल के मैदान से भाजयुमो जिला समाहरणालय तक आक्रोश मार्च निकालकर राज्यपाल के नाम उपायुक्त गढ़वा को मांग पत्र सौंपा जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से भाजयुमो जिला महामंत्री विकास तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी नवीन जायसवाल, लक्ष्मीकांत पांडेय, राजीव रंजन पासवान, ओमप्रकाश पासवान, गोवावल मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

कांवड़िया को अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

माझिआंव। नगर पंचायत क्षेत्र के युवा समाजसेवी, ओबीसी कांग्रेस प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सह नगर पंचायत क्षेत्र के भावी अध्यक्ष प्रत्याशी मारुतनंदन सोनी ने मुख्य बाजार से जा रहे सैकड़ों कांवड़ियों के जत्थे को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं मुख्य बाजार से कांवड़ियों का जत्था गाजे बाजे के साथ निकला। कांवड़ियों ने नगर पंचायत के सभी देवस्थलों पर जाकर सभी देबी देवताओं का दर्शन करने के ततपश्चात बाबा के नगरी देवभूमि देवघर चल पड़े। वहीं सोनी ने कांवड़ियों के साथ गाजे-बाजे पर थिरकते देखे गए। इस मंगलमयी अवसर पर हर हर महादेव, बोलबम, शंकर भगवान की जय कई नारों की उद्घोष से वतावरण गुंजयमान हो उठा।

महिला को सांप ने डंसा, चल रहा इलाज

गढ़वा। श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के मंगरदह गांव निवासी अवधेश चौधरी की पत्नी कंचन देवी को बहिराजाड़ा सांप ने डंस लिया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि कंचन देवी अपने घर के आंगन में रखे मक्का के डंठल को हटा रही थी। इस दौरान उसके दायां पैर में सांप ने डस लिया। उसके स्वजनों ने सांप को पकड़ कर प्लास्टिक के पारदर्शी डिब्बे में बंद कर दिया। इसके बाद कंचन देवी के इलाज के लिए उसे लेकर अस्पताल आए।

किशोर को बिच्छू ने मारा डंक, अस्पताल में भर्ती

गढ़वा। मेराल थाना क्षेत्र के मेराल-नेनुआ मोड़ निवासी सत्येंद्र साह के पुत्र गोल्डेन कुमार को बिच्छू ने डंक मार दिया। इससे वह गंभीर रुप से बीमार हो गया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि गोल्डेन कुमार खेत में काम कर रहा था। उसके बायां पैर में बिच्छू ने डंक मार दिया। इससे उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। तब स्वजनों ने उसे सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया।

कवायद | आशीष चौबे बने अध्यक्ष, योगेंद्र राम बने जोन प्रभारी

बसपा की विस कमेटी का हुआ गठन

नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर

विधानसभा क्षेत्र के नगर प्रखंड के अनिकेत पैलेस में भवनाथपुर विधानसभा कमिटी बनाने को लेकर एक बैठक रखा गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर एवं कांशी राम की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करके किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश महासचिव मनीष कुमार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गढ़वा जिला अध्यक्ष सुनील कुमार गौतम ने की। कार्यक्रम में गढ़वा जिला उपाध्यक्ष सरवन कुमार कुशवाहा, बिधनसभा प्रखंड के नए पुराने पदाधिकारी की उपस्तिथि में विधानसभा कमेटी का गठन किया गया। इसमें आशीष चौबे को भवनाथपुर विधानसभा का अध्यक्ष

मनोनीत किया गया। भवनाथपुर विधानसभा को जोन में बांटकर एक जोन का प्रभारी योगेंद्र कुमार राम को बनाया गया, जबकि अन्य दो प्रभारी जल्द ही नियुक्त किये जाएंगे। विधानसभा उपाध्यक्ष बृजनाथ पासवान, महासचिव वजीर अंसारी, सचिव सत्येंद्र सिंह कुशवाहा, विधानसभा के पूरे प्रखंड में सेक्टर कमेटी बनाने को लेकर पूरे प्रखंड के पदाधिकारी को अलग-अलग तिथि दे दिए गए हैं और एक महीना के अंदर सेक्टर कमेटी बनाकर जिला कार्यालय को जमा करना है। बैठक में केतार प्रखंड की देखरेख कर रहे गौतम कुमार भवनाथपुर प्रखंड से, बसंत राम, गोलू कुमार, मदन कुमार, विपिन कुमार, हरिवंश यादव खरौंधी से, भीम राम, श्यामसुंदर राम, अरुण कुमार नगर से, अखिलेश राम राम, अवतार राम, बंशीधर राम, चंद्रिका सिंह, अरुण सिंह, वजीर अंसारी, दीपक कुमार, धीरेंद्र कुमार, बसंत कुमार इत्यादि लोग शामिल थे।

फलदार पौधे लगाये गये औषधीय पौधों का वितरण

नवीन मेल संवाददाता। मेराल

पतंजलि योग समिति सह भारत स्वाभिमान न्यास के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण के जन्म दिवस पर मेराल प्रखंड परिसर में फलदार पौधे लगाएं तथा औषधीय पौधों का वितरण कर जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पतंजलि के सह राज्य प्रभारी रासबिहारी तिवारी, बीडीओ प्रवेश कुमार साव, सीओ निकिता बाला, सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार, थाना प्रभारी नीतीश कुमार, विधायक प्रतिनिधि हेमंत कुमार सिंह मंडल सांसद प्रतिनिधि रूपु महतो सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुये। इस मौके पर प्रकृति और संस्कृति के साथ रहने की सलाह दी गई। इस मौके पर पतंजलि के संरक्षक

डॉ अनिल साह एवं प्रखंड प्रभारी बलराम शर्मा, सह प्रभारी रविंद्र प्रसाद गुप्ता के द्वारा दर्जनों फलदार एवं औषधीय पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिनेश गुप्ता, विजेश्वर प्रजापति, छोटन कुमार, विकास कुमार, नेत्र सहायक सुशील कुमार, हुमायूं कबीर, पत्रकार यासीन अंसारी विवेकानंद चौबे ब्रजेश मिश्रा भारत भूषण तिवारी शिक्षक सरोज पांडे, विनोद द्विवेदी, रामाकांत गुप्ता, विजय प्रसाद, परशु कुशवाहा इत्यादि उपस्थित थे।

राजनीतिक अवसरवादिता

राजनीति में कोई किसी का स्थाई मित्र व दुश्मन नहीं होता है। यह एक प्रकार से जुआ है। अवसरवादिता की पगडंडियों पर भले ही उबड़-खाबड़ रास्ते हों,लेकिन अपनी सियासत की दुकान चलाने के लिए कोई कभी भी किसी को धक्का दे सकता है। साथ ही गले लगा सकता है। यही कयास हाल के दिनों में बिहार के सीएम नीतीश कुमार की एनडीए में वापसी को लेकर फिर से अफवाहों का बाजार गर्म है। हालांकि यह सिर्फ कयास है। लेकिन अगर कहीं से कोई आवाज उठती है तो कुछ न कुछ सच्चाई जरूर रहती है। यहां नीतीश कुमार के बारे में पक्के तौर पर कोई कुछ नहीं कह सकता है। ये चर्चा तब शुरू हुई जब केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने बिहार में उनकी एनडीए में वापसी को लेकर बड़ा बयान दिया था। अब उनके इस बयान पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि नीतीश कुमार शुरू से ही एनडीए के हिस्सा रहे हैं, मुझे लगता है कि उनकी रामदास अठावले से बात हुई होगी और उनसे कुछ कहा होगा। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले पिछले दिनों पटना पहुंचे थे। जहां उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नीतीश कुमार हमारे है। और वो हमारे पास कभी भी आ सकते हैं। हम अब भी उनकी गैर मौजूदगी का एहसास करते हैं। इसके बाद केंद्रीय मंत्री श्री अठावले ने उन्हें सलाह दी कि वे मुंबई में विपक्ष की होने वाली बैठक में शामिल न हों। उन्होंने कहा कि जब अटल जी की सरकार थी तो वे केंद्र में रेल मंत्री थे, तबसे हम उनके साथ हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब उन्हें आरजेडी के साथ जाना ही था तो वे एनडीए में क्यों आये थे। बिहार के लोग हमारे लोग हैं। नीतीश कुमार हम सभी के मित्र हैं। हमने उन्हें सीएम बनाया, जबकि उनके पास सिर्फ 44 सीटें थी। उन्होंने नीतीश कुमार से अपील की है कि वे बिहार के एससी/एसटी समुदाय पर विशेष ध्यान दें। क्योंकि इन समुदायों के खिलाफ अत्याचार के मामले अधिक हैं। हालांकि, गृह मंत्री भरी सभा में सपष्ट तौर पर कहा था कि अब नीतीश कुमार से अब कोई समझौता नहीं होगा। उनके बीजेपी के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो गये हैं। गृह मंत्री ने ये बातें 2 अप्रैल को नवादा में कही थी। वहीं नीतीश कुमार ने भी एनडीए में वापसी को लेकर कई बार सिरे से खारिज कर चुके हैं। बता दें कि नीतीश कुमार विपक्षी गठबंधन के सबसे बड़े सूत्रधार रहे हैं। लेकिन गृह मंत्री के बयान उस समय के हैं। अब हालात कुछ और बने हैं। ऐसे में अठावले के बयान को पूरी तरह से खारिज भी नहीं किया जा सकता है। कारण नीतीश कुमार की आरजेडी से एकदम नहीं बन रही है। ऐसी स्थिति में एक बार नीतीश कुमार फिर पलट जायें तो कोई आश्चर्य नहीं होगी। कारण अवसरवादिता के दांत उनके पेट में हर समय मौजूद है। यह बात लालू यादव अच्छी तरह से जानते और समझते हैं। यही कारण है कि राजद अलर्ट मोड में आ गयी है। ऐसे लोकसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे समीप आयेगी,और कई नई राजनीतिक समीकरण सामने आयेगें। अब देखना है विपक्षी एकता के सूत्रधार नीतीश का अगला कदम क्या होगा?

नीतीश कुमार विपक्षी गठबंधन के सबसे बड़े सूत्रधार रहे हैं। लेकिन गृह मंत्री के बयान उस समय के हैं। ऐसे में अठावले के बयान को पूरी तरह से खारिज भी नहीं किया जा सकता है। कारण नीतीश कुमार की आरजेडी से एकदम नहीं बन रही है। ऐसी स्थिति में एक बार नीतीश कुमार फिर पलट जायें तो कोई आश्चर्य नहीं होगी।

इंटरनेट की पहुंच से भारतीय बच्चों पर बढ़ता संकट

डॉ. निवेदिता शर्मा

देश में लगातार अपराध एवं अन्य घटनाएं बढ़ रही हैं। इस आभासी अपराध में बड़ी संख्या में बच्चों को दोषी पाया गया है। भारत की आने वाली युवा पीढ़ी, भारत का भविष्य किस तरह से ऑनलाइन गेम और इंटरनेट की जद में न केवल अपराधी बन रहा है, बल्कि अनेक प्रकार की बीमारियों से घिर रहा है, इसके आंकड़े आज हमारे सामने मौजूद हैं। ऐसे में हम भविष्य के श्रेष्ठ और उज्ज्वल भारत की कल्पना करते हैं तो यह निश्चित ही बेमानी है। एक तरफ भारत का पड़ोसी मुल्क चीन है जो अपने यहां की युवा पीढ़ी को इंटरनेट की जद से बचाने और बच्चों को संवारने के लिए नये-नये नियम बना रहा है तो दूसरी तरफ भारत है, जहां इस प्रकार के नियम दूर-दूर तक दिखाई नहीं दे रहे कि कैसे बच्चों की पहुंच से इंटरनेट को दूर रखा जा सकता है। यह गौर करने वाली बात है कि विश्वभर में दो देशों भारत-चीन की तुलना लगातार होती है। प्रतिस्पर्धा के स्तर दुनिया में जब भी एशिया की बात आती है और यहां के देशों का परस्पर अध्ययन होता है, जिसमें फिर वह आर्थिक क्षेत्र हो, पॉपुलेशन की बात हो या फिर सभ्यता-संस्कृति, विविधता और विज्ञान की, हर स्तर पर चीन के साथ भारत का तुलनात्मक अध्ययन आपको देखने को मिलेगा, किंतु यदि चीन अपने बच्चों और भविष्य की पीढ़ियों को सुधारने के लिए कोई बड़ा कदम उठाता है तो उसमें भारत इस प्रकार का इनीशिएटिव लेते हुए फिलहाल दिखाई नहीं दे रहा है। भारत ने चीन से आर्थिक विषय में सबक लेकर अपने आयात-निर्यात को सुधारने के लिए खास कदम उठाये हैं। अन्य विषयों पर संवेदनशील और सजगता दिखाई है। बड़ा सवाल यह है कि ऐसी सजगता इस मामले में क्यों नहीं उठाई? सवाल इसलिए भी यह बड़ा है क्योंकि हमारे बच्चों की यह पीढ़ी ऑनलाइन गेम की आरामतलबी से इतनी गुम होती जा रही है कि वह उससे बाहर ही निकलना नहीं चाहती। दूसरा इसका नकारात्मक पक्ष यह सामने आया है कि इंटरनेट के प्रभाव के चलते बच्चे गलत रास्ते पर जा रहे हैं। आत्महत्या कर रहे हैं। जिद्दी हो रहे हैं। अपने माता-पिता और भाई-बहनों के प्रति हिंसात्मक हो गये हैं। दूसरे देशों में बातचीत करते हैं और घर की जो जानकारी या माता-पिता की व्यक्तिगत, व्यावसायिक या शासकीय जानकारी जो साझा नहीं करने की है, वह भी बातों में आकर उन्हें बता दे रहे हैं, जिन्हें वे सामने से जानते तक नहीं। फिर वे कौन हैं, देश के दुश्मन तो नहीं, यह एक बड़ा खतरा आज हमारे सामने है। देश में कन्वर्जन के लिए भी बच्चों के बीच गेमिंग का उपयोग करते हुए पाया गया है। दूसरी तरफ चीन है जोकि लगातार इस मामले को लेकर सचेत नजर आ रहा है। कई केस स्टडी हमारे सामने हैं। उत्तर प्रदेश के एक केस में 16 साल के लड़के ने अपनी मां की सिर्फ इसलिए हत्या कर दी क्योंकि वो उसे मोबाइल पर खेलने से रोकती थी। मध्य प्रदेश के सागर में 12 साल के बच्चे ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। इसी प्रकार से बिहार से खबर आई कि दसवीं क्लास में पढ़ रहे छात्र ने अपनी खुद की किडनैपिंग का ही नाटक रच दिया, पुलिस पूछताछ में पता चला कि उस बच्चे को वीडियो गेम खेलने के लिए महंगा फोन खरीदना था। पंजाब में एक 17 वर्षीय किशोर ने पबजी खेलने के लिए पिता के अकाउंट से 17 लाख रुपये निकाल लिए थे । मोहाली में अपने दादा के बैंक अकाउंट से एक बच्चे ने दो लाख रुपये निकालकर ऑनलाइन गेम में लगा दिये। एक केस में तो फ्री फायर और पबजी में पैसे लगाने के लिए नाबालिग ने अपने चचेरे भाई जो एक बच्चा था उसकी न सिर्फ गला दबाकर हत्या की बल्कि उसे जमीन में दफना भी दिया था। देश भर में आज इस प्रकार के अनेक प्रकरण देखने को मिल रहे हैं। किंतु यह जो इंटरनेट का मायाजाल है और गेम्स के कारण बच्चे बर्बाद हो रहे हैं, इसे चीन ने तो जान लिया और अपने यहां इसके समाधान के उपाय शुरू कर दिये हैं, क्या भारत इसके लिए तैयार है? चीन की इंटरनेट निगरानी संस्था ने बच्चों के ज्यादा समय तक स्मार्टफोन इस्तेमाल करने पर अंकुश लगाने के लिए नियम तैयार किये हैं। चीन अपने साइबर स्पेस प्रशासन (सीएसी) के माध्यम से अपने बच्चों के लिए जो नीति लेकर आया है, उस पर भारत को भी विचार करना चाहिए। यहां 16 से 18 साल तक के बच्चे के लिए इंटरनेट इस्तेमाल के दो घंटे निर्धारित किये गये हैं। आठ से पंद्रह साल आयु वर्ग एक घंटे ही स्मार्टफोन चलायेंगे । आठ वर्ष से कम उम्र के बच्चों को केवल 40 मिनट की अनुमति देना तय हुआ है । चीन ने अपने बच्चों में इंटरनेट के अधिक उपयोग और मोबाइल के दुष्प्रभाव के तौर पर पाया है कि इससे बच्चों की नींद सबसे अधिक प्रभावित हुई, वे सुबह उठने के बाद थकान और सुस्ती महसूस करते हैं। आंखें जल्द बूढ़ी हो रही हैं, पुतलियां सिकुड़ रही हैं। नजरें कमजोर होने से बहुत कम आयु में अधिकांश बच्चों को चश्में लगाये गये हैं। शारीरिक और मानसिक विकास रुक गया है। बच्चों के फोकस, अटेंशन और मेमोरी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। व्यवहार में चिड़चिड़ापन आने के साथ बच्चों का इंटरेक्शन कम हुआ है। वास्तव में यह चीन अकेले देश के बच्चों की समस्या नहीं है, भारत के बच्चों में भी समान रूप से यही नकारात्मक लक्षण इंटरनेट के अत्यधिक उपयोग से बच्चों में देखे जा रहे हैं। के.पी.एम.जी. फर्म और नॉर्टन लाइफ लॉक इंक की इंडिया डिजिटल वेलनेस रिपोर्ट हमारे सामने है। इस प्रकार की अन्य कई रिपोर्ट भी हैं, जो यह साफ बता रही हैं कि भारत की 50 से लेकर 57 प्रतिशत बच्चों की जनसंख्या ऑनलाइन गेम्स की गिरफ्त में है। यदि सरकार इस दिशा में कोई कड़े कदम नहीं उठाती तो इस साल के अंत तक यह आंकड़ा अनुमानतः 60 प्रतिशत को पार कर जायेगा। इसमें भी चिंता की बात यह है कि बच्चे ज्यादातर शूटिंग वाले गेम्स खेल रहे हैं। इसके कारण से उनके जीवन में हिंसा साफ झलकती है। जिद्दी होने के साथ उनकी आदत में गुस्सैल प्रतिक्रिया शुमार हो गई है। पचास फीसदी माता-पिता अपने बच्चों की इस आदत से परेशान हैं, वह उन्हें कंट्रोल करने में अपने को असक्षम पा रहे हैं। ऐसे में यह जरूरी हो गया है कि चीन की तरह ही भारत भी अपने यहां इस दिशा में कठोर कदम उठाये। यदि हम आज चूक गए तो भारत के सामने भविष्य के अपने युवाओं को लेकर बहुत बड़ा संकट सामने खड़ा है। **(लेखिका, मप्र राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य हैं।)**

देश में कन्वर्जन के लिए भी बच्चों के बीच गेमिंग का उपयोग करते हुए पाया गया है। दूसरी तरफ चीन है जोकि लगातार इस मामले को लेकर सचेत नजर आ रहा है। कई केस स्टडी हमारे सामने हैं।

इन दिनों

बोधि वृक्ष

आइये सुने कथा गुरु द्रोणाचार्य की

'बताओ तुम्हें पेड़ पर क्या दिखाई दे रहा है?' आचार्य ने पूछा। लगभग सभी राजकुमारों ने कहा कि उन्हें चिड़िया के साथ-साथ पेड़, आकाश और वृक्ष की पत्तियां तक दिखाई दे रही हैं। सबसे अंत में उन्होंने अर्जुन से पूछा कि उसे क्या दिखाई दे रहा है। इस पर अर्जुन ने कहा- 'गुरुदेव! मुझे तो चिड़िया की आंख दिखाई दे रही है बस।' तो फिर बाण चलाओ।' द्रोणाचार्य ने कहा। अर्जुन ने तीर चलाया तो वह सीधा चिड़िया की आंख में जा लगा। सभी ने अर्जुन के बाण संधान पर उसकी प्रशंसा की और तालियां बजाईं। 'अर्जुन! तुम मेरी सभी परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुए हो। मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि युद्ध में कोई भी धनुर्धारी तुम्हें हरा नहीं पायेगा।' आचार्य द्रोण ने उसकी प्रशंसा की और उसे आशीर्वाद दिया। सभी राजकुमारों की शिक्षा-दीक्षा पूरी होने पर द्रोणाचार्य ने अपने सभी शिष्यों से गुरु-दक्षिणा मांगी। उन्होंने कहा - 'पांचाल नरेश द्रुपद को बंदी बनाकर मेरे सामने लाओ।' सबसे पहले दुर्योधन और कर्ण द्रुपद को बंदी बनाने गये, किंतु वे उसे बंदी बनाने में नाकामयाब रहे। हारकर वे वापस लौट आए। दुर्योधन ने वास्तव में मन से प्रयास भी नहीं किया था, क्योंकि द्रोणाचार्य ने कर्ण को धनुर्विद्या सिखाने के लिए मना कर दिया था। कर्ण दुर्योधन का मित्र था। इसी बात से वह चिढ़ा हुआ था। दूसरी बार द्रोण ने अर्जुन को भेजा। अर्जुन ने पांचाल नरेश की सेना को तहस-नहस कर दिया और राजा द्रुपद को उसके मंत्रियों सहित बंदी बनाकर ले आया। द्रुपद को सिर झुकाए अपने सामने खड़ा देख द्रोणाचार्य ने मुस्कराते हुए कहा–'मित्र डरो मत! भले ही तुमने मेरा अपमान किया, पर मैं तुम्हारा अपमान नहीं करूंगा। अब तुम्हारा सारा राज्य मेरा है, किंतु मैं अपनी मित्रता का निर्वाह करते हुए तुम्हें तुम्हारा आधा राज्य लौटाता हूं, ताकि तुम्हारी मित्रता बराबरी पर बनी रहे।'

(क्रमशः)

जम्मू-काश्मीर में शांति का सूर्योदय

मृत्युंजय दीक्षित

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35-ए हटाये जाने के कल (शनिवार) चार वर्ष पूर्ण हो जायेंगे। राष्ट्र इसके महत्वपूर्ण परिणाम की व्यापक अनुभूति कर रहा है। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद वहां शांति और विकास का एक नया युग प्रारम्भ हुआ है। श्रीनगर में जी -20 की बैठकें बहुत ही शांत व सुरम्य वातावरण में संपन्न हुई हैं। चीन और पाकिस्तान ने जी -20 की बैठकों में खलल डालने का हर संभव प्रयास किया किंतु वह नाकाम रहे। यह जम्मू-कश्मीर ही नहीं संपूर्ण भारत के लिए गर्व के पल रहे। जम्मू-कश्मीर में पर्यटन उड़ान भर रहा है। उत्तरी कश्मीर का बांदीपोर जिला पर्यटन के नये केंद्र के रूप में पहचान बना रहा है। यहां वुलर झील के किनारे स्थित जुरीगंज हो या फिर गुलाम कश्मीर और जम्मू-कश्मीर को अलग करने वाली नियंत्रण रेखा से सटा गुरेज, पूरे जिले में पर्व जैसा वातावरण है। एक समय इस जिले के जंगलों में आतंकियों ने प्रशिक्षण केंद्र खोल रखे थे और वह हथियारबंद होकर जिले में टहला करते थे। अब वहां पर्यटकों के शिविर लगे हैं। श्रीनगर की डल झील में शिकारे वापस आ गये हैं। जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध हिंदू मंदिरों की घंटियों और आरती के स्वरों से वातावरण पवित्र हो रहा है। 75 वर्षों के सतत उत्पीड़न के पश्चात कश्मीर में हिंदू पर्व फिर मनाये जाने के प्रयास हो रहे हैं। श्रीनगर घाटी में दशहरा धूमधाम से मनाया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर में सिनेमाघर खुल चुके हैं और फिल्मों की शूटिंग होने लगी है। स्कूलों में रौनक : जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद व अलगावाद के कारण 2008 से 2021 तक (इसमें 20-21 का कोविड काल भी है) के लंबे कालखंड में स्कूल-कालेज प्रायः बंद रहे किंतु अब बच्चों के चेहरों पर मुस्कान वापस आ गई है। एक समय वह भी था जब आतंकवादियों के खौफ से स्कूलों में सन्नाटा होता था। जम्मू-कश्मीर का युवा पत्थर और हथियार छोड़ कर विकास की गंगा के साथ खड़ा हो रहा है। वह फुटबाल, क्रिकेट, हाकी और कुश्ती के दांवपेंच सीख रहा है। अनुच्छेद -370 समाप्त होने के बाद यहां पंचायत चुनाव शांतिपूर्वक और बिना किसी भेदभाव के साथ संपन्न हुए हैं। बदले परिवेश में निवेशक भी यहां निवेश करने के लिए आकर्षित हो रहे हैं। आतंकवाद पर नियंत्रणः कठोर रुख के कारण आतंक समर्थक इको सिस्टम नियत्रिंत ही नहीं अपितु कई जिलों में पूरी तरह समाप्त हो चुका है। इसका पता इसी से चलता है कि 2018 में आतंकियों की भर्ती 199 से गिरकर 2023 में 12 रह गई है। 2018 में बंद व हड़ताल की 53 घटनाएं हुई थीं जो 2023 में अब तक शून्य हैं। 2018 में संगठित पत्थरबाजी की कुल घटनाएं 1,769 हुई थीं जो 2023 में अभी तक शून्य हैं। जम्मू-कश्मीर में इस वर्ष 27 से अधिक आतंकी मारे जा चुके हैं। अब केवल बचे-खुचे लोगों की एक भड़ास है जो कभी -कभी फूटती रहती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को अनुच्छेद-370 और 35-ए को समाप्त करने पर जम्मू-कश्मीर के परिवारवादी, स्वार्थवादी, अलगाववादी राजनेता जनसभाओं में चेतावनी देते थे कि अगर ऐसा हुआ तो घाटी में कोई तिरंगा फहराने वाला नहीं मिलेगा। आज वह सभी हतप्रभ हैं। अलगावावादी नेताओं, पत्थरबाजों तथा दो -तीन परिवारवादी नेताओं की कश्मीर की धरती से जड़ें हिल गई हैं। जम्मू-कश्मीर में खून की नदियां बहाने की धमकी देने वाले लोगों की आंखें फटी की फटी रह गई हैं। आज पूरे जम्मू-कश्मीर में तिरंगा फहराया जा रहा है। जम्मू ही नहीं अपितु पूरी घाटी में प्रधानमंत्री के हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत हर घर में तिरंगा फहराया गया।

चीन और पाकिस्तान ने जी -20 की बैठकों में खलल डालने का हर संभव प्रयास किया किंतु वह नाकाम रहे। यह जम्मू-कश्मीर ही नहीं संपूर्ण भारत के लिए गर्व के पल रहे। जम्मू-कश्मीर में पर्यटन उड़ान भर रहा है।

शांति

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से



डेढ़ अरब की आबादी के लिये घातक है साम्प्रदायिक हिंसा

ललित गर्ग

हरियाणा के जिला नूंह में धार्मिक शोभायात्रा पर पथराव के बाद भड़की साम्प्रदायिक हिंसा ने जो विकराल रूप लिया है वह भयावह एवं चिन्ताजनक तो है ही, यह सवाल भी छोड़ता है कि कानून-व्यवस्था को चुनौती देते हुए साम्प्रदायिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने की ऐसी घटनाएं आखिर थम क्यों नहीं रही हैं? क्यों प्रशासन अराजक तत्वों के आगे इतना बेबस हो जाता है? क्यों चुनावों से पहले ही ऐसी अराजक एवं साम्प्रदायिक शक्तियों सक्रिय होकर देश की शांति एवं सौहार्द की स्थितियों को तार-तार करने लगती है? क्यों नफरती, घृणा एवं द्वेष के भड़काव भाषणों पर नियंत्रण का बांध नहीं बांधा जाता? क्यों बार-बार सुप्रीम कोर्ट से इस तरह की हिंसा, आगजनी एवं साम्प्रदायिकता के खिलाफ गुहार लगानी पड़ती है? अगर हर बार हिंसा रोकने के लिये गुहार न्यायपालिका से करनी पडे, तो विधायिका एवं कार्यपालिका की सार्थकता कितनी रह जाती है? इन प्रश्नों के अलावा मूल प्रश्न है कि आखिर नूंह की घटना ने समूचे हरियाणा को हिंसा की आग में क्यों और किस तरह झोंक दिया और इसका जिम्मेदार कौन है? नूंह की साम्प्रदायिक हिंसा एक षडयंत्र एवं सुनियोजित साजिश थी। इस हिंसा के मामले में आवश्यकता इसकी भी है कि उसके पीछे के कारणों की तह तक जाया जाय, क्योंकि इतनी भीषण हिंसा बिना किसी सुनियोजित साजिश के नहीं हो सकती। नूंह में भयावह साम्प्रदायिक उन्माद एवं हिंसा में जलाभिषेक यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के साथ पुलिस को निशाना बनाया गया, बड़े पैमाने पर आगजनी, गोलीबारी और लूटपाट हुई, तभी इसके प्रतिक्रियास्वरूप अन्य इलाकों में हिंसा हुई, जिससे बचा जा सकता था। एक वर्ग विशेष में इस तरह की हिंसा को जानबूझकर दावानल बनने दिया जा रहा है, जिसका विस्फोट कभी हरियाणा तो कभी दिल्ली, कभी राजस्थान तो कभी अन्य प्रांतों में होता रहता है, जिसमें राजनीतिक दलों के अलावा, बुद्धिजीवी वर्ग एवं मीडिया की सक्रिय भूमिका है। इन पर नियंत्रण के लिये जरूरत सख्त कदम उठाने की हैं। नूंह हो या दिल्ली, किसी भी दोषी को बचाने की जरूरत नहीं हैं। हम आज एक अराजक एवं उन्मादी तत्व को बचायेंगे तो कल ऐसे दस पैदा हो जायेंगे। इसके लिये उत्तरप्रदेश का योगी मॉडल ही कारगर है। साम्प्रदायिक तनाव एवं हिंसा की हर घटना के बाद एहतियाती उपाय भी खूब होते हैं लेकिन इस अहम सवाल का जवाब हमेशा बहुत पीछे छूट जाता है कि आखिर दंगों की ऐसी आग, आये दिन देश के अलग-अलग हिस्सों को क्यों झुलसाने लगी है? दूसरा सवाल यह भी कि ऐसी साम्प्रदायिक हिंसा के लिए दोषी किसे ठहराया जाय? नूंह के मामले को भी बारीकी से समझा जाय तो लगता है कि प्रशासन और पुलिस ने इस धार्मिक जुलूस को लेकर सोशल मीडिया पर हो रही बयानबाजी को गंभीरता से नहीं लिया। संवेदनशील इलाकों में धार्मिक जुलूस की अनुमति देने से पहले जो पड़ताल की जानी चाहिए वह आखिर क्यों नहीं की गई? नूंह ही नहीं, बल्कि ऐसे सभी मामलों में सरकार में बैठे लोगों को इन सवालों के जवाब गंभीरता से तलाशने होंगे। एक बात और, ऐसे दंगों के बाद राजनेताओं और धर्म के ठेकेदारों के बयानों पर भी नजर रखनी होगी जो बेवजह समुदायों को उकसाने का काम करते हैं। हेट-स्पीच का बढ़ता प्रचलन ऐसी साम्प्रदायिक हिंसा को भड़काने का मूल कारण है। न जाने कितने नफरती भाषण ऐसे रहे, जिनमें किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई।

एक वर्ग विशेष में इस तरह की हिंसा को जानबूझकर दावानल बनने दिया जा रहा है, जिसका विस्फोट कभी हरियाणा तो कभी दिल्ली, कभी राजस्थान तो कभी अन्य प्रांतों में होता रहता है।

देश

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

NEWS इन ब्रीफ

पति-पत्नी व पुत्री की करंट लगने से मौत

छतरपुर। जिले के सटई थाना क्षेत्र के कसार गांव में शुक्रवार सुबह खेत में काम कर रहे एक ही परिवार के तीन लोग करंट की चपेट में आ गए। हादसे में पति, पत्नी और बेटी की करंट लगने से मौत हो गई। आसपास मौजूद लोग तीनों को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टर से ईलाज के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया। एक साथ एक ही परिवार के तीन लोगों की असमय मौत से गांव में शोक का माहौल है। जानकारी अनुसार बिजावर अनुविभाग क्षेत्र के सटई थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम कसार में शुक्रवार की सुबह हल्कू पुत्र छक्की लाल रैकवार (56 साल), फूला बाई पत्नी हल्कू रैकवार (50 साल) और काजल पुत्री हल्कू रैकवार (17 साल) पिपरमेंट खेत पर काम कर रहे थे। इस दौरान अचानक तीनों करंट की चपेट में आ गए। जैसे ही आसपास मौजूद लोगों को घटना की सूचना लगी तीनों को तुरंत सटई अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया।

विस्फोटक रखने के आरोप में एनआईए ने तृणमूल के नेता को दबोचा

कोलकाता। बीरभूम के तृणमूल कांग्रेस नेता को अवैध विस्फोटक रखने के आरोप में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गिरफ्तार कर लिया है। तृणमूल के स्थानीय क्षेत्र अध्यक्ष और पंचायत सदस्य इस्लाम चौधरी को गुरुवार देर रात पैकार थाने के कुशमोर गांव स्थित उनके घर से हिरासत में लिया गया। उसे पाइकरर थाना लाया गया। उससे रात से शुक्रवार दोपहर तक लगातार पूछताछ की गई। दोपहर बाद उसे कोलकाता लाया जा रहा है।

एनआईए सूत्रों के मुताबिक, मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य परीक्षण के बाद तृणमूल नेता को कोलकाता ले जाया जा रहा है। हाल ही में संपन्न पंचायत चुनावों में इस्लाम चौधरी ने मुराराई-दो ब्लॉक के कुशमोर-2 नंबर ग्राम पंचायत में तृणमूल उम्मीदवार के रूप में निर्विरोध जीत हासिल की है। एनआईए ने इससे पहले बीरभूम में अवैध विस्फोटकों का कारोबार करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। इनमें नलहाटी के एक अन्य तृणमूल नेता मनोज घोष शामिल थे। मनोज ने नलहाटी के बनियूर ग्राम पंचायत में तृणमूल उम्मीदवार के रूप में पंचायत चुनाव भी जीता। मनोज के बाद इस बार एक और तृणमूल नेता को एनआईए ने गिरफ्तार किया है।

प्रतापगढ़ में दर्शनार्थियों से भरा टेंपो पलटा, दो की मौत

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ जिले के लालगंज कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर बाबा धाम के लिए जा रहा दर्शनार्थियों से भरा टेंपो लालगंज-कालाकांकर रोड पर वर्मा नगर भेभौरा मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। टेंपो के पलटते ही वहां चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे में दो किशोरियों की मौत हो गई है। घुइसरनाथ धाम के लिए जा रहा दर्शनार्थियों से भरा टेंपो लालगंज-कालाकांकर रोड पर वर्मा नगर भेभौरा मोड़ के पास शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे असंतुलित होकर सड़क के किनारे पलट गया और दो किशोरियों की मौत हो गई। यह टेंपो मालवाहक था, जिसमें पीछे डाला था। कोई सीट नहीं लगी थी। लालू पट्टी थाना संग्रामगढ़ के रामसुमेर निशान चढ़ाने के लिए घुइसरनाथ धाम डाला टेंपो से जा रहे थे। उसी में घर परिवार और गांव के लोग दर्शन करने के उद्देश्य से सवार थे। टेंपो पलटने से इसमें सवार सभी 17 लोग दब गए और चीख-पुकार मच गई। हादसे में सुरेश कुमार की 17 वर्षीय पुत्री कोमल और राम सुमेर की इसी उम्र की पुत्री सीमा देवी को लालगंज ट्रामा सेंटर में मृत घोषित कर दिया गया।

सीएम योगी ने मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम के तहत शोधार्थियों से किया संवाद, कहा

लक्ष्य पर फोकस करें शोधार्थी

एजेंसी। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लोकभवन में मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम के तहत 100 आकांक्षात्मक विकासखण्डों में कार्यरत शोधार्थियों से संवाद, आकांक्षात्मक विकासखण्डों की प्रगति पुस्तिका का विमोचन, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आकांक्षात्मक विकासखण्डों को प्रोत्साहन राशि का वितरण किया। इस मौके पर वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना के अंतर्गत प्रदेश के आकांक्षात्मक विकासखंडों में कार्य कर रहे शोधार्थी स्वयं को योजक के रूप में मानकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करें। देखें कि आपके विकासखंडों में शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान, महिला और इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में कैसे बेहतरीन कार्य किया जा सकता है। जो शोधार्थी अपने तीन साल का टेन्योर मेहनत और प्रतिबद्धता के साथ पूरा करेगा व बेहतरीन शोध प्रबंधन लिखकर प्रस्तुत करेगा, सरकार की ओर से उसे एज रिलेक्सेशन के साथ सरकारी नौकरी में भी वेटेज प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि 2018 में नीति आयोग ने देश के 112 जनपदों को आकांक्षात्मक जनपद के रूप में चयनित किया था। इनमें उत्तर प्रदेश के आठ जिले, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, चंदौली, सोनभद्र, चित्रकूट और फतेहपुर जनपद शामिल किये गये। यह वे जनपद थे जो विकास की मुख्य धारा से पीछे छूट गये थे। प्रदेश के सभी 08 जनपद देश के 112 आकांक्षात्मक जनपदों की लिस्ट में भी सर्वाधिक पिछड़े स्थान पर थे। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और जल संसाधन, रोजगार, स्किल डेवलपमेंट, फाइनेंशियल इन्क्लूजन और इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में ये जिले पिछड़े थे। मगर आज हमारे 08 में से 04 जनपद देश के टॉप 10 आकांक्षात्मक जनपद में जबकि, टॉप 20 में सभी हमारे सभी 08 जनपद शामिल हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के विकास की धुरी गांव हैं। ग्रामीण व्यवस्था जितना आत्मनिर्भर होगी, देश और प्रदेश भी उसी अनुपात में आत्मनिर्भर होगा। उन्होंने कहा कि न तो हमारे पास फंड की कमी है और न ही मैन पॉवर की। हमारे शोधार्थी जोकि तीन साल के लिए फेलोशिप पर अपने अपने विकासखंडों में कार्य कर रहे हैं वे योजक बनकर कार्य करें। यह सुनिश्चित करें कि हम सरकार की योजनाओं को कैसे जनता के साथ जोड़ सकते हैं। सभी शोधार्थी एक लक्ष्य लेकर चलें कि जबतक उनके फेलोशिप का टेन्योर खत्म हो तबतक उनका ब्लॉक सर्व शिक्षा अभियान में शत प्रतिशत हो, उनका ब्लॉक टीबी मुक्त हो चुका हो। इसके साथ ही किसानों से जुड़ी योजनाओं की जानकारी और महिला एवं बालिकाओं से जुड़ी सरकारी स्कीम भी जनता के बीच लेकर जाएं और योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करें। बच्चों के स्कूल जाने, बेटियों को कन्या सुमंगला योजना का लाभ मिलने, किसान सम्मान निधि और फसल बीमा योजना पर काम करें। आपके विकासखंड में पर्यटन की क्या संभावनाएं हो सकती हैं, स्वच्छता को लेकर लोगों में जागरूकता, बेहतर कनेक्टिविटी और इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी आवश्यकताओं को भी शासन के अधिकारियों को अवगत कराएं। प्रयास करें कि हर महीने आप 30 ग्राम पंचायतों का दौरा करें और अपनी रिपोर्ट तैयार करें।

पूर्व एमएलसी हुलास पांडेय के बेटे अक्षत की ब्रेन हेमरेज से मौत

पटना। पूर्व एमएलसी और लोजपा (रामविलास) के नेता हुलास पांडेय के बड़े बेटे अक्षत की ब्रेन हेमरेज से मौत हो गई है। अक्षत शुक्रवार सुबह घर के बाथरूम में गिर गया। परिजनों ने उसे आनन-फानन में पारस अस्पताल में दाखिल कराया। डॉक्टरों के अनुसार अक्षत कई प्रकार की चुनौतियां झेल रहा था, जिसमें श्वसन सम्बंधी विकार शामिल था। इसके बीच उसके नाक और कान से खून आ रहे थे। उसे चिकित्सकों ने आईसीयू में भर्ती किया और इलाज शुरू किया गया लेकिन कुछ घंटे में ही अक्षत की मौत हो गयी। डॉक्टरों ने मौत की वजह ब्रेन हेमरेज बताया है। पुलिस के सामने ही पूर्व एमएलसी के समर्थक बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को लेकर चले गए। अक्षत तीन भाई बहन में सबसे बड़ा था। वह बहन के साथ बेंगलुरु में रहकर पढ़ाई कर रहा था और कुछ ही दोनों पहले पटना आया था। पुलिस का कहना है कि इस मामले में जांच चल रही है। हुलास पांडेय लोजपा (रामविलास) के सुप्रीमो चिराग पासवान के बेहद करीबी हैं। वे बक्सर से एमएलसी रह चुके हैं। उनकी पहचान बाहुबली नेता के तौर होती है।

ठगी मामला: नुसरत की संस्था पर प्राथमिकी दर्ज

एजेंसी। कोलकाता

बुजुर्ग नागरिकों से 24 करोड़ की ठगी मामले में तृणमूल कांग्रेस की अभिनेत्री सांसद नुसरत जहां की संस्था के खिलाफ कोलकाता पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। लाल बाजार स्थित कोलकाता पुलिस मुख्यालय सूत्रों ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की है।

बताया गया है कि संस्था के खिलाफ वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज की गई है। सूत्रों ने बताया है कि गरियाघाट थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। हालांकि यह भी पता चला है कि इस तरह की लिखित शिकायत पहले से ही जमा कराई गई थी और इस मामले में कोर्ट ने कोलकाता पुलिस की खुफिया विभाग को जांच कर रिपोर्ट सौंपने को भी कहा था। इस मामले में संस्था के सभी निदेशकों और कर्मचारियों से पूछताछ की गई थी। सभी ने रुपये लेने की बात स्वीकार भी की थी। अब नए सिरे से इस पर जांच शुरू की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014 में 429 वरिष्ठ नागरिकों से 5.55 लाख प्रति व्यक्ति लिया गया था। उन्हें वादा किया गया था कि न्यू टाउन में हिडको के पास थ्री बीएचके फ्लैट तीन सालों के भीतर दिया जाएगा लेकिन 10 साल के करीब वक्त होने को है। किसी को कुछ नहीं मिला है। जिस संस्था ने यह ठगी की है उसकी निदेशक मंडली में नुसरत जहां भी शामिल हैं। इसलिए नुसरत के खिलाफ भाजपा नेता शंकुदेब पांडा ने नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के कहने पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के पास भी गत सोमवार को लिखित शिकायत दर्ज करा कर सारे दस्तावेज जमा कराए हैं। इसके दो दिन बाद नुसरत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सफाई दी थी लेकिन सवाल पूछे जाने के बाद भड़क गई थी।

इंडिया गठबंधन के प्रभाव का नतीजा है एनडीए की बैठक: संजय झा

एजेंसी। पटना

जल संसाधन मंत्री संजय झा ने कहा कि जुलाई माह में अनुमान के मुताबिक 48 फीसदी कम बारिश हुई है, जो चिंता का विषय है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार स्वयं इस पर नजर बनाए हुए हैं। सोन, गंडक और कोशी में अत्यधिक पानी पहुंचाने का कार्य भी प्रगति पर है। ज्यादातर जगहों पर सरकार नहर के द्वारा पानी पहुंचा रही है। वह शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए संजय झा ने कहा कि अभी तक केंद्र की ओर से किसी भी तरह का कोई सहयोग प्राप्त नहीं हुआ

है। बिहार सरकार अपने क्षमतानुसार किसानों को सुविधा पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। एनडीए गठबंधन की लगातार हो रही बैठक पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि इतने वर्षों में कभी भी एनडीए गठबंधन की बैठक नहीं बुलाई गई थी लेकिन इंडियन गठबंधन की ताकत से घबराई हुई भाजपा ने एनडीए गठबंधन का बैठक बुलाने का निर्णय लिया। झा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी विपक्षी दलों को एक मंच पर जुटाने का जो मुहिम शुरू किया था वह अब रंग ला रही है। भाजपा के लोग कहते थे कि विपक्षी दलों को एकजुट करना मुश्किल काम है लेकिन आज विपक्षी पार्टियों की एकजुटता का ही प्रभाव है कि भाजपा अपने घटक दलों के साथ बैठक करने पर मजबूर हो रही है। मुख्यमंत्री ने बिहार में कानून का शासन स्थापित कर पूरे देश में संदेश दिया। हमारे यहां पुलिस वालों को फर्जी एनकाउंटर करने की छूट नहीं दी जाती है।

सुवेंदु अधिकारी ने बंगाल के मुख्य सचिव के खिलाफ कार्रवाई के लिए केंद्र को लिखा पत्र

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के तहत कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग को पत्र लिखकर राज्य के मुख्य सचिव एच.के. द्विवेदी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है। पत्र में, जिसकी एक प्रति विपक्ष के नेता ने कैबिनेट सचिव और केंद्रीय वित्त सचिव के अधिकारियों को भी भेजी है, मुख्य सचिव पर मुख्यमंत्री की मीडिया बातचीत का हिस्सा बनकर अपने सेवा नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है।

अधिकारी ने सवाल किया है कि अखिल भारतीय सेवा कैडर का एक अधिकारी, जो वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा दिए गए सेवा विस्तार का आनंद ले रहा है, मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित एक राजनीतिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्र सरकार के खिलाफ सार्वजनिक बयान कैसे दे सकता है। उन्होंने कहा, मैंने केंद्र सरकार से अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने का अनुरोध किया है, जिसमें उनके सेवानिवृत्ति लाभों पर रोक लगाना भी शामिल है। अधिकारी राज्य ऋण और केंद्रीय ऋण आंकड़ों के बीच तुलना पर मुख्यमंत्री की एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का जिक्र कर रहे थे, जहां मुख्य सचिव ने यह स्थापित करने के लिए सांख्यिकीय डेटा प्रदान किया था कि पश्चिम बंगाल सरकार केंद्र सरकार की तुलना में ऋण स्थिति के मामले में बेहतर है। हालांकि, पश्चिम बंगाल की वित्त राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा है कि मुख्य सचिव ने किसी भी तरह के सेवा नियम का उल्लंघन नहीं किया है। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार की तुलना में राज्य वीजा की वित्तीय स्थिति पर मीडिया को अपडेट किया। यहां सेवा मानदंडों का कोई प्रश्न नहीं है। दरअसल, भाजपा राजनीतिक रूप से अलग-थलग होने के कारण हताशा से ग्रस्त है और इस तरह की हरकतें यह साबित करती हैं।''दो अगस्त को उस विशेष संवाददाता सम्मेलन में, जिसमें मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव ने संयुक्त रूप से भाग लिया था, उन्होंने दावा किया कि 2014-15 में केंद्र सरकार का कुल संचित ऋण 62.42 लाख करोड़ रुपये था, जो वर्तमान में बढ़कर 152.60 लाख करोड़ रुपये हो गया।

आदिवासी युवक को गोली मारने के मामले पर भड़के कमलनाथ, भाजपा पर साधा निशाना

एजेंसी। भोपाल

सिंगरौली जिले में भाजपा विधायक लल्लू राम वैश्य के बेटे द्वारा एक आदिवासी युवक को गोली मारने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। आदिवासी युवक को गोली मारने की घटना पर सियासी माहौल गरमा गया है। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने घटना की निंदा करते हुए शिवराज सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि मध्य प्रदेश के भाजपा नेताओं में आदिवासी समुदाय पर अत्याचार करने की होड़ मची है। कमलनाथ ने शुक्रवार को ट्वीट कर प्रदेश सरकार पर

निशाना साधते हुए कहा कि सीधी में आदिवासी युवक पर पेशाब करने की घटना को अभी ज्यादा समय नहीं हुआ है कि सिंगरौली में भाजपा विधायक रामलल्लू वैश्य के बेटे विवेकानंद वैश्य ने एक आदिवासी युवक को गोली मार दी। युवक गंभीर रूप से घायल है। मैं पीड़ित आदिवासी युवक के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। कमलनाथ ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री से जानना चाहता हूं कि क्या भाजपा नेताओं का एक ही काम बचा है कि वे आदिवासी, दलित, महिलाओं और सर्व समाज के लोगों का उत्पीड़न करें। आप इस तरह के अपराधों पर लगाम लगाना तो दूर अपराधियों को बढ़ावा देते हुए नजर आ रहे हैं। पिछले दिनों हरदा से सेक्स रैकेट चलाने के आरोप में सजा प्राप्त व्यक्ति को भाजपा में शामिल कर आपने स्पष्ट कर दिया है कि आप अपराधीमय भाजपा बनाने के अभियान में कितनी तेजी से प्रगति कर रहे हैं। राजपोषित अपराध मध्यप्रदेश के माथे पर कलंक बन गए हैं।

मामले पर पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि, 'भाजपा के विधायक का लड़का आदिवासी को गोली मार रहा है और बीजेपी की सरकार उसको गिरफ़्तार क्यों नहीं कर रही है? यदि और कोई होता तो सीएम घड़ियाली आंसू बहाने लगते।'ट्वीट के आखिर में उन्होंने लिखा एमपी में आदिवासियों पर अत्याचार जारी, भाजपा विधायक के बेटे ने आदिवासी युवक को मारी गोली।

शिक्षा में रचनात्मकता को दिया जाए बढ़ावा : राज्यपाल हरिचंदन

एजेंसी। रायपुर

रचनात्मकता शिक्षा की वास्तविक क्षमता को उजागर करने की कुंजी है। शिक्षा में रचनात्मकता की शक्ति का उपयोग करने के लिए, हमें ऐसे वातावरण को बढ़ावा देना चाहिए जो प्रयोग और जोखिम लेने को प्रोत्साहित करे। शिक्षकों को रचनात्मक शिक्षण विधि से पढ़ाने के लिए सशक्त बनाया जाना चाहिए। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने भोपाल में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय साहित्य उत्सव में आयोजित परिचर्चा में उक्त विचार व्यक्त किया। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं साहित्य

अकादमी द्वारा रवींद्र भवन भोपाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय साहित्य उत्सव उन्मेष के अंतर्गत शुक्रवार को रचनात्मकता बढ़ाने वाली शिक्षा विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई थी। जिसमें राज्यपाल हरिचंदन बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुये। परिचर्चा में राज्यपाल ने हरिचंदन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रचनात्मकता अकादमिक विषयों की गहरी समझ को बढ़ावा देती है। जब छात्रों को रचनात्मक रूप से सोचने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, तो वे रटने तक ही सीमित नहीं रहते हैं, बल्कि वे विभिन्न दृष्टिकोणों का पता लगाते हैं और विभिन्न समाधानों के साथ प्रयोग करते हैं। यह प्रक्रिया उनके महत्वपूर्ण सोच कौशल को बढ़ाती है और उन्हें जटिल अवधारणाओं को अधिक आसानी से समझने में सक्षम बनाती है। इसके अलावा, रचनात्मकता जिज्ञासा पैदा करती है।

राजनीति आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्षी गठबंधन रणनीति बनाने में जुटा

फूलपुर लोस सीट से दांव लगा सकते हैं नीतीश कुमार

एजेंसी। लखनऊ

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के उत्तर प्रदेश के फूलपुर लोकसभा सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने की चर्चाएं आम हो गयी हैं। उनकी पार्टी जनता दल युनाइटेड के मीडिया प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष व प्रवक्ता भी अब लोकसभा सीट से नीतीश कुमार के चुनाव लड़ने की चर्चा कर रहे हैं। माना जा रहा है कि उत्तर प्रदेश में कुर्मी वोटरों को अपने पक्ष में करने के लिए नीतीश कुमार उत्तर प्रदेश में चुनाव दांव लगा सकते हैं।

जनता दल युनाइटेड के संयोजक व उत्तर प्रदेश के प्रभारी सत्येन्द्र पटेल के एक बयान में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के उत्तर प्रदेश से लोकसभा चुनाव लड़ने पर मोहर लगाई गई। इसी तरह जनता दल युनाइटेड के ही प्रवक्ता केके त्रिपाठी ने भी अपने बयान में नीतीश कुमार के उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़ने की तैयारियों पर कहा गया है कि जौनपुर, प्रतापगढ़, अम्बेडकरनगर और फूलपुर लोकसभा सीटों में हुए एक सर्वे के बाद नीतीश कुमार को फूलपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ाने की उत्तर प्रदेश इकाई तैयारी कर रही है।

बिहार की राजनीतिक जमीन से दूर उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़ने की चर्चा के बीच जनता दल युनाइटेड के बड़े चेहरों ने इसे चुनावी दांव बताया है। वहीं नीतीश कुमार को कुर्मी महासभा का भी बड़ा चेहरा माना जाता है और उत्तर प्रदेश में कुर्मी महासभा का कार्य देखने वाले पदाधिकारियों के अनुसार नीतीश कुमार के बिहार से उत्तर प्रदेश आने पर उनका स्वागत किया जायेगा। कुर्मी महासभा के नेता देवेन्द्र कुमार पटेल, राजकुमार पटेल की माने तो स्वर्गीय सोनेलाल पटेल के मृत्यु के पश्चात उनके परिवार के लोगों कृष्णा पटेल और अनुप्रिया पटेल को कुर्मी समाज ने अपना नेता बनाया। जो उत्तर प्रदेश के ही रहने वाले है। बाहर से कोई नेता आता है तो उनके कुर्मी समाज का कितना हित होगा ये तो वक्त ही बताएगा। फूलपुर लोकसभा सीट का समीकरण को समझा जाये तो ये कुर्मी वोटरों के निर्णायक वोटों वाली लोकसभा सीट है। वर्ष 2014 में लोकसभा चुनाव में भाजपा के टिकट से केशव प्रसाद मौर्य यहीं से एकतरफा चुनाव जीते थे। वर्ष 2018 में इस सीट पर बाईइलेक्शन हुआ और भाजपा के हाथ से यह सीट निकल गयी। यहां सपा के टिकट पर कुर्मी नेता नागेन्द्र प्रताप सिंह पटेल चुनाव जीते। वर्ष 2019 में भाजपा की लहर में यह सीट पुनः भाजपा के पास आ गयी और केशरी देवी पटेल यहां से चुनाव जीत गयी थी।

गौ तस्करी के आरोप में पुलिस के हत्थे चढ़े दो

उत्तर 24 परगना। उत्तर 24 परगना जिले के खड़दह थाने की पुलिस ने शुक्रवार सुबह गौ तस्करी के आरोप में दो लोगों को हिरासत में लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह गश्त के दौरान खड़दह थाने की पुलिस ने गायों से भरी एक मेटाडोर पकड़ी। गायों को देखकर ऐसा लग रहा था कि उन्हें हरियाणा या राजस्थान से लाया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मेटाडोर सोदपुर आरएन एवेन्यू रोड से गुजर रही थी। पुलिस उस वक्त इलाके में गश्त लगा रही थी। पुलिस अधिकारियों ने जब मेटाडोर देखी तो उन्हें संदेह हुआ। इसके बाद उसका पीछा किया गया। पुलिस ने मेटाडोर को सोदपुर गौशाला के सामने पकड़ लिया। पुलिस ने जब गाड़ी की तलाशी ली तो उनके भीतर पांच गाएं मिलीं। पुलिस ने गाड़ी के चालक और खलासी से पूछताछ की और संतोषजनक जवाब न मिलने पर उन्हें हिरासत में ले लिया।

जमशेदपुर एफसी ने युवा फॉरवर्ड मोहम्मद सनन के साथ किया 3 साल का करार

नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर एफसी ने तीन साल के लिए युवा फॉरवर्ड मोहम्मद सनन के साथ करार किया है। सनन मुख्य रूप से पिच के बाईं ओर खेलते हैं और स्वाभाविक रूप से आक्रामक खिलाड़ी है जो मौके बनाने और गोल करने में सक्षम है। 19 वर्षीय खिलाड़ी 2016 में रिलायंस फाउंडेशन यंग चैंप्स (आरएफवाईसी) में शामिल हुए और तब से क्लब के साथ हैं। सनन केरल के रहने वाले हैं और उनके पास प्रभावशाली ड्रिब्लिंग क्षमता है, लेकिन उन्होंने कड़ी मेहनत करके और अपनी तकनीक को बेहतर बनाने के लिए खुद को समर्पित करके अपना नाम बनाया है। सनन को उनके पूर्व क्लब द्वारा मैदान

पर और बाहर एक लीडर के रूप में वर्णित किया गया है और वह अपने खेल को और भी बेहतर बनाने के लिए हमेशा सिखने में रुचि रखते हैं। करार पर सनन ने कहा, जमशेदपुर एफसी का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत बड़ा क्षण है। टाटा फुटबॉल अकादमी (टीएफए) के गौरवशाली इतिहास के कारण यह क्लब देश में युवा फुटबॉल के लिए शिखर है और मेरा मानना है कि एक खिलाड़ी के रूप में मेरे विकास में यह आदर्श कदम है। मैं इस सीजन में जितना संभव हो उतना सीखने और टीम की मदद करने के लिए उत्सुक हूं। आरएफवाईसी में अपने समय के दौरान सनन को कुछ अविश्वसनीय अनुभव प्राप्त हुए, जिसमें रिलायंस फाउंडेशन प्रीमियर लीग नेक्स्ट जेनरेशन कप में वोल्व्स और एवर्टन में इंग्लिश प्रीमियर लीग के विरोधियों के खिलाफ टीम का प्रतिनिधित्व करने का अवसर भी शामिल था, जहां उन्होंने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए एवर्टन के खिलाफ स्कोर भी किया था।

आरएफवाईसी के प्रवक्ता ने कहा, हमें खुशी है कि एक और आरएफवाईसी स्नातक ने आईएसएल क्लब के साथ पेशेवर अनुबंध पर हस्ताक्षर किया है। प्रवक्ता ने आगे कहा, मोहम्मद सनन में काफी संभावनाएं हैं और हमें यकीन है कि वह 2023-24 सीजन से पहले जमशेदपुर एफसी जैसे क्लब के साथ अपने कौशल और क्षमता को और बढ़ाएंगे। हमें सनन की उपलब्धि पर गर्व है और हम कामना करते हैं कि वह सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ते रहें और जमशेदपुर के लिए एक आशाजनक संभावना के रूप में आगे बढ़ें। जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच स्कॉट कूपर ने करार पर कहा, सनान एक बहुत ही रोमांचक युवा खिलाड़ी है जिसे हमें विकसित करने और सावधानीपूर्वक आगे लाने की जरूरत है। हम वास्तव में कुछ रोमांचक तकनीकी क्षमता देख सकते हैं और अब यह हमारा काम है कि हम उसे निखारें और उसे वह हीरा बनाएं जो हमें लगता है कि वह बन सकता है। उसके पास वह सब कुछ है जो हमें चाहिए, लेकिन हम उसे खेल के अन्य कारकों को लागू करने में मदद करेंगे जो वह प्री-सीजन में सीखेगा।

NEWS इन ब्रीफ

भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने जीता स्वर्ण पदक

बर्लिन। भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने मेक्सिको को हराकर विश्व तीरंदाजी चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीत लिया। भारतीय टीम में ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर शामिल थे। उन्होंने मेक्सिको को 235.229 से हराया। इससे पहले भारत ने सेमीफाइनल में कोलंबिया और क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपै को हराया था।

आरसीबी के नये कोच बने फ्लावर

बैंगलोर। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने संजय बांगर की जगह पर जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर को अपना नया मुख्य कोच बनाया है। गत दो वर्षों में लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ काम करने के बाद फ्लावर को आईपीएल में बेंगलुरु की टीम ने अपने साथ जोड़ा है। फ्लावर सुपर जायंट्स में तब शामिल हुए थे जब फ्रेंचाइजी 2022 में अपनी शुरूआत कर रही थी। उन्होंने मेंटर गौतम गंभीर और कप्तान केएल राहुल के साथ मिलकर काम किया और उन्हें पहले दो सत्र में प्लेऑफ में पहुंचाया। वहीं जुलाई की शुरूआत में फ्लावर से अलग होने के बाद सुपर जायंट्स ने ऑस्ट्रेलिया के जस्टिन लैंगर को अपना मुख्य कोच बनाया था। इस बीच, आरसीबी ने कहा है कि वह माइक हेसन और संजय बांगर से अलग हो गये हैं।

फ्लेमेंगो के ब्राजीलियाई स्ट्राइकर पेड्रो बेनफिका के रडार पर

रियो डी जेनेरो। दक्षिण अमेरिकी देश में मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ब्राजील के अंतरराष्ट्रीय स्ट्राइकर पेड्रो सांतोस आगामी यूरोपीय सीजन से पहले बेनफिका में शामिल हो सकते हैं। समाचार पत्र ओ ग्लोबो ने गुरुवार को कहा कि पुर्तगाली दिग्गज 26 वर्षीय को गोंकालो रामोस के आदर्श प्रतिस्थापन के रूप में देखते हैं, जिनके पेरिस सेंट-जर्मेन से एक प्रस्ताव स्वीकार करने की उम्मीद है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इसमें कहा गया है कि बेनफिका रिवर प्लेट के स्ट्राइकर लुकास बेल्ट्रान को शामिल करने पर भी विचार कर रही है। पेड्रो के पास अपने फ्लेमेंगो अनुबंध को जारी रखने के लिए चार साल से अधिक का समय है।

17 साल के गुकेश ने लाइव रेटिंग में आनंद को पछाड़ा

भारत के नंबर 1 शतरंज खिलाड़ी बने

एजेंसी। मुंबई

17 वर्षीय डोम्माराजू गुकेश ने बाकू, अजरबैजान में फिडे विश्व कप के पहले दौर में जीएम मिसरतदीन इस्कंदरोव के साथ अपने दूसरे दौर के मैच में दो गेम जीते और लाइव रेटिंग में विश्वनाथन आनंद को पीछे छोड़ते हुए विश्व में सर्वोच्च रैंक वाले भारतीय शतरंज खिलाड़ी बन गए। इस्कंदरोव (ईएलओ 2559) के खिलाफ गुरुवार शाम को पहले दौर में जीत ने उन्हें लाइव रेटिंग में 2755.9 तक पहुंचने में मदद की, जिससे वह आनंद की 2754 की रेटिंग से आगे निकल गए, जिससे वह मार्च 2016 में पेंटला हरिकृष्णा के बाद लाइव रेटिंग में आनंद से आगे निकलने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए। भारत के नंबर 1 शतरंज खिलाड़ी के रूप में रेटिंग,

यह पद पांच बार के विश्व चैंपियन ने 1986 के बाद से 37 वर्षों तक कायम रखा है। हरिकृष्णा केवल एक दिन के लिए भारत के नंबर 1 शतरंज खिलाड़ी थे, क्योंकि आनंद ने अगले दिन अपना मैच जीता और इस स्थान को वापस ले लिया। 1986 के बाद यह पहली बार होगा कि कोई भारतीय 'प्रकाशित' फिडे रैंकिंग में विशी आनंद से आगे निकल जाएगा। पिछले कुछ वर्षों से शतरंज सर्किट में कम ही खेल रहे आनंद के साथ, ऐसी संभावना है कि गुकेश लंबे समय तक भारत के नंबर 1 खिलाड़ी बने रहेंगे और कई वर्षों तक उस स्थान को बनाए रखेंगे।

मैग्नस कार्लसन का रिकॉर्ड तोड़कर 2750 रेटिंग तक पहुंचने वाले विश्व के सबसे युवा खिलाड़ी गुकेश को अब 1 सितंबर को फिडे द्वारा अगली रैंकिंग प्रकाशित करने पर अपनी रेटिंग 2754 से ऊपर बनाए रखनी होगी। गुकेश, जो मार्च 2019 में 12 साल, 7 महीने, 17 दिन की उम्र में सबसे कम उम्र के भारतीय ग्रैंडमास्टर बने, विश्व में सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर बनने से चूक गए और सर्गेई कारजाकिन के रिकॉर्ड से सिर्फ 17 दिन पीछे रह गए। 2022 में, इन दोनों को भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी अभिमन्यु मिश्रा ने 12 साल, 4 महीने, 25 दिन की उम्र में पीछे छोड़ दिया है। चेन्नई में जन्मे गुकेश, जिन्होंने अप्रैल 2022 में विश्व में शीर्ष 100 में जगह बनाई, ने रैंकिंग में तेजी से वृद्धि जारी रखी और 1 अगस्त को जब रैंकिंग आखिरी बार प्रकाशित हुई थी, तब उन्हें 2751 की रेटिंग के साथ विश्व में 11वें स्थान पर रखा गया था।

अक्टूबर 2022 में, 16 साल की उम्र में, जीएम विष्णु प्रसन्ना द्वारा प्रशिक्षित गुकेश, एमचेस रैपिड टूर्नामेंट में एक गेम में तत्कालीन विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन को हराने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। वर्तमान में, लाइव रेटिंग में, गुकेश 2755.9 की रेटिंग के साथ विश्व में 9वें स्थान पर हैं और आनंद (2754) 10वें स्थान पर हैं।

देश भर में खोलेंगे 1,000 खेलो इंडिया केंद्र : अनुराग ठाकुर

227 केन्द्र पूर्वोत्तर राज्यों में होंगे

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज कहा कि देख भर में इस साल एक हजार खेलों इंडिया केन्द्र खोल जाएंगे। साथ ही कहा कि इसमें से 227 केन्द्र पूर्वोत्तर राज्यों में खोले जाएंगे। ठाकुर ने कहा कि सरकार का प्रयास देश के हर जिले में एक खेलो इंडिया केंद्र खोलने का है पर पूर्वोत्तर राज्यों में हर जिले में दो केंद्र खोलने पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश को कई सफलताएं दिलाएं हैं। इसलिए सरकार उस क्षेत्र में खेल संबंधी बुनियादी ढांचे के विकास पर भी विशेष जोर दे रही

है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में खेल बुनियादी ढांचा के विकास के लिए करीब 75 परियोजनाओं को मंजूरी दे दी गयी है जिनमें करीब 520.60 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। ठाकुर ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्य देश में खेल महाशक्ति के केंद्र हैं और इन्होंने देश को कई अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त खिलाड़ी दिए हैं। उन्होंने कहा कि खेल के राज्य का विषय होने के कारण खेल अवसंरचना के विकास सहित खेलों के विकास की जिम्मेदारी मुख्य रूप से राज्य सरकारों की ही है और केंद्र का काम इसमें उनकी सहायता करना है।

सिंधु क्वार्टरफाइनल में बाहर

प्रियांशु ने श्रीकांत और प्रणय ने गिंटिंग को हराया

एजेंसी। सिडनी

भारत के युवा शटलर प्रियांशु राजावत शुक्रवार को हमवतन और पूर्व विश्व नंबर 1 किदांबी श्रीकांत के खिलाफ सीधे गेम में जीत दर्ज करने के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गए। भारत के शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी एच.एस. प्रणय ने भी शीर्ष वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग को तीन गेमों में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका मुकाबला हमवतन प्रियांशु राजावत से होगा। प्रणय ने एंथोनी गिंटिंग को 73 मिनट में 16-21, 21-17, 21-14 से हराया। ऑरलियन्स मास्टर्स 2023 चैंपियन राजावत ने इस साल बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 500 इवेंट में अपने पहले सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में हमवतन श्रीकांत को 21-13, 21-8 से हराया। जबकि प्रियांशु और प्रणय ने 420,000 अमेरिकी डॉलर की कुल पुरस्कार राशि के साथ इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर कार्यक्रम में भारतीय ध्वज फहराया। वहीं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधु मलेशिया की चौथी वरीयता प्राप्त बेइवेन झांग से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। सिंधु क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मलेशियाई शटलर से 12-21, 17-21 से हार गईं। 28 वर्षीय भारतीय पहले गेम ही दबाव में आ गईं और फिर उबर नहीं सकीं। मलेशियाई खिलाड़ी ने दूसरे गेम में अपना पलड़ा भारी बनाए रखा और मौके का फायदा उठाते हुए मैच जीत लिया।

केन विलियमसन के हाथ में बल्ला देखकर अच्छा लगा : गैरी स्टीड

एजेंसी। माउंट मौंगानुई

न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि इंजरी के बाद केन विलियमसन को नेट्स में वापस आते हुए देखना अच्छा लग रहा है। लेकिन उनका बल्लेबाजी और फिटनेस का स्तर अभी अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए सही नहीं है। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन सीरियस इंजरी के बाद अब नेट्स में लौट रहे हैं। हालांकि न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा, उन्हें हाथ में बल्ला लिए हुए और गेंदों को फिर से हिट करते हुए देखना अच्छा लगता है, हालांकि यह उस स्तर पर सही नहीं है जिस स्तर पर उसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रदर्शन करना है। वो रिकवरी की राह पर है।

अहमदाबाद में 31 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल 2023 के शुरूआती मैच में गुजरात टाइटंस के लिए खेलते समय विलियमसन को पैर में चोट लगी थी। सीजन के अपने पहले ही मैच में विलियमसन बॉउंड्री लाइन पर कैच पकड़ते हुए गिर पड़े थे। इसके बाद वो मैदान से बाहर चले गए। इंजरी के कारण

उन्हें आईपीएल 2023 के शेष मैचों से बाहर होना पड़ा। बैसाखी के सहारे चलते हुए अपने देश लौटे विलियमसन को सर्जरी भी करानी पड़ी। भारत में 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक होने वाले 2023 पुरुष वनडे विश्व कप में खेलने की उनकी संभावना फिलहाल बहुत कम है। विलियमसन माउंट मौंगानुई में एक प्रशिक्षण शिविर में टीम के साथ हैं। टीम महीने के अंत में संयुक्त अरब अमीरात और इंग्लैंड के खिलाफ सफेद गेंद के मुकाबलों के लिए रवाना होगी। विलियमसन ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया था,जिसमें वो प्रैक्टिस करते नजर आए।

विलियमसन 2019 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में 82.57 की औसत से 578 रन के साथ अपनी टीम के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी थे, जिसमें दो शतक और इतने ही अर्द्धशतक शामिल है। उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया।

न्यूजीलैंड 5 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में एक बार फिर इंग्लैंड से भिड़ेगा और विश्व कप अभियान का आगाज करेगा। टूर्नामेंट का फाइनल भी 19 नवंबर को इसी स्थान पर खेला जाना है।

धीमी ओवर गति के लिए भारत वेस्टइंडीज पर लगा जुर्माना

एजेंसी। तारौबा

त्रिनिदाद और टोबैगो के तारौबा में ब्रायन लारा क्रिकेट स्टेडियम में पहले टी20 मैच में धीमी ओवर गति के लिए भारत और वेस्टइंडीज पर जुमार्ना लगाया गया है। भारत पर न्यूनतम ओवर गति से एक ओवर कम होने के कारण मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया, जबकि वेस्टइंडीज पर न्यूनतम ओवर गति से दो ओवर कम रहने के कारण मैच फीस का 10 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया। आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के रिची रिचर्डसन ने हार्दिक पांड्या और रोवमैन पॉवेल की टीमों को समय भत्ते पर विचार करने के बाद लक्ष्य से क्रमशः एक और दो ओवर कम होने के कारण यह सजा दी। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों को उनकी टीम द्वारा आवंटित समय में गेंदबाजी करने में विफल रहने पर उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। पांड्या और पॉवेल ने प्रस्तावित प्रतिबंधों को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी। मैदानी अंपायर ग्रेगरी ब्रैथवेट और पैट्रिक गुस्टर्ड, तीसरे अंपायर निगेल डुगुइड और चौथे अंपायर लेस्ली रीफर ने आरोप लगाए। वेस्टइंडीज ने यह मैच नजदीकी अंतर से जीता और अब उसके पास पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हो गयी है और वह रविवार को गयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में भारत के खिलाफ दूसरा टी20 मैच खेलेगी।

फैसला

तमीम इकबाल ने बांग्लादेश की कप्तानी छोड़ी

पीठ की चोट के कारण एशिया कप से बाहर

एजेंसी। ढाका

2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए सिर्फ दो महीने से अधिक समय बचा है और अनुभवी बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज तमीम इकबाल ने बांग्लादेश के एकदिवसीय कप्तान के रूप में पद छोड़ने का फैसला किया है और पीठ की चोट के कारण वह आगामी एशिया कप में भी नहीं खेल पाएंगे। तमीम ने पहले 6 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी, लेकिन प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ बैठक के बाद उन्होंने फैसला बदल दिया। उनके हालिया फैसले का मतलब है कि 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक भारत में होने वाले मेगा इवेंट से पहले बांग्लादेश को एक नया वनडे कप्तान मिल जाएगा।

हालांकि तमीम 31 अगस्त से 17 सितंबर तक पाकिस्तान और श्रीलंका की मेजबानी में होने वाले एशिया कप के लिए भी उपलब्ध नहीं होंगे, लेकिन वह विश्व कप आने से पहले 21 सितंबर से घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली वनडे सीरीज के लिए फिट होना चाहते हैं।

मेरा मानना है कि चोट एक मुद्दा है। मैंने (28 जुलाई को) एक इंजेक्शन लिया था,

लेकिन यह हिट या मिस की तरह है। मैंने उन्हें (बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को) समस्या के बारे में बताया है। मैंने हमेशा हर चीज में टीम की मदद की है।

तमीम ने एक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, इसलिए इसे ध्यान में रखते हुए, पद छोड़ना सबसे अच्छा संभव निर्णय है। जब भी अवसर मिले मैं एक खिलाड़ी के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं। मैंने प्रधानमंत्री से बात की है और वह समझ गई हैं।

28 जुलाई को, बीसीबी ने कहा कि तमीम ने यूनाइटेड किंगडम में एक रीढ़ विशेषज्ञ को दिखाया था, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. देबाशीष चौधरी उनके साथ यात्रा कर रहे थे। तमीम ने अपने चल रहे पीठ दर्द के लिए एक रीढ़ विशेषज्ञ से परामर्श किया और कल एक आक्रामक दर्द प्रबंधन प्रक्रिया से गुजरा। चौधरी ने उस समय बीसीबी के बयान में कहा था, अगले दो दिनों तक वह निगरानी में रहेंगे और प्रक्रिया के नतीजे तय करने के लिए उनका दोबारा मूल्यांकन किया जाएगा।₹ बीसीबी क्रिकेट संचालन के अध्यक्ष जलाल यूनुस ने संवाददाताओं से कहा कि तमीम अपने एल4 और एल5 कशेरुकाओं में दर्द से पीड़ित हैं, जो काठ की रीढ़ की दो सबसे निचली कशेरुकाएं हैं। निदान यह हुआ कि उनका दर्द एल4 और एल5 डिस्क से उत्पन्न होता है। उन्हें दो इंजेक्शन दिए गए। 28 जुलाई को दिए गए दूसरे इंजेक्शन से उन्हें दर्द से राहत मिली। उन्होंने कहा, उन्हें 11 अगस्त तक दो सप्ताह आराम करने की सलाह दी गई है, जिसके बाद वह अपना पुनर्वास फिर से शुरू करेंगे। लेकिन वह अगले दो सप्ताह बाद ही नेट्स पर लौट सकते हैं। उस समय तक, हम 26 अगस्त को एशिया कप के लिए रवाना हो रहे हैं। बांग्लादेश अपने 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप अभियान की शुरूआत 7 अक्टूबर को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ करेगा, इसके बाद 10 अक्टूबर को उसी स्थान पर गत चैंपियन इंग्लैंड का सामना करेगा।

जियो को पछाड़ काफी आगे निकला एयरटेल

10 वर्षों में पहली बार 200 पहुंचा आरपीयू

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत में लोगों के पास टेलीकॉम ऑपरेटर्स में ज्यादा विकल्प नहीं हैं। रिलायंस जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया (Vi)। भारत में ये ही तीन बड़े टेलीकॉम ऑपरेटर्स हैं। वोडाफोन आइडिया भी लंबे समय से आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। वहीं, एक सिम से किसी का काम भी नहीं चलता। किसी जगह पर किसी एक ऑपरेटर का नेटवर्क अच्छा आता है, तो किसी दूसरी जगह पर दूसरे ऑपरेटर का। ऐसे में लोग 2 सिम रखते ही हैं। एयरटेल ने इस अवसर को खूब भुनाया है। यही कारण है कि एयरटेल का एवरेज रेवेन्यू पर यूजर लगातार बढ़ रहा है। जून तिमाही में 10 साल में पहली बार एयरटेल का आरपीयू 200 रुपये प्रति माह के जादूई आंकड़े को छू पाया है। एआरपीयू किसी भी टेलीकॉम कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण आंकड़ा होता है। एयरटेल ने गुरुवार को अपना रिजल्ट जारी किया है। अप्रैल-जून तिमाही में एयरटेल का एआरपीयू 200 रुपये प्रति माह रहा है। वहीं, मार्च तिमाही में सबसे अधिक सब्सक्राइबर्स वाली रिलायंस जियो का एआरपीयू 180.5 रुपये प्रति माह रहा था और वोडाफोन आइडिया का एआरपीयू 135 रुपये था। बिजनस स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि इससे पहले एयरटेल का 200 रुपये प्रति माह एआरपीयू 10 साल पहले वित्त वर्ष 2014 की पहली तिमाही में रहा था। वहीं, भारती एंटरप्राइजेज के चेयरपर्सन सुनील भारती मित्तल ने कहा था कि 200 रुपये प्रति माह का एआरपीयू 300 रुपये प्रति माह के गोल की दिशा में पहला कदम होगा। यानी भले ही रिलायंस जियो देश में सबसे ज्यादा सब्सक्राइबर्स वाली टेलीकॉम कंपनी हो, लेकिन एयरटेल एआरपीयू के मामले में तेजी से आगे निकल रही है। एंट्री-लेवल टैरिफ में सबसे पहले बढ़ोतरी करने के कारण भारती एयरटेल का एआरपीयू तेजी से ऊपर जा रहा है। कंपटीटर्स इस मामले में काफी पीछे हैं। जनवरी में एयरटेल ने अपने 99 रुपये के न्यूनतम रिचार्ज प्लान को धीरे-धीरे खत्म करना शुरू किया था। यह कंपनी के कुल मोबाइल रेवेन्यू में 7.8 फीसदी स्थान रखता था। मार्च के मध्य से यह प्लान सभी 22 सर्कल्स में खत्म कर दिया गया। इसकी जगह 155 रुपये का एंट्री लेवल प्लान लाया गया।

चीन से थोक दवा का आयात बढ़ा

नई दिल्ली । केयरएज रेटिंग्स ने कहा कि मूल्य और मात्रा के मामले में चीन से थोक दवा आयात का योगदान वित्त वर्ष 2014 में 64 और 62 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 के दौरान क्रमशः 71 प्रतिशत और 75 प्रतिशत हो गया है। मूल्य के संदर्भ में, वित्त वर्ष 2014 से 23 के दौरान, चीन से 9 प्रतिशत की तुलना में कुल थोक दवा आयात लगभग 7 प्रतिशत सीएजीआर से बढ़ा। रिपोर्ट में कहा गया है कि जब थोक दवाओं की बात आती है, तो एक ही देश - चीन पर अधिक निर्भरता, मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव के कारण चिंता पैदा करती है। भारत में कुल फार्मा आयात में चीन की हिस्सेदारी लगभग 43 प्रतिशत है, जो इसे देश के फार्मास्युटिकल उद्योग के लिए थोक दवाओं का प्राथमिक स्रोत बनाती है। जबकि अन्य फार्मास्युटिकल उत्पादों का आयात कई देशों में विविध है।

झुनझुनवाला का खुला आईपीओ

एजेंसी। नई दिल्ली

आईपीओ निवेशकों के लिए अच्छी खबर है। बायोटेक्नोलॉजी फर्म कॉनकॉर्ड बायोटेक का आईपीओ शुक्रवार से सब्सक्रिप्शन के लिए खुल गया है। इस आईपीओ को 8 अगस्त तक सब्सक्राइब किया जा सकता है। यह 1551 करोड़ रुपये का आईपीओ है। आईपीओ खुलने से पहले कंपनी 3 अगस्त को एंकर निवेशकों से 464.95 करोड़ रुपये जुटा चुकी है। इसमें कुल 41 एंकर निवेशकों ने पैसा लगाया है। इस आईपीओ में शेयरों का आवंटन 11 अगस्त को होगा। वहीं, 17 अगस्त को शेयरों की लिस्टिंग होनी है। कॉनकॉर्ड बायोटेक का आईपीओ पूरी तरह ऑफर फॉर सेल है। आईपीओ में प्राइस बैंड 705 रुपये से लेकर 741 रुपये के बीच तय किया है। आईपीओ में निवेश करने के लिए आपको कम से कम 20 शेयरों का लॉट खरीदना होगा। इस तरह आपको 14,820 रुपये का निवेश करना होगा। रिटेल निवेशक ज्यादा से ज्यादा 13 लॉट खरीद सकते हैं। ऐसे में वे कुल 2 लाख रुपये का अधिकतम निवेश कर सकते हैं। कॉनकॉर्ड बायोटेक में राकेश झुनझुनवाला की एसेट मैनेजमेंट कंपनी फ्री एंटरप्राइजेज की बड़ी हिस्सेदारी है। इसने इस कंपनी में कुल 24.09 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी है। रेखा झुनझुनवाला ने इस फर्म में साल 2004 से निवेश किया हुआ है। लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड आईपीओ में रजिस्ट्रार है। कॉनकॉर्ड बायोटेक का शेयर अनलिस्टेड मार्केट में ट्रेड कर रहा है। शुक्रवार को इसका शेयर 150 रुपये प्रति शेयर के ग्रे मार्केट प्रीमियम पर ट्रेड करता दिखाई दिया।

तेल की कीमत बढ़ने के फैसले से दुनिया भर में खलबली

नई दिल्ली। पिछले कई महीने से ठंडा पड़ा कच्चा तेल एक बार फिर उफान भरने लगा है। 70 डॉलर से नीचे चल रहा कच्चा तेल अब अचानक 85 डॉलर के पार निकल गया है। इस बीच सऊदी अरब के एक फैसले से दुनिया भर में एक बार फिर से खलबली मच गई है। सऊदी अरब ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह कच्चे तेल के उत्पादन में रोजाना 10 लाख बैरल प्रतिदिन की कटौती सितंबर तक जारी रखेगा। कच्चे तेल की सुस्त पड़ती कीमतों में तेजी लाने के लिए सऊदी अरब ने जुलाई में तेल उत्पादन में 10 लाख बैरल प्रतिदिन की कटौती की घोषणा की थी लेकिन अब उसने सितंबर के अंत तक यह सिलसिला जारी रखने का फैसला किया है। बता दें कि सऊदी अरब के इस फैसले के बाद ओपेक प्लस देशों ने भी कच्चे तेल के उत्पादन में कटौती को लेकर सहमति जताई थी।

सिप्ला में 33% हिस्सेदारी खरीदने की तैयारी में ब्लैकस्टोन

शेयर खरीदने की लगी लाइन

एजेंसी। नई दिल्ली

गुरुवार की गिरावट के बाद शुक्रवार हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन बुल्स दौड़ने को तैयार थे। इसी कारण शुक्रवार दोपहर सेंसेक्स करीब 500 और निफ्टी 145 अंक की बढ़त के साथ ट्रेड करता दिखा। आज सिप्ला लिमिटेड के शेयरों में 4.39% की प्रभावशाली तेजी देखी गई। साथ ही स्टॉक ने बीएसई पर 1238.55 रुपये प्रति शेयर के नए 52-सप्ताह के उच्च स्तर को छुआ है। इसके अलावा शेयर की वॉल्यूमम में 1.25 गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। इकोनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट में आज बताया गया है कि ब्लैकस्टोन ने सिप्ला में 33% से अधिक की हिस्सेदारी हासिल करने के लिए अगले सप्ताह एक गैर-बाध्यकारी बोली जमा करने की योजना बनाई है। सिप्ला राजस्व के हिसाब से भारत की तीसरी सबसे बड़ी जेनेरिक कंपनी है। वास्तव में यदि ब्लैकस्टोन की सिप्ला में 33% से अधिक प्रमोटर हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने की बोली सफल होती है तो यह कंपनी से हमीद परिवार के लिए अंतिम निकास प्रक्रिया की औपचारिक शुरूआत को चिह्नित करेगा। हमीद परिवार 1935 में कंपनी की स्थापना से सिप्ला के साथ जुड़ा हुआ है और यह संभावित लेनदेन कंपनी के स्वामित्व ढांचे में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत दे सकता है। कंपनी के साथ उनकी लंबे समय से चली आ रही भागीदारी से परिवार के अंततः बाहर निकलने का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भारत की सबसे पुरानी दवा कंपनी सिप्ला में हिस्सेदारी हासिल करने के ब्लैकस्टोन के फैसले पर निराशा व्यक्त की है। रमेश ने एक्स पर लिखा, 'यह जानकर दुख हुआ कि दुनिया का सबसे बड़ा निजी इक्विटी फंड ब्लैकस्टोन भारत की सबसे पुरानी दवा कंपनी सिप्ला में पूरी 33.47 फीसदी प्रमोटर हिस्सेदारी हासिल करने के लिए बातचीत कर रहा है।'

डच तट पर आग लगने वाले जहाज से 20 भारतीय नाविक सुरक्षित लौटे

नई दिल्ली। पिछले हफ्ते डच तट के पास जिस मालवाहक जहाज में आग लग गई थी, उस पर सवार भारतीय चालक दल के 20 सदस्यों को बचा लिया गया है और वे घर लौट आए हैं। नीदरलैंड में भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया, जहाज फ्रेमेंटल हाईवे से बचाए गए चालक दल के 20 भारतीय सदस्य गुरुवार को सुरक्षित रूप से भारत लौट आए हैं। इस कठिन समय में उनके समर्थन और सहायता के लिए डच अधिकारियों और साथ ही हमारे नाविकों को उनके धैर्य और साहस के लिए धन्यवाद। जर्मनी से मिस्र के रास्ते में पड़ने वाले 199 मीटर लंबे पनामा-पंजीकृत फ्रेमेंटल हाईवे पर 25 जुलाई की देर रात लगी आग से एक भारतीय की मौत हो गई और कई अन्य लोग खुद को बचाने के लिए कूद पड़े। दूतावास ने कहा कि दुर्भाग्य से निधन हो चुके चालक दल के एक सदस्य के पार्थिव शरीर को वापस लाया जा रहा है। दूतावास ने पहले कहा था कि डच अधिकारियों और शिपिंग कंपनी के समन्वय से भारतीय नाविकों को चिकित्सा देखभाल सहित हर संभव सहायता दी जा रही है।

खत्म हुआ सहारा निवेशकों का लंबा इंतजार

अकाउंट में आने लगे पैसे

एजेंसी। नई दिल्ली

सहारा के लाखों निवेशकों के लिए आज उत्सव का दिन है। लंबे इतंजार के बाद अब सहारा का पैसा अकाउंट में वापस आने लगा है। सहारा के निवेशकों का पैसा, जो सालों से अटका हुआ था, अब बैंक खाते में जमा होने लगा है। शुक्रवार को गृहमंत्री अमित शाह ने बटन दबाकर सहारा के निवेशकों के दावा किए गए रकम को ट्रांसफर किया। सहारा रिफंड पोर्टल के जरिए जिन निवेशकों से आवेदन किया था, उसका फंसा पैसा वापस मिलने लगा है। आज पहले फेज में 112 लाभार्थियों को 10-10 हजार रुपये की पहली किस्त ट्रांसफर की गई है। अब तक 18 लाख लोगों ने सहारा रिफंड पोर्टल के जरिए सहारा में फंसे अपने पैसों के लिए आवेदन किया है। इस पोर्टल के जरिए सहारा के निवेशक अपना पैसा क्लेम कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन और आवेदन फॉर्म भरने के 45 दिन के भीतर आवेदकों को उनका पैसा बैंक खाते में मिल जाएगा। हालांकि सरकार ने 45 दिन से पहले ही लाभार्थियों को उनका पैसा लौटाना शुरू कर दिया है। आपको बता दें कि शुरूआत में 10 हजार रुपये की रकम वापस की जाएगी।

विदेश

इस्तांबुल में आतंकी हमलों को पुलिस ने किया नाकाम

एजेंसी। इस्तांबुल

तुर्की की आतंकवाद निरोधक पुलिस ने देश के सबसे बड़े शहर इस्तांबुल में आतंकी हमले करने की दो साजिशों को नाकाम कर दिया है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया, जो विस्फोटकों के साथ बेरामपासा जिले के एक शॉपिंग सेंटर में घुस गए थे। दैनिक हुर्रियत की रिपोर्ट के अनुसार, जब वे शॉपिंग सेंटर से गुजर रहे थे तो उनमें से एक संदिग्ध के पास एक बैग था, जिसमें अचानक आग लग गई। तुर्की द्वारा आतंकवादी समूह के रूप में सूचीबद्ध प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) से जुड़े दो संदिग्धों ने स्वीकार किया कि उन्होंने एक स्टोर में विस्फोटकों से भरा बैग छोड़ने की योजना बनाई थी। हुर्रियत की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने एक अन्य ऑपरेशन में इस्तांबुल के सुल्तानगाजी जिले के एक वन क्षेत्र में गर्मी के प्रति संवेदनशील तीन उपकरणों को रखकर जंगल में आग लगाने की साजिश रचने के आरोप में 11 संदिग्धों को हिरासत में लिया।

दक्षिण सूडान ने संयुक्त राष्ट्र रेडियो स्टेशन का निलंबन हटाया

जुबा। दक्षिण सूडान के मीडिया नियामक ने संयुक्त राष्ट्र के स्वामित्व वाले रेडियो स्टेशन रेडियो मिराया का निलंबन हटा दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, सूचना एवं संचार, प्रौद्योगिकी और डाक सेवा मंत्री माइकल मकुई लुएथ ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र रेडियो सेवा के लिए काम करने वाले पत्रकार अब सरकारी गतिविधियों को कवर करने के लिए स्वतंत्र हैं। स्थानीय मीडिया कानूनों का अनुपालन न करने पर मार्च 2018 में रेडियो स्टेशन बंद कर दिया गया था। मकुई ने जुबा में पत्रकारों से कहा, ₹हम संयुक्त राष्ट्र के सदस्य हैं। संयुक्त राष्ट्र में जो कुछ भी किया जाएगा हम निश्चित रूप से उसका पालन करेंगे लेकिन लोगों को उस देश के कानूनों का पालन करना चाहिए जिसमें आप काम कर रहे हैं। दक्षिण सूडान मीडिया अथॉरिटी के प्रबंध निदेशक एलिजा एलियर कुआई ने कहा कि रेडियो मिराया को एक साल के लिए वैध परिचालन लाइसेंस दिया गया है।

अब नसरुल्ला के संघ ही पाकिस्तान में ही रहेगी अंजू

एजेंसी। इस्लामाबाद

पाकिस्तान की सरकार ने भारतीय महिला अंजू का वीजा बढ़ा दिया है। अंजू जुलाई में पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वां पहुंची थी। उसके इस्लाम अपनाने की खबरें हैं और बताया जा रहा है कि उसने अपने फेसबुक फ्रेंड नसरुल्ला से शादी भी कर ली है। अंजू, अपने पति अरविंद और दो बच्चों को राजस्थान के अलवर जिले में छोड़कर गई है। वह इस समय खैबर पख्तूनख्वा के ऊपरी दीर जिले के रहने वाले पाकिस्तानी प्रेमी नसरुल्ला के घर पर रह रही है। दोनों की मुलाकात साल 2019 में फेसबुक पर हुई थी। अंजू कुछ दिनों पहले पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद गई थी। उसका वीजा सिर्फ 20 अगस्त तक के लिए वैध था। वीजा में उसे सिर्फ अपर दीर तक रहने की अनुमति मिली थी। गृह मंत्रालय की तरफ से अंजू का वीजा जारी किया गया था। पाकिस्तान के आज इंग्लिश टीवी ने नसरुल्ला के हवाले से बताया है कि पाकिस्तान की सरकार ने अंजू का यात्रा वीजा दो महीने के लिए बढ़ा दिया है। नसरुल्ला ने कहा, 'फातिमा का वीजा शुरू में दो महीने के लिए बढ़ाया गया है और उम्मीद है कि बाद में उसे एक साल का वीजा दिया जाएगा। तब फातिमा यहां स्थायी रूप से रहने की योजना बनाएगी।' नसरुल्ला ने यह भी कहा कि वह चाहते हैं कि भारत सरकार अंजू के 15 साल से कम उम्र के दोनों बच्चों को पाकिस्तान जाने और अपनी मां के साथ रहने की अनुमति दे। अंजू को धर्म परिवर्तन और नसरुल्ला से निकाह के बाद पाकिस्तानी व्यापारियों से गिफ्ट में प्लॉट और चेक मिला है। धर्म परिवर्तन के बाद अंजू को फातिमा नाम दिया गया है। हालांकि अंजू और नसरुल्ला ने भारत की मीडिया से बात करते समय शादी की बात से इनकार कर दिया था।

समझौता नहीं यूक्रेन जंग के चलते रूस ने दिखाया नया तेवर

अब रूस ने रक्षा खर्च में 8.28 लाख करोड़ बढ़ा

रूस अब तक 2023 के डिफेंस बजट का 57.4% हिस्सा खर्च कर चुका है। जुलाई में रूस के उप रक्षा मंत्री डेनिस मैंटुरोव ने कहा था कि रूस की डिफेंस इंडस्ट्री ने 2022 में जितने हथियार बनाए थे

एजेंसी। मास्को

रूस ने 2023 के लिए अपने रक्षा खर्च को दोगुना कर दिया है। रॉयटर्स के मुताबिक, अब रूस का रक्षा खर्च 8.28 लाख करोड़ हो गया है। ये भारत के डिफेंस बजट से करीब सवा 2 लाख करोड़ रुपए ज्यादा है। रूस ने पहले 2023 के लिए रक्षा खर्च 4.47 लाख करोड़ तय किया था। लेकिन, शुरूआती 6 महीनों में उसने 12% यानी 52 हजार करोड़ रुपए ज्यादा खर्च किए, जिसके बाद ये फैसला लिया गया। ये उसके पूरे पब्लिक खर्च का एक तिहाई हिस्सा है। जो फरवरी 2022 में शुरू हुई यूक्रेन जंग और रूस पर बढ़ते प्रतिबंधों को देखते हुए लिया गया है। रूस के बजट का 17.1% हिस्सा देश की सुरक्षा पर खर्च करने की प्लानिंग की है। शुरूआती 6 महीने में रूस ने अपने बजट का 19.2% हिस्सा डिफेंस पर खर्च किया है। रूस ने इस साल जनवरी-फरवरी में अपनी सेना पर करीब 1.75 रूस ने 2011 से 2022 के बीच रक्षा के क्षेत्र में सबसे ज्यादा 23% और सबसे कम 13.9% खर्च किए हैं। वहीं रूस अब तक 2023 के डिफेंस बजट का 57.4% हिस्सा खर्च कर चुका है। जुलाई में रूस के उप रक्षा मंत्री डेनिस मैंटुरोव ने कहा था कि रूस की डिफेंस इंडस्ट्री ने 2022 में जितने हथियार बनाए थे, उससे ज्यादा अब वो 1 महीने में बना रही है। रक्षा बजट बढ़ाने के लिए पहले ही रूस में स्कूल, अस्पताल और सड़कों से जुड़े बजट को कम कर दिया गया था। अब दूसरी इंडस्ट्रीज के फंड्स में भी कटौती का अनुमान लगाया जा रहा है। रक्ढफ्क की रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया ने 2022 में डिफेंस और हथियारों पर 2.24 ट्रिलियन डॉलर, यानी 183 लाख करोड़ रुपए खर्च किए थे।

शी चिनफिंग के नेतृत्व में एक नए युग की शानदार शुरूआत

बीजिंग। इस वर्ष चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की 20वीं राष्ट्रीय कांग्रेस की भावना को पूरी तरह से लागू करने का पहला वर्ष है। इस वर्ष से चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के महासचिव शी चिनफिंग ने एक मजबूत देश के निर्माण और राष्ट्र का कायाकल्प करने के लक्ष्यों को निर्धारित किया है, कई बड़े निर्णय और तैनाती की है और एक नई स्थिति बनाने के लिए पार्टी और देश का नेतृत्व किया है। 24 जुलाई को चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के केंद्रीय पोलित ब्यूरो ने एक बैठक की। बैठक में कहा गया कि इस साल की शुरूआत से शी चिनफिंग के साथ पार्टी केंद्रीय समिति के मजबूत नेतृत्व में राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में सुधार जारी रहा है, समग्र सुधार सकारात्मक रहा है, उच्च गुणवत्ता वाला विकास ठोस रूप से उन्नत हुआ है, समग्र सामाजिक स्थिति स्थिर बनी हुई है, जिससे वार्षिक आर्थिक और सामाजिक विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए एक ठोस नींव तैयार हुई है। चीन की अर्थव्यवस्था में महान विकास लचीलापन और क्षमता है, और दीर्घकालिक आर्थिक विकास का मूल सिद्धांत नहीं बदला है।

पेज एक के शेष

पीएलएफआई का...

जिकिलता बंदगांव जाने वाला है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए सीआरपीएफ 94 बटालियन, मुरहू थाना के पदाधिकारी तथा सशस्त्र बल के साथ छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल ने मुरहू थाना क्षेत्र के कुदासूद से मुरूद जाने वाली सड़क पर चेकिंग अभियान के दौरान तीन मोटरसाइकिलों पर सवार व्यक्तियों में से एक को खदेड़ कर पकड़ लिया, जबकि अन्य भागने में सफल रहे। पकड़े गए ने अपना नाम निशान हुन्ना पूर्ति (19) ग्राम इंद पीड़ी थाना मुरहू बताया। एसडीपीओ ने बताया कि निशान हुन्ना पूर्ति के खिलाफ पहले भी उग्रवादी हिंसा, आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मुरहू थाने में तीन मामले दर्ज हैं। पुलिस को उसकी काफी समय से तलाश थी। छापेमारी दल में सीआरपीएफ 94 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी मृत्युंजय कुमार, मरहू थाना प्रभारी चूड़ामणि टूडू, सयइको थाना प्रभारी रितेश कुमार, मुरहू थाना के पुलिस अवर निरीक्षक दिगंबर पांडेय, विष्णु कुमार, सुशांत सुंडी,तकनीकी शाखा के अलावा मुरहू थाना के सशस्त्र बल और सीआरपीएफ 94 बटालियन के क्यूएटी के जवान शामिल शामिल थे।

सिर्फ झारखंडियों...

संशोधित नियमावली को इस राज्य में लागू होने दिया और न ही अभी कानून में किए गए बदलाव से आदिवासियों को उनके जंगल से बेदखल करने की केंद्र सरकार के मनसूबे को सफल होने दूंगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत जल्द राज्य सरकार विस्थापन आयोग, एससी एवं एसटी आयोग का भी गठन करने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुखाड़ के मद में राज्य को केंद्र सरकार द्वारा 9000 करोड़ रुपए देना था, लेकिन केंद्र सरकार ने राज्य को मात्र 500 करोड़ों ही दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में 8 लाख वंचित पात्र लाभुकों के लिए पीएम आवास स्वीकृत करने का बार-बार मांग कर रहे हैं। परंतु केंद्र सरकार के कानों पर जूं नहीं रेंग रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब विधानसभा के द्वारा 1932 के खतियान वाली स्थानीयता और पिछड़ों को 27% आरक्षण वाले विधेयक को पारित कराकर हम लोग भेजते हैं तो उसको राज्यपाल के यहां लटका दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे पक्का यकीन है कि संविधान के आर्टिकल 200 के अंतर्गत राज्यपाल के द्वारा संदेश विधानसभा को नहीं भेजना इसी साजिश का हिस्सा है जिससे कि हम लोग यह दोनों विधेयक फिर से विधानसभा से पारित करके राज्यपाल को नहीं भेज पाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेपर लीक न हो हम इसके लिए कानून लाए। गुजरात, उत्तराखंड जैसे राज्यों में जब इस प्रकार का कानून पहले से ही लागू है तो हम इसे छात्र हित में जब लागू कर रहे हैं, तो फिर यहां के विपक्ष को पेट में दर्द क्यों हो रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने राहुल की ...

कोई अन्य कारण नहीं बताया गया है। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि यह केवल दो साल की अधिकतम सजा के कारण है। विद्वान विचार न्यायाधीश द्वारा लगाया गया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 8(3) के प्रावधान लागू हो गए। यदि सजा एक दिन कम होती, तो प्रावधान लागू नहीं होते। विशेष रूप से जब अपराध गैर-समझौता योग्य, जमानती और संज्ञेय था, तो विद्वान ट्रायल न्यायाधीश से कम से कम यह अपेक्षा की जाती थी कि वह अधिकतम सजा देने के लिए कारण बताए। हालांकि विद्वान अपीलीय अदालत और उच्च न्यायालय ने आवेदनों को खारिज करने में काफी पन्ने खर्च किए हैं, लेकिन इन पहलुओं पर विचार नहीं किया गया है।" पीठ ने यह भी कहा कि राहुल गांधी के बयान गुड टेस्ट (अच्छे भाव) में नहीं थे और कहा कि सार्वजनिक जीवन में एक व्यक्ति को सार्वजनिक भाषण देते समय अधिक सावधान रहना चाहिए। धारा 8(3) के व्यापक प्रभाव को ध्यान में रखते हुए न केवल याचिकाकर्ता के अधिकार बल्कि निर्वाचन क्षेत्र में उसे निर्वाचित करने वाले मतदाताओं के अधिकार भी प्रभावित होते हैं और यह तथ्य भी कि ट्रायल कोर्ट द्वारा अधिकतम सजा देने का कोई कारण नहीं बताया गया है। सजा पर पीठ ने कहा कि वह सजा पर रोक लगा रही है। पीठ ने अपील के लंबित होने पर विचार करते हुए मामले के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी करने से परहेज किया।

हर महीने ...

इसके पहले वर्ष 2017 में तत्कालीन रघुवर दास की सरकार के कार्यकाल में विधायकों के वेतन-भत्तों में करीब 33 फीसदी बढ़ोतरी की गई। वर्ष 2001 में झारखंड के विधायकों को वेतन-भत्ते के रूप में महज 19,800 रुपए मिलते थे। अब नई वेतन वृद्धि के बाद 2001 की तुलना में करीब 14 गुना ज्यादा पैसे मिलेंगे। बता दें कि दिल्ली में विधायकों के वेतन-भत्ते 95 हजार हैं। वहां प्रति व्यक्ति आय 4.45 लाख रुपए है और प्रति व्यक्ति लोन 19,571 रुपए है। झारखंड में प्रति व्यक्ति आय 91 हजार रुपए है और प्रति व्यक्ति लोन 30 हजार रुपए है। इस हिसाब से भी देखें तो झारखंड में विधायक दिल्ली ही नहीं, देश के ज्यादातर राज्यों से आगे हैं।

विधानसभा की एक अन्य विशेष समिति ने झारखंड के पूर्व विधानसभा अध्यक्षों की सुविधाओं में इजाफे की सिफारिश की है। इसके अनुसार पूर्व विधानसभा अध्यक्षों को पहले की तुलना में बड़ा आवास (एफ टाइप), एक आप्त सचिव, दो रूटिन क्लर्क, दो अनुसेवक, एक कार चालक और प्रतिमाह 300 लीटर ईंधन देने की अनुशंसा की गई है।

सरकार ने डीएसपी स्तर ...

अगले आदेश तक सचिव ,झारखंड लोक सेवा आयोग रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सिमडेगा सदर के पद पर पदस्थापित अजय कुमार रजक कि सेवा ग्रामीण विकास विभाग रांची से वापस लेते हुए उन्हें अगले आदेश तक परीक्षा नियंत्रक ,झारखंड लोक सेवा अयोग रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

भारतीय भाषाओं के प्रोत्साहन से सशक्त होगा राष्ट्र : शाह

एजेंसी। नई दिल्ली

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारतीय भाषाओं के प्रोत्साहन से देश सशक्त होगा। मोदी सरकार भारतीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार और बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। शाह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में संसदीय राजभाषा समिति की 38वीं बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव के वर्ष में देश के सामने पांच प्रण रखे हैं। जिनमें से दो प्रण हैं- विरासत का सम्मान और गुलामी के चिन्हों को मिटाना है। इन दोनों प्रण के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन के लिए सभी भारतीय



भाषाओं और राजभाषा को अपनी शक्ति दिखानी होगी।

उन्होंने कहा कि विरासत का सम्मान भाषा के सम्मान के बिना अधूरा है और राजभाषा की स्वीकृति तभी आएगी जब हम स्थानीय भाषाओं को सम्मान देंगे। हिन्दी की स्पर्धा स्थानीय भाषाओं से नहीं है, सभी भारतीय भाषाओं को प्रोत्साहन देने से ही राष्ट्र सशक्त होगा। बिना किसी प्रकार के विरोध के राजभाषा की स्वीकृति बनाने की आवश्यकता है।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इनीशिएटिव लेकर इंजीनियरिंग और मेडिकल के पाठ्यक्रमों को 10 भाषाओं में शुरू कर दिया है और जल्द ही ये सभी भारतीय भाषाओं में उपलब्ध होंगे और वह क्षण स्थानीय भाषाओं और राजभाषा के उदय की शुरूआत का क्षण होगा। उन्होंने कहा कि राजभाषा की स्वीकृति कानून या सर्कुलर से नहीं बल्कि सद्भावना, प्रेरणा और प्रयास से आती है। गुलामी के कालखंड के बाद भी भारतीय भाषाएं और उनके शब्द कोष अक्षुण्ण रहे, जो एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। भाषाओं ने हमारे देश को जोड़ने का काम किया है।

शाह ने कहा कि आजादी के बाद से 2014 तक संसदीय राजभाषा समिति के प्रतिवेदन के 09 खंड प्रस्तुत किए गए और 2019 से अब तक तीन खंडों को अनुमोदित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इन खंडों को विषयवार तैयार किया गया है और इस 12वें खंड का मुख्य विषय सरलीकरण है।

NEWS इन ब्रीफ

बॉम्बे हाई कोर्ट के जज ने खुली कोर्ट में दिया इस्तीफा

नागपुर। एक अप्रत्याशित घटनाक्रम में, बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर पीठ के जज जस्टिस रोहित बी. देव ने शुक्रवार दोपहर खुली अदालत में अपना इस्तीफा दे दिया।अपने फैसले की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि वह अपने आत्मसम्मान के खिलाफ काम नहीं कर सकते।वो जस्टिस एम. डब्ल्यू. चंदवानी के साथ एक खंडपीठ का नेतृत्व कर रहे थे। उन्होंने वकीलों से माफी मांगी। जस्टिस देव ने कहा, मैंने आपको डांटा क्योंकि मैं चाहता था कि आप सुधर जाएं...आप लोग कड़ी मेहनत करो। उन्होंने कहा कि उनका इरादा कभी भी किसी को चोट पहुंचाने का नहीं था क्योंकि सभी उनके लिए एक परिवार की तरह थे और मैं अपने आत्मसम्मान के खिलाफ काम नहीं कर सकता।

सुप्रीम कोर्ट ने प्रीति चंद्रा को मिली जमानत में हस्तक्षेप से किया इंकार

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को धन शोधन मामले में यूनीटेक प्रवर्तक संजय चंद्रा की पत्नी प्रीति चंद्रा को उच्च न्यायालय के जमानत मिलने संबंधी आदेश में हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने ध्यान दिलाया की प्रीति चंद्रा 620 अधिक दिनों से हिरासत में है। इस पीठ में न्यायाधीश जे बी पदीर्वाला और मनोज मिश्र भी शामिल थे। पीठ ने कहा," विवेकाधीन शक्ति के तहत, उच्च न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि प्रतिवादी को जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए।

टेरर फंडिंग मामला

यासीन मलिक को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए पेश होने की मिली इजाजत

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को निर्देश दिया कि आतंकवाद के वित्त-पोषण के एक मामले में, यासीन मलिक के लिए मौत की सजा की मांग करने वाली राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की याचिका पर सुनवाई के संबंध में अलगाववादी नेता को जेल से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए उसके समक्ष पेश किया जाए। सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए जेल अधीक्षक की ओर से दायर किए गए एक आवेदन को स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि आतंकवाद के वित्त-पोषण के मामले में जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के प्रमुख को व्यक्तिगत रूप से पेश करने की आवश्यकता नहीं है।

15 से पहले 3 और वंदेभारत ट्रेनों को चलाने का प्लान

एजेंसी। नई दिल्ली

वंदेभारत एक्सप्रेस का सफर लोगों को खूब पंसद आ रहा हैं। इसकारण ज्यादातर वंदेभारत में आक्यूपेंसी रेट अच्छा खासा है। मंत्रालय यात्रियों की संख्या को देखकर वंदेभारत की ट्रेनों की संख्या लगातार बढ़ाता जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार 15 अगस्त से पहले तीन और नई वंदेभारत ट्रेनों का संचालन शुरू होने की संभावना है। मौजूदा समय देशभर के विभिन्न राज्यों में 23 वंदेभारत ट्रेनों का संचालन हो रहा है। इसके अलावा दो ट्रेनों को रिजर्व में रखा गया है, जिससे किसी भी वंदेभारत में खराबी आने पर रिजर्व में रखी दोनों ट्रेनों को चलाया जा सके, इस तरह संचालन बाधित न हो। इस ट्रेनों के अलावा तीन वंदेभारत एक्सप्रेस और चलाने की तैयारी की जा रही है। रेलवे मंत्रालय के अनुसार 15 अगस्त से पहले इन तीनों ट्रेनों का संचालन शुरू किया जा सकता है। इसमें एक वंदेभारत को बेंगलुरू से हैदराबाद और दूसरी को पटना से हावड़ा के बीच चलाया जा सकता है। तीसरी का रूट भी जल्द फाइलन होगा। इस तरह 15 अगस्त से पहले 52 वंदेभारत की सर्विस शुरू होगी। देश की पहली वंदे भारत ट्रेन सबसे नई दिल्ली से भगवान शिव की नगरी काशी के बीच चली।

उत्तराखंड के गौरीकुंड में भूस्खलन से तीन लोगों की मौत, 16 लापता

एजेंसी। रुद्रप्रयाग/गौरीकुंड

केदारनाथ यात्रा के मुख्य पड़ाव गौरीकुंड में भूस्खलन होने से 19 लोग लापता हो गए। इनमें से तीन लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि 16 लोग अभी भी लापता चल रहे हैं। बताया जा रहा है कि कुछ लोग मंदाकिनी नदी के तेज बहाव में बह गए हैं, जिनकी खोज को लेकर मंदाकिनी से लेकर अलकनंदा नदी में सर्च अभियान जारी है। गौरीकुंड में डाटपुलिया के समीप गुरुवार रात्रि लगभग 12 बजे के आस-पास भूस्खलन हो गया था। भूस्खलन के कारण सोनप्रयाग-गौरीकुंड राजमार्ग किनारे स्थित तीन दुकानें मंदाकिनी नदी में समा गई। जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय इन दुकानों में लगभग 19 लोग मौजूद थे। रात के समय तेज बारिश होने के कारण रेस्क्यू अभियान चलाने में काफी दिक्कतें आई। सुबह के समय रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। इस दौरान तीन लोगों के शवों को खाई से निकाला गया। बाकी 16 लोगों की खोजबीन जारी है। घटना में लापता 14 लोग नेपाली मूल के हैं, जबकि दो लोग उत्तर प्रदेश और तीन लोग स्थानीय निवासी बताए गए हैं। लापता चल रहे लोगों में कुछ बच्चे और युवा भी शामिल हैं। ये सभी लोग गौरीकुंड में दुकान और ढाबा का संचालन करके रोजगार करते थे। जनपद के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि गौरीकुंड से श्रीनगर तक लापता लोगों की खोजबीन को लेकर मंदाकिनी व अलकनंदा नदी में सर्च अभियान चलाने के निर्देश दिये गये हैं। दोपहर के समय डीएम डॉ सौरभ गहरवार और एसपी डॉ बिशाखा भदाणे भी घटना स्थल पर पहुंचे। मौसम खराब होने और जगह-जगह हाईवे पर बोल्डर आने के बाद केदारनाथ के दर्शन करने के बाद गौरीकुंड आये यात्रियों को अग्रिम आदेश तक सुरक्षित रोक दिया गया।

कोर्ट ने 1984 दंगा मामले में टाइटलर को अग्रिम जमानत दी

नई दिल्ली। 1984 सिख विरोधी दंगा मामले में जगदीश टाइटलर को शुक्रवार को अग्रिम जमानत मिल गई है। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान पुल बंगश इलाके में हुई हत्याओं के मामले में कांग्रेस नेता टाइटलर को अग्रिम जमानत दे दी। जमानत देने के साथ अदालत ने टाइटलर को सबूतों के साथ छेड़छाड़ नहीं करने या उसकी अनुमति के बिना देश नहीं छोड़ने का भी निर्देश दिया। कार्यवाही के दौरान एक महिला, जो कि खुद को पीड़ित होने का दावा किया। महिला ने अदालत को बताया कि 39 साल हो गए हैं और उन्हें अभी तक न्याय नहीं मिला है, और न्यायाधीश के सामने रो पड़ी।

संस्कृति मंत्रालय सेंट्रल विस्टा पर आयोजित करेगा जनजातीय सांस्कृतिक कार्यक्रम

एजेंसी। नई दिल्ली

आदिवासी समुदाय के उत्थान और सशक्तिकरण के उद्देश्य से आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत संस्कृति मंत्रालय शनिवार को सेंट्रल विस्टा पर जनजातीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करेगा। इंडिया गेट पर आयोजित होने वाले मनोरम जनजातीय सांस्कृतिक संध्या को जनजातीय विकास समर्थन कर रही है। जनजातीय विकास संपूर्ण आदिवासी समुदाय के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए अपनी तरह का पहला 360-डिग्री अभियान है। इस भव्य समारोह में आदिवासी संगीत, नृत्य और फैशन शो का मिश्रण होगा। फैशन शो में आदिवासी

पोशाकों का प्रदर्शन किया जाएगा। 'जनजातीय विकास' पहल के माध्यम से, यह आदिवासी समुदायों की अनकही संघर्ष कहानियों को उजागर करने, युवाओं को भारत को सांस्कृतिक रूप से समृद्ध देश बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में शिक्षित करने और संलग्न करने की योजना बना रहा है। संस्कृति राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि आदिवासी समुदाय हमारे समाज में एक अभिन्न भूमिका निभाता है, इसलिए भारत के प्रत्येक नागरिक को भारत की गौरवशाली आदिवासी विरासत और संस्कृति को अपनाने के लिए आगे आना चाहिए। जी मीडिया के जनजातीय विकास पहल सराहनीय है।

ज्ञानवापी मस्जिद के एएसआई सर्वेक्षण पर एससी की मुहर

आरएनएम। नई दिल्ली

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने शुक्रवार को वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वेक्षण करने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को रोकने से इनकार कर दिया। एएसआई की ओर से दिए गए इस अंडरटेकिंग को रिकॉर्ड पर लेते हुए कि साइट पर कोई खुदाई नहीं की जाएगी और संरचना को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा, अदालत ने सर्वेक्षण करने की अनुमति दी। तदनुसार, न्यायालय ने अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी (जो वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करती है) द्वारा कल के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका का निपटारा कर दिया, जिसने एएसआई सर्वेक्षण की अनुमति दी थी। केन्द्र सरकार के वकील सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता द्वारा एएसआई की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि संपूर्ण सर्वेक्षण, स्थल पर किसी भी खुदाई के बिना और संरचना को कोई नुकसान पहुंचाए बिना पूरा किया जाएगा।

पीठ ने आदेश में कहा, सीपीसी के आदेश 26 नियम 10ए के तहत पारित विद्वान ट्रायल जज के आदेश को इस स्तर पर प्रथम दृष्टया क्षेत्राधिकार के बिना नहीं कहा जा सकता है। पीठ ने कहा कि वैज्ञानिक आयोग का साक्ष्य मूल्य मुकदमे में परीक्षण के लिए खुला है और जिरह सहित आपत्तियों के लिए खुला है। इसलिए, आयुक्त की एक रिपोर्ट, अपने आप में, विवाद ग्रस्त मामलों का निर्धारण नहीं करती है।पीठ ने कहा, अदालत द्वारा नियुक्त आयुक्तों की प्रकृति और दायरे को ध्यान में रखते हुए, हम हाईकोर्ट के दृष्टिकोण से अलग होने में असमर्थ हैं, खासकर अनुच्छेद 136 के तहत अधिकार क्षेत्र में। एएसआई की अंडरटेकिंग के अलावा, न्यायालय ने निर्देश दिया कि एएसआई सर्वेक्षण गैर-आक्रामक प्रक्रियाओं के माध्यम से किया जाना चाहिए। एएसआई द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट ट्रायल कोर्ट को भेजी जाएगी और उसके बाद जिला न्यायाधीश द्वारा पारित किए गए निदेर्शों का पालन किया जाएगा। पीठ मस्जिद समिति द्वारा दायर दो विशेष अनुमति याचिकाओं (एसएलपी) पर विचार कर रही थी-पहली हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ दायर की गई थी, जिसमें सीपीसी के आदेश 11 नियम 11 के तहत दायर उनकी याचिका, को खारिज कर दिया गया था। दूसरी, एएसआई को संरचना के सर्वेक्षण की अनुमति देने वाले आदेश के खिलाफ याचिका दायर की गई।आदेश 7 नियम 11 मुद्दे के संबंध में पहली एसएलपी पर, पीठ ने हिंदू वादी को नोटिस जारी किया और मामले को बाद की तारीख पर सुनवाई के लिए पोस्ट किया। एएसआई के उपक्रम को दर्ज करते हुए, दूसरे एसएलपी का निपटान ऊपर उल्लिखित निदेर्शों के अनुसार किया गया था।

पहल

सशस्त्र बलों की मजबूती के लिए विधेयक लोकसभा में पारित

बिल तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण के लिए अहम

भविष्य की चुनौतियों का एकजुट और एकीकृत तरीके से मुकाबला कर सकेंगे सशस्त्र बल

एजेंसी। नई दिल्ली

अंतर-सेवा संगठन (कमांड, नियंत्रण और अनुशासन) विधेयक-2023 लोकसभा में शुक्रवार को पारित हो गया। लोकसभा में विधेयक पेश करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सैन्य सुधारों की दिशा में यह विधेयक एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। इसमें कोई अतिरिक्त वित्तीय प्रभाव सम्मिलित नहीं है। यह बिल दो महत्वपूर्ण मकसदों को एक साथ पूरा करता है। यह हमारे सशस्त्र बलों के तीनों अंगों के बीच एकीकरण तथा संयुक्तता की दिशा में बढ़ाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों का एकजुट और एकीकृत तरीके से मुकाबला कर सकेंगे। लोकसभा में राजनाथ सिंह ने कहा कि यह बिल एक ऐसा

वातावरण बनाने में भी मदद करेगा, जो हमारे अंतर सेवा संगठन में अनुशासन को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि यह बिल मौजूदा सेवा अधिनियमों में किसी भी बदलाव का प्रस्ताव नहीं करता है। यह बिल केंद्र सरकार को अंतर-सेवा संगठनों के गठन की घोषणा करने की भी शक्ति प्रदान करना प्रस्तावित करता है। 'स्टैंडिंग कमेटी ऑन डिफेंस' 2022-23 ने इस बिल में बिना किसी संशोधन के मंजूरी दे दी है। इसमें कोई अतिरिक्त वित्तीय प्रभाव सम्मिलित नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी अंतर-सेवा संगठनों के प्रमुखों के लिए संगठनों में अनुशासन बनाए रखना और उनकी प्रतिबद्धता के लिए एक सक्षम अधिनियम बनाने की आवश्यकता महसूस की गई। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के कर्मी अपने संबंधित अधिनियम यानी सेना अधिनियम 1950, नौसेना अधिनियम 1957 और वायु सेना अधिनियम 1950 और उनके अंतर्गत बनाए गए नियम और कानून के अनुसार शासन करते हैं। अनुशासन सेना की आत्मा है। यह उनके चरित्र और संकल्प को मजबूत करता है। यह आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के साथ-साथ एक इकाई या प्रतिष्ठान के सैनिकों को एकजुट करने में भी मदद मिलती है।

देश को भ्रमित करने का काम कर रहा है विपक्ष : ठाकुर

केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली विधेयक पर विपक्षी दल अपना रुख सामने नहीं रख सके। साफ है कि अब तक विपक्ष ने देश की जनता को भ्रमित करने का काम किया है। विपक्ष के सुरताल अलग होने के कारण संसद के 15 दिन बर्बाद हुए हैं। दिल्ली विधेयक पर एकजुट होकर संसद में आए लेकिन मणिपुर पर चर्चा करने में विपक्ष को रुचि नहीं है। शुक्रवार को संसद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि विपक्ष ने संसद का समय बर्बाद किया है। देश का पैसा बर्बाद किया है। पहले दिन से तय था कि मणिपुर पर चर्चा होगी। इसके बावजूद विपक्ष क्यों भाग रहा है? ऐसा इसलिए है, क्योंकि विपक्ष के पास कोई तर्क या तथ्य नहीं है।

FILMY हलचल

सैयामी खेर ने शेयर किया बॉलीवुड में अपना चौंकाने वाला अनुभव

फिल्म मिर्जिया से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस सैयामी खेर इस

समय अपनी फिल्म घूमर को लेकर सुर्खियों में हैं। वह हाल ही में फिल्म घूमर के मौके पर एक इंटरव्यू में शामिल हुईं और बॉलीवुड के कई चौंकाने वाले अनुभवों के बारे में खुलासा किया है। बॉलीवुड में नवोदित कलाकार हर चीज का सामना कैसे करते हैं, इस बारे में मीडिया से बात करते हुए सैयामी खेर ने कहा, मेरे करियर की शुरूआत में मुझे बॉलीवुड में कई लोगों ने सलाह दी थी। अपने होठों और नाक की सर्जरी करवाएं...कुछ लोग कहेंगे। किसी भी 18 साल की लड़की को ऐसी सलाह देना बिल्कुल गलत है। तब मुझे सब कुछ बहुत चौंकाने वाला लगा। ऐसा लगा जैसे जीवन के एक नए खेल में भाग ले रहा हूं। सैयामी ने कहा, मुझे बॉलीवुड या यहां के लोगों के इन मानदंडों से कभी परेशानी नहीं हुई, लेकिन मुझे उम्मीद है कि एक दिन फिल्म इंडस्ट्री से ये सारे नियम खत्म हो जाएंगे।

फरदीन खान और नताशा होंगे अलग

बॉलीवुड एक्टर फरदीन खान और उनकी पत्नी नताशा माधवानी में तलाक होने वाला है। फरदीन और नताशा एक साल से ज्यादा समय से अलग रह रहे हैं। एक इंटरव्यू में फरदीन ने कहा था, हम एक परिवार बनाने के लिए बहुत उत्सुक थे, नताशा और मैं, हमारे सामने बच्चे पैदा करने की चुनौतियां थीं इसलिए हमें आईवीएफ मार्ग अपनाना पड़ा। यहाँ मुंबई में डॉक्टरों के साथ हमारा अनुभव बुरा था और नताशा को वास्तव में कष्ट सहना पड़ा, यह शरीर और आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत कठिन है। उन्होंने यह भी कहा था, 2011 में, हम लंदन चले गए, हमें वहां एक बहुत अच्छा डॉक्टर मिला।

नेहा धूपिया की पहल 'फ्रीडम टू फीड' का हिस्सा बनेंगी बिपाशा, सोहा और दीया

स्तनपान विरोधी सोच से लड़ने के लिए एक्ट्रेस नेहा धूपिया, जो एक मां भी हैं, ने प्रेरक पहल 'फ्रीडम टू फीड' शुरू की है। उनकी इस पहल से एक्ट्रेसेस और मां बिपाशा बसु, सोहा अली खान और दीया मिर्जा भी जुड़ेंगी। नेहा ने कहा, "दो अद्भुत बच्चों गुरीक और मेहर की मां के रूप में मैंने व्यक्तिगत रूप से स्तनपान की चुनौतियों और खुशियों का अनुभव किया है। यह एक अविश्वसनीय रूप से सशक्त यात्रा है, लेकिन यह जानना भी

आवश्यक है कि प्रत्येक मां की यात्रा अद्वितीय है और बिना किसी आलोचना या शर्म के इसे सेलिब्रेट किया जाना चाहिए।" उन्होंने आगे कहा, "अपनी पहल 'फ्रीडम टू फीड' के माध्यम से मेरा लक्ष्य मातृत्व के इस महत्वपूर्ण पहलू पर प्रकाश डालना और उन बाधाओं को तोड़ना है जो माताओं को इस नैसर्गिक प्रक्रिया को खुले तौर पर अपनाने से रोकती हैं। यह उद्देश?य अविश्वसनीय रूप से मेरे दिल के करीब है, और मैं शिक्षित करने, मिथकों को दूर करने और सभी माताओं के लिए अधिक सहायक और समावेशी वातावरण को बढ़ावा देने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं।"